महानगर नई दिल्ली मंगलवार 10 मार्च, 2020, रु. 5.00 (12 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com facebook.com/jansatta twitter.com/jansatta

# लखनऊ के जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त को आरोपियों के पोस्टर हटाने का निर्देश

प्रयागराज, 9 मार्च (भाषा)।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले साल दिसंबर में सीएए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान निजी और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपियों के पोस्टर लखनऊ की सड़कों से हटाने का निर्देश वहां के जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को दिया।

मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर और न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा के खंडपीठ ने सोमवार को कहा– हमें इस बात में कोई संदेह नहीं कि राज्य सरकार की कार्रवाई, जोकि इस जनहित याचिका का विषय है, और कुछ नहीं बल्कि लोगों की निजता में अवांछित हस्तक्षेप है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन है। इसलिए, लखनऊ के जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को सड़कों के किनारे लगे इन पोस्टरों को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया जाता है। राज्य सरकार को बिना कानून के लोगों के निजी विवरण वाले इस तरह के बैनर सड़क किनारे नहीं लगाने का निर्देश दिया जाता है। इस निर्देश के संतोषजनक अनुपालन की एक रिपोर्ट लखनऊ के जिलाधिकारी द्वारा इस अदालत के रजिस्ट्रार जनरल को 16 मार्च से पहले सौंपना जरूरी है। इस अनुपालन रिपोर्ट के प्राप्त होने पर इस याचिका को निस्तारित हुआ माना जाएगा।

सीएए का विरोध करने और निजी व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोपियों के पोस्टर चस्पां करने की राज्य सरकार की कार्रवाई से जुड़े मामले में इस पीठ ने रविवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। रविवार को राज्य सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने दलील दी बाकी पेज 8 पर

**होली की शुभकामनाएं**

होली के अवसर पर मंगलवार को अवकाश रहेगा। आपसे अगली मुलाकात अब गुरुवार को। –सं

मध्य प्रदेश का सियासी **संकट**

28 में से 20 मंत्री पहुंचे थे मंत्रिमंडल की बैठक में | कमलनाथ ने बुलाई थी देर रात बैठक

# कैबिनेट बैठक में पहुंचे सभी मंत्रियों के इस्तीफे

एजंसी/जनसत्ता ब्यूरो
भोपाल/नई दिल्ली, 9 मार्च।

मध्य प्रदेश में कैबिनेट की बैठक में मौजूद राज्य के सभी मंत्रियों ने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री कमलनाथ को सोमवार की रात सौंप दिया। यह जानकारी मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ने दी है। सूत्रों के मुताबिक इस्तीफा देने वाले मंत्रियों की संख्या 20 है।

मध्य प्रदेश की राजनीति में चल रहे सियासी उथल-पुथल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित उनके 27 समार्थक विधायकों के मोबाइल फोन अचानक बंद होने की खबरों बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार रात 10 बजे मुख्यमंत्री निवास पर अचानक कैबिनेट की यह बैठक बुलाई थी। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में कुल 28 में से 20 मंत्री पहुंचे थे। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री ने बताया, 'कैबिनेट की बैठक में हम सभी ने बाकी पेज 8 पर

*प्रदेश की* जनता का विश्वास और उनका प्रेम मेरी सबसे बड़ी शक्ति है।



जनता की जनता के द्वारा बनाई गई सरकार को किसी भी कीमत पर अस्थिर करने वाली ताकतों को सफल नहीं होने दूंगा। *–कमलनाथ*

*सिंधिया* को मनाने के लिए राज्यसभा भेजने और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने के फार्मूले पर विचार।
*ज्योतिरादित्य* समर्थक 17 विधायकों के बंगलुरु पहुंचने से संकट गहराया

## राहुल की सोनिया से मुलाकात

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।



मध्य प्रदेश के ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार रात सोनिया गांधी से मुलाकात की।

इस बीच, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गृह मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह से मुलाकात की।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साधी चुप्पी

नई दिल्ली/भोपाल, 9 मार्च (भाषा)।

मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार के एक बार फिर से संकट में घिरने की अटकलों के बीच ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जहां चुप्पी साध ली है, वहीं उनके समर्थक मंत्रियों और विधायकों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए हैं।



सूत्रों का कहना है कि सिंधिया ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध ली है और उनसे संपर्क भी नहीं हो पा रहा है। एक सूत्र ने बताया कि सिंधिया शाम के समय दक्षिणी दिल्ली के अपने आवास से निकलकर कहीं गए थे और कुछ समय बाद लौट भी आए।

चर्चा यह भी है कि सिंधिया राज्यसभा की सदस्यता और खुद को मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त करने पर जोर दे रहे हैं। ऐसे में इस पूरे घटनाक्रम को पार्टी आलाकमान पर दबाव बाकी पेज 8 पर

## कोरोना संक्रमितों को अलग रखने के लिए

# देश में 5400 बिस्तरों का इंतजाम करेंगे सशस्त्र बल

*पंजाब*, दिल्ली, यूपी, जम्मू-कश्मीर व केरल में एक-एक नया मामला। *भारत* में संक्रमित लोगों की संख्या 44 पहुंची।

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 मार्च।

केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) को कोरोना विषाणु के मामलों को देखते हुए देश भर में 5,400 से अधिक लोगों को पृथक रखने के लिए सुविधाएं तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, संक्रमण के सोमवार को चार नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 44 पहुंच गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और केरल से एक-एक नया मामला सामने आया है। दिल्ली में संक्रमित लोगों की कुल संख्या तीन हो चुकी है। पुणे में दो लोगों के सोमवार शाम को कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इन बलों को 37 स्थानों पर कुल 5,440 बिस्तरों वाले केंद्र तैयार करने को कहा है। इन बलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड आते हैं। विषाणु के बड़े पैमाने पर बाकी पेज 8 पर



## सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : हर्षवर्धन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 मार्च।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने कोरोना विषाणु के संक्रमण को रोकने के बारे में सभी प्रकार की तैयारियों को लेकर सोमवार को देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार ने किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव उपाय किए हैं।



मंत्री ने कहा कि हम कोरोना विषाणु की रोकथाम के लिए सभी राज्यों को व्यापक दिशा-निर्देश भेज रहे हैं और राज्य सरकारों से कहा गया है कि वे कोरोना विषाणु से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रयोगशालाओं और निगरानी तंत्र को मजबूत कर बाकी पेज 8 पर

## शेयर बाजार धड़ाम : लगी 7 लाख करोड़ की चपत

मुंबई, 9 मार्च (भाषा)।

दुनिया में लगातार फैल रहे कोरोना वायरस का आर्थिक गतिविधियों पर असर गहराने से शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट आई। बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 1,941 अंक जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 538 अंक तक लुढ़क गया। बाजार में इस गिरावट से निवेशकों को 7 लाख करोड़ रुपए की चपत लगी है।

घरेलू बाजार में अंक के हिसाब से यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। दिन में कारोबार के दौरान सूचकांक और निफ्टी क्रम से 2,467 और 695 अंक नीचे आ गए थे। तीस शेयरों वाला सूचकांक अंत में पिछले बंद से 1,941.67 अंक की गिरावट के बाकी पेज 8 पर

# दिल्ली हिंसा में ताहिर हुसैन के भाई सहित तीन गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 मार्च।

दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के निलंबित निगम पार्षद और दिल्ली दंगे के दौरान आइबी कर्मी की हत्या के आरोपी ताहिर हुसैन के भाई शाह आलम को सोमवार की सुबह पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। देर रात उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि पूछताछ चल रही है, जिसके बाद ही पता चलेगा कि दंगे में उसकी कितनी भूमिका रही। आलम की तलाश दिल्ली पुलिस एसआइटी को पहले से ही थी। आलम के अलावा दिल्ली पुलिस ने दो अन्य संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया है।

दिल्ली पुलिस ने दंगे के दौरान हिंसा भड़काने और षड्यंत्र रचने के आरोप में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के एक संदिग्ध को भी गिरफ्तार किया है। संदिग्ध की पहचान मोहम्मद दानिश के तौर पर की गई है। साथ ही अपराध शाखा की विशेष जांच टीम (एसआइटी) ने भी एक संदिग्ध को सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान लोकेश कुमार सोलंकी के तौर पर हुई है। फिलहाल पुलिस दोनों संदिग्धों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के बाकी पेज 8 पर

## ट्विटर ने ट्रंप के रीट्वीट किए गए वीडियो को फर्जी बताया

वाशिंगटन, 9 मार्च (एएफपी)।

ट्विटर ने फर्जी वीडियो की पहचान करने वाली नीति का पहली बार प्रयोग करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ट्वीट किए गए एक वीडियो की इस श्रेणी में पहचान की है।



इस वीडियो में विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडेन ट्रंप के फिर से चुने जाने का समर्थन करते से नजर आ रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अतीत में इस तरह के फर्जी बाकी पेज 8 पर

# शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 मार्च।

जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के रेबान इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया।

अभियान के दौरान आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर हो गए और बाकी पेज 8 पर

## कश्मीर के औचक दौरे पर पहुंचे जयशंकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 मार्च।

विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को औचक दौरे पर कश्मीर पहुंचे और ईरान में फंसे लोगों व छात्रों के परिजन से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री सेना के एक वरिष्ठ कमांडर से घाटी में सुरक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली।

**येस बैंक :** सीबीआइ का सात के खिलाफ लुकआउट नोटिस | कपूर परिवार के सात ठिकानों पर छापे | प्रवर्तन निदेशालय ने भी की पूछताछ

# कपूर की पत्नी और तीन बेटियों पर रिश्वत का मामला

जनसत्ता ब्यूरो/एजंसी
नई दिल्ली 9 मार्च।

सीबीआइ ने सोमवार को येस बैंक के संस्थापक राणा कपूर की पत्नी और तीन पुत्रियों के खिलाफ रिश्वत लेने के आरोपों के तहत मामला दर्ज कर दिया।

साथ ही उनके परिवार को कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में मुंबई में सात स्थानों पर छापेमारी भी की। एजंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। साथ ही सीबीआइ ने उनके परिवार के सदस्यों समेत बाकी पेज 8 पर

## भेदिया कारोबार को लेकर जांच के घेरे में

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

येस बैंक के पूर्व प्रवर्तक राणा कपूर और उनके परिवार से जुड़े कई लोग बैंक के शेयरों में भेदिया कारोबार को लेकर जांच के घेरे में हैं। इसके साथ ही उन लोगों तक भी इस जांच की बाकी पेज 8 पर



राणा कपूर

## शेयर में 30 फीसद से अधिक की तेजी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 9 मार्च।

येस बैंक के शेयरों में सोमवार को 30 फीसद से अधिक तेजी देखने को मिली। नकदी संकट से जूझ रहे इस बैंक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने 2,450 करोड़ रुपये में 49 फीसद हिस्सेदारी लेने की बात कही है, जिसके बाद यह तेजी आई।

येस बैंक के शेयर बीएसई में 29.63 फीसद की तेजी के साथ 21 रुपये के भाव पर थे। एनएसई में बैंक के शेयर 32.20 फीसद की उछाल के साथ 21.35 पर आ गए।

एसबीआइ ने शनिवार को कहा था कि वह 2,450 करोड़ रुपए में येस बैंक बाकी पेज 8 पर

11 लाख बैरल प्रतिदिन मांग में कमी की आशंका | **आइईए रिपोर्ट** | यह एक दशक से अधिक समय में पहली वार्षिक गिरावट होगी

# कोरोना के फैलाव से कच्चे तेल की खपत में आएगी गिरावट

*90 हजार* बैरल प्रतिदिन कम हो सकता है कच्चे तेल का उत्पादन। *42 लाख* बैरल दैनिक कम हो गया फरवरी में कच्चे तेल का उपभोग।

पेरिस, 9 मार्च (एएफपी)।

कोरोना विषाणु के कारण आर्थिक गतिविधियों के अस्त-व्यस्त होने से कच्चे तेल के वार्षिक वैश्विक उपभोग में गिरावट आने का अनुमान है। यह एक दशक से भी अधिक समय में पहली वार्षिक गिरावट होगी।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी (आइईए) की सोमवार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य स्थिति में कच्चे तेल की वर्तमान मांग में औसतन 11 लाख बैरल की दैनिक कमी आने का अनुमान है। इससे कच्चे तेल के उत्पादन में भी दैनिक 90,000 बैरल की कमी हो सकती है। एजंसी का यह अनुमान इस मान्यता पर है कि चीन कोराना विषाणु के प्रसार पर इस माह अंकुश लगा लेगा जबकि दूसरी जगहों पर संक्रमण को सीमित करने के उपायों का तेल की मांग पर असर कम होगा। रिपोर्ट के अनुसार फरवरी में कच्चे तेल का उपभोग पिछले साल के मुकाबले 42 लाख बैरल प्रतिदिन कम हो गया। इसमें 36 लाख बैरल प्रतिदिन की मांग सिर्फ चीन में कम हुई है। हालांकि आइईए ने किसी विशेष माह में उपभोग के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं।

आइईए के प्रमुख फातिह बिरोल ने कहा कि कोरोना विषाणु से कोयला, गैस और नवीनकरणीय ऊर्जा से जुड़े व्यापक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन कच्चे तेल के बाजार पर प्रभाव ज्यादा गंभीर है क्योंकि इससे लोगों और माल की आवाजाही रुक रही है। उन्होंने कहा कि चीन के संदर्भ में तो यह एकदम सच है। चीन तेल और गैस का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। पिछले साल वैश्विक कच्चे तेल की मांग की वृद्धि में 80 फीसद योगदान चीन का था।

## सऊदी अरब की घोषणा के बाद कच्चे तेल की कीमतें गिरीं

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

विदेश में कमजोर रुख के कारण वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को करीब 30 फीसद की भारी गिरावट हुई और भाव 2,216 रुपए प्रति बैरल पर आ गए। तेल उत्पादक देशों के बीच उत्पादन को लेकर सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रमुख तेल निर्यातक सऊदी अरब ने कीमतों में भारी कटौती का एलान किया, जिसके कारण वायदा बाजार में ब्रेंट क्रूड लगभग 30 फीसद गिर गया।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मार्च डिलीवरी के लिए कच्चे तेल की कीमत 943 रुपए या 29.85 फीसद घटकर 2,216 रुपए प्रति बैरल रह गई। इस दौरान 33,703 लॉट के लिए सौदे हुए। इसी तरह अप्रैल डिलीवरी के लिए कच्चा तेल 899 रुपए या 28.03 फीसद की गिरावट के साथ 2,308 रुपए प्रति बैरल के भाव पर आ गया। इसमें 3,711 लॉट के लिए सौदे हुए। सऊदी अरब ने सोमवार को अप्रैल डिलीवरी के लिए कच्चे तेल की कीमतों में भारी कटौती का एलान किया। तेल कीमतों में एशिया के लिए 4-6 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिका के लिए सात डॉलर प्रति बैरल की कटौती की गई है। खबरों के मुताबिक सऊदी अरब ने अप्रैल में अपने कच्चे तेल के उत्पादन को बढ़ाने की योजना बनाई है।

www.readwhere.com

# दंगा प्रभावित इलाकों में कड़ी सुरक्षा के बीच मनेगी होली

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

- बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई
- इलाकों में ड्रोन से भी रखी जा रही नजर, कई जगह लगाए गए बैरिकेट्स

उत्तर पूर्वी दिल्ली के हिंसा प्रभावित इलाकों में इस बार की होली कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी। चांद बाग, शिव विहार, नूर-ए-इलाही, करावल नगर, सोनिया विहार, भजनपुरा, सीलमपुर के अलावा खजूरी खास इलाकों में सोमवार को होलिका पूजन और दहन वाली जगहों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखने को मिली। दिल्ली पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल के जवानों को इलाकों में तैनात किया गया है। पुलिस ड्रोन से भी इलाकों में नजर बनाए रखे हुए थी। सुरक्षा बलों को जाफराबाद, ब्रह्मपुरी, खजूरी खास, चांद बाग, गोकुलपुरी, शिव विहार, सोनिया विहार, बाबरपुर, यमुना विहार और कर्दमपुरी इलाके में ज्यादा सतर्क रहने की लिए कहा गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिले में धारा 144 पहले से लागू है। पुलिस मोटरसाइकिल से छोटी-छोटी गलियों में भी गश्त कर हर गतिविधियों पर नजर रख रही है। साथ ही जिला पुलिस के अधिकारी स्थानीय लोगों के साथ बैठकें कर इलाके में शांति बहाली की अपील कर रहे हैं। कुछ इलाकों में दुकानों पर होली के रंग और गुलाल बिकते भी नजर आए। पर स्थानीय लोगों को डर है कि कहीं होली के दिन कोई अप्रिय घटना ना घट जाए। इस कारण लोग अपने घरों में ही होली मनाने का निर्णय ले रहे हैं।

पिछले कई दिनों तक घोंडा चौक पर कर्फ्यू जैसा माहौल देखने को मिला था। बाद में यहां स्थानीय पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई। सोमवार दोपहर घोंडा चौक पर सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं होलिका पूजन करने पहुंचीं। बच्चे भी एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए। इलाके में दुकानें भी खुली थीं। स्थानीय निवासी मोहन सिंह ने बताया कि लोग यहां पूरे उत्साह के साथ होली मना रहे हैं, लेकिन हिंसा से लोगों के दिलों में थोड़ी उदासी है।

शिव विहार में उपद्रवियों ने करीब 300 से अधिक दुकानों व मकानों में आगजनी की थी। इसके अलावा यहां कई हत्याएं भी हुईं। सोमवार दोपहर को यहां दूर-दूर तक रंग, गुलाल व पिचकारी वाली कोई दुकान खुली नहीं दिखी। तिराहे पर पुलिस के साथ अर्द्धसैनिक बल के जवान तैनात थे। वहीं, करावल नगर रोड पर दो दुकानें खुली थीं। यहां भी दुकानदार खाली बैठे थे। दुकानदार मनीष का कहना है कि होली से पूर्व ही यहां लोगों की भीड़ लगने लग जाती थी, लेकिन हिंसा की वजह से माहौल शांत है।

शेरपुर चौक में भी दुकानें खुली मिलीं। लोग दुकानों से खरीदारी भी कर रहे थे। स्थानीय निवासी सुभाष ने बताया कि पहले के मुकाबले इस साल भीड़ थोड़ी कम है। दंगे के बाद से अधिकांश लोग अभी घर नहीं लौटे हैं। चांद बाग में उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया था। यहां पर आइबी के कांस्टेबल अंकित शर्मा की भी हत्या हुई थी। मुख्य सड़क पर दो-तीन दुकानें खुली थीं और यहां लोगों की भीड़ भी कम थी। स्थानीय निवासी राम जीवन शर्मा ने बताया कि लोग अपने घरों में होली की तैयारियां कर रहे हैं। हर साल की तरह इस बार वह बाहर निकलकर होली मनाने से परहेज कर रहे हैं। लोगों के दिल में डर है कि होली पर माहौल खराब हो सकता है।

## जनस्वास्थ्य संस्थानों को आपसी तालमेल के साथ काम करने की जरूरत : हर्षवर्धन

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि देश में जनस्वास्थ्य संस्थानों को आपसी तालमेल से काम करने की जरूरत है। ताकि जनस्वास्थ्य की बेहतरी के साथ मातृत्व मृत्यु दर को शून्य तक लाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। वे राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान के 43वें वार्षिक दिवस समारोह में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अपर सचिव डॉ धर्मेंद्र सिंह गंगवार की मौजूदगी में संस्थान के निदेशक प्रोफेसर हर्षद ठाकुर ने संस्थान की सालाना रिपोर्ट पेश की।

इस अवसर पर डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण संस्थान को अपनी भूमिका का विस्तार करना चाहिए। सभी राज्य संस्थानों के साथ नोडल एजंसी के तौर पर काम करें ताकि यहां जो शोध हो रहे हैं उसका फायदा देश के बाकी संस्थानों को भी मिले। स्वास्थ्य अभियानों की सफलता के लिए जनसहभागिता को महत्वपूर्ण बताते हुए डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य 80 फीसद बचाव के उपायों से हासिल हो सकता है। स्वयं को स्वस्थ रखना सबकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

चिकित्सा क्षेत्र के सहभागियों की जिम्मेदारी तय करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हम यह तय करें कि देश में एक भी गर्भवती और नवजात की मृत्यु नहीं हो। उन्होंने इस संदर्भ में तमिलनाडु के विरुद्ध नगर का जिक्र किया जहां मातृत्व मृत्यु दर केवल 11 फीसद है जो पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय है। डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि यदि हम पूरी निष्ठा से काम करें तो किसी भी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं जैसे हमने अंततोगत्वा पोलियो का उन्मूलन किया।

डॉ गंगवार ने संस्थान को स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटर के नोडल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान के साथ परिवार कल्याण के स्थान पर संपूर्ण स्वास्थ्य (वेलनेस) करने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर संस्थान की हिंदी पत्रिका ह्यजन स्वास्थ्य धारणाह्ल के 25वें रजत जयंती अंक का विमोचन भी किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ गणेश शंकर वास्तव ने बताया कि पत्रिका के 14वें अंक को उत्कृष्ट सम्पादन व विषय सामग्री के लिए राजभाषा संस्थान, नई दिल्ली की ओर से पुरस्कृत किया जा चुका है। पत्रिका के वर्तमान अंक में जनस्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जनोपयोगी लेखों को प्रकाशित किया गया है। संस्थान के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। संस्थान के उप निदेशक अनिल कुमार सहित कई वरिष्ठजन मौजूद थे।



**बचाव** कोरोना विषाणु संक्रमण के खतरे के कारण दिल्ली परिवहन निगम की बस को किटाणुमुक्त करता हुआ कर्मी।

## शांति से मने होली, नोएडा में 50 से अधिक संवेदनशील इलाके चिह्नित

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 9 मार्च।

हाल ही में दिल्ली में सीएए के विरोध में हुए हिंसक दंगे और अलीगढ़ में तनाव के चलते उत्तर प्रदेश के औद्योगिक महानगर नोएडा में पुलिस ने करीब 50 से अधिक संवेदनशील स्थान चिह्नित किए हैं, जहां होली को शांतिपूर्वक मनाने के लिए अलग से पुलिस टीमें तैनात की गई हैं। नशे में वाहन चलाने, सड़क पर हुड़दंग करने, मामूली विवाद को चुनावी रंग देने वालों पर निगाह रखने के लिए सादा वर्दी में भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। प्रशासन की टीमें शराब, मिठाई और रुपए बांटने वालों पर नजर रखेंगी। होली पर नोएडा पेट्रोलिंग यूनिट सड़क पर मोर्चा संभालेगी। एक कंपनी पीएसी और 200 से अधिक पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई है।

होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए पुलिस इस बार विशेष सतर्कता बरत रही है। मामूली विवाद को चुनावी रंग या जातीय व संप्रदायिक रंग देने से रोकने के लिए खास प्रबंध खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के बाद किए गए हैं। करीब 50 ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां होली पर विवाद होने की संभावना अधिक है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह ने सभी पेट्रोलिंग यूनिटों को दिनभर सड़क पर गश्त करने और संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। संदिग्ध वाहनों की जांच करने समेत सभी पीसीआर, पीआरवी को चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं। सभी थाना प्रभारी निरीक्षक इलाके में देर तक गश्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को हर घटना की जानकारी देंगे। एक कंपनी पीएसी और 200 से अधिक पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती के साथ डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी समेत सभी थाना प्रभारी पूरे माहौल पर नजर रखेंगे। होली के मद्देनजर डीएम ने शराब की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। अवैध रूप से शराब बिक्री पर आबकारी विभाग नजर रखेगा। शराब तस्करों पर कार्रवाई के लिए पुलिस के निर्देश जारी किए गए हैं। डीसीपी जोन प्रथम संकल्प शर्मा ने बताया कि अलग से पुलिस टीमें गठित की गई हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने, सड़क पर नशे में हुड़दंग मचाने, देर रात तक सड़क पर घूमने, कार के ऊपर बैठकर शोर मचाने, मोटरसाइकिल पर दो से अधिक बैठाकर चलाने वालों को जेल जाना पड़ सकता है।

## बोर्ड ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के लिए जारी की परीक्षाओं की नई तारीखें

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को 10वीं और 12वीं की उन परीक्षाओं के लिए नई तारीखें जारी कीं जिन्हें उत्तर पूर्वी दिल्ली में हाल ही में हुई हिंसा के कारण स्थगित कर दिया गया था।

बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में कक्षा बारह की परीक्षाएं 31 मार्च को शुरू होंगी और 14 अप्रैल को खत्म होंगी। कक्षा दस की परीक्षाएं 21 मार्च को शुरू होंगी और 30 मार्च को खत्म होंगी। बोर्ड ने बारहवीं और दसवीं की 26 फरवरी से 7 मार्च तक की परीक्षाओं का कार्यक्रम दोबारा जारी किया है। इस दौरान कुछ परीक्षाओं को बोर्ड ने रद्द कर दिया था जबकि कुछ परीक्षाओं में कुछ विद्यार्थी नहीं पहुंचे थे।

बोर्ड का कहना है कि 26, 27, 28 और 29 फरवरी की परीक्षाओं को उत्तर पूर्वी दिल्ली के सभी परीक्षा केंद्रों के सभी विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएंगी। वहीं, एक से सात मार्च तक की परीक्षाएं सिर्फ उन विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएंगी जिन्होंने परीक्षा नहीं देने के बारे में अपने विद्यालय को सूचित किया था। इन विद्यालयों के प्रधानाचार्य 16 मार्च तक ऐसे विद्यार्थियों की सूची बोर्ड के स्थानीय कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावा ऐसे प्राइवेट परीक्षार्थी जो एक से सात मार्च तक की परीक्षा नहीं दे पाए थे, उन्हें 14 मार्च तक बोर्ड के स्थानीय कार्यालय को इस संबंध में सूचना देनी है।

हालांकि पहले से निर्धारित तारीखों पर दो मार्च से परीक्षाएं आयोजित कराई गई थीं क्योंकि बोर्ड के अधिकारियों का मानना था कि परीक्षा में और अधिक देर होने से विद्यार्थियों को स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने में दिक्कत हो सकती है।

## फर्जी कागजात से हवाई सफर कर रहे नौ यात्री गिरफ्तार

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

फर्जी कागजात के जरिए मुंबई जा रहे पांच लोगों को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर पकड़ा गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने संदिग्ध होने पर इन यात्रियों की जांच की तो इनके यात्रा संबंधित कागजात फर्जी निकले। इनमें पांच पुरुष और चार महिलाएं शामिल है।

इन्हें आगे की जांच के लिए आप्रवासन (इमिग्रेशन) अधिकारियों को आगे की जांच के लिए सौंप दिया गया है। बल के मुताबिक हवाई अड्डे के टर्मिनल तीन पर शनिवार को जांच के दौरान एयर इंडिया की फ्लाइट से मुंबई जा रहे कुछ यात्रियों के कागजात जांच किए गए। जो कि फर्जी पाए गए।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाएं सम्मानित



**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

विश्व महिला दिवस के अवसर सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यों से जुड़ी संस्था रिस्पेक्ट इंडिया ने 'प्राइज ऑफ द नेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2020' से 18 महिलाओं को सम्मानित किया।

चयन समिति के अध्यक्ष अमरेंद्र खटुआ (पूर्व सचिव, भारत सरकार) ने बताया कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी रखते हुए देश के अधिकांश राज्यों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। शिक्षा, संस्कृति, स्त्री-सशक्तिकरण, समाजसेवा, साहित्य, खेल, संगीत, बिजनेस, पर्यावरण, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 18 महिलाओं का चयन किया गया। शांति देवी (शिक्षा), डॉ रमा (साहित्य एवं सिनेमा), रश्मि साहू (बिजनेस), डॉ आरती सक्सेना (पर्यावरण), डॉ. नमिता करना (चिकित्सा), श्रेयसी सिंह (खेल), मालविका जोशी (संस्कृति), डॉ आरती सिंह भदोरिया (लोक साहित्य), प्रीति चौहान (पत्रकारिता), भावना बालाजी (युवा उद्यमी) आदि को समारोह में सम्मानति किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज तिवारी ने कहा कि 21वीं सदी का भारत महिलाओं की शक्ति और स्वाभिमान का भारत है।

## नोएडा औद्योगिक भूखंड योजना : यूटीआर नंबर एक होने पर ही पात्र माने जाएंगे आवेदनकर्ता

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 9 मार्च।

औद्योगिक भूखंड योजना में आवेदन करने वाले तभी पात्र माने जाएंगे, जब बैंक और प्राधिकरण सूची का यूनिक ट्रांजेक्शन रेफरेंस (यूटीआर) नंबर एक होगा। 250 से छह हजार वर्ग मीटर तक के 93 औद्योगिक भूखंडों की योजना में 31 जनवरी तक आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। जिसे बाद में बढ़ाकर 10 मार्च 2020 कर दिया गया था। आखिरी दिन, यानी 10 फरवरी को पेमेंट गेट वे के जरिए करीब 150 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इतनी बड़ी रकम का हिसाब-किताब करने और प्रत्येक दो से तीन मिनट में हुए ट्रांजेक्शन से बैंक प्रबंधन कई आवेदकों की सूचनी तैयार नहीं कर सका। जांच पड़ताल (स्क्रूटनी) के बाद बैंक प्रबंधन ने 675 आवेदकों की सूची प्राधिकरण को दी। जिसमें यूटीआर नंबर अलग थे।

प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक इसमें कई आवेदनकर्ता ऐसे हैं, जिन्होंने निवेश मित्र के जरिए ऑनलाइन या एनईएफटी या आरटीजीएस से भुगतान किया है। यानी आवेदनकर्ता की तीन जगहों पर एंट्री (ब्योरा) दर्ज हुई। ऐसे आवेदकों की संख्या करीब 675 है। इसी वजह से बैंक के यूटीआर नंबर और प्राधिकरण की सूची में ब्योरा अलग है। यूटीआर नंबर के मिलान के बाद इनकी नई सूची तैयार की जा रही है। बुधवार तक इस काम के पूरा होने की उम्मीद है। उसके बाद ऑनलाइन बोली शुरू होंगी और भूखंड आबंटन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। ऐसे आवेदनकर्ताओं को प्राधिकरण के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। आबंटन के बाद आवेदनकर्ता को कुल भूखंड लागत के 40 फीसद की रकम जमा करानी होगी। इसके बाद बाकी राशि का किश्तों में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। इस योजना में एक खास शर्त शामिल की गई है कि आवेदनकर्ता को ब्रोशर में निर्धारित समय में इकाई बनाकर संचालन करना होगा। योजना में पांच हजार 321 लोगों ने आवेदन किया है। जिसमें से 4426 ने ही प्रोसेसिंग शुल्क और ईएमडी जमा की है।

### बकाएदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाने की है तैयारी

नोएडा में बकाएदारों के भुगतान के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लाने की तैयारी है। जिसके तहत 50 लाख रुपए तक के बकाएदारों को चार महीने और 50 लाख से अधिक राशि के बकाएदारों को जमा कराने के लिए सात महीने का समय दिया जाएगा। योजना के तहत पूरी धनराशि एक मुश्त जमा कराने पर देय रकम पर दो फीसद की छूट दी जाएगी। बताया गया है कि शासन की तरफ से विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के बकाएदार आबंटियों, क्रेताओं और ऋणगृहीताओं के मामले में 2000 और 2001 में एकमुश्त समाधान योजना को लागू किया गया था। 2020 के लिए दोबारा इस योजना को लाया जा रहा है। नोएडा स्तर पर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

## होली पर आंखों का रखें खास खयाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 9 मार्च।

होली मस्ती का त्योहार है और जरा सी भी लापरवाही इस मस्ती में खलल डाल सकती है। होली के इन रंगों से अपनी आंखों को विशेष रूप से बचाएं क्योंकि रंगों में मौजूद कठोर रसायन आंखों के लिए भारी मुश्किल पैदा कर सकते हैं। आंखों को सिंथेटिक रंगों के दुष्प्रभाव से बचाएं।

शार्प साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ समीर सूद भी होली पर आंखों को गुलाल या रंग से बचाने की सलाह देते हैं। वे कहते हैं कि हमारी आंखें बहुत संवेदनशील होती हैं। रंगों का रसायन आंखों के लिए घातक साबित हो सकता है। डॉ सूद बताते हैं कि होली के रंगों के आंखों में जाने से एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस, केमिकल बर्न, कोर्नियल एब्रेशन, आंखों में जख्म आदि हो सकते हैं। अगर आंखों में रंग चला जाए, आंखें लाल हो जाएं और इनमें खुजली या जलन होने लगे तो कोई घरेलू तरीका अपनाने के बजाए जल्द डॉक्टर से संपर्क करें। आंखों पर चश्मा लगा कर रहें ताकि उड़ता हुआ गुलाल उन्हें नुकसान न पहुंचाए। कोई आपको रंग भी लगाता है तो चश्मा आंखों को बचा सकता है। फिर भी अगर रंग या गुलाल आंखों में चला जाता है तो आंख को रगड़े नहीं बल्कि साफ पानी से धो लें। होली खेलने के बाद आंखों को बंद करके ही नहाएं। आंख में कोई भी दवाई बिना डॉक्टर की सलाह के न डालें।

डॉ समीर बताते हैं कि रंगों में मौजूद सीसा के कण कोर्निया को क्षति पहुंचा सकते हैं। ऐसे में मरीज की आंखों में दर्द होता है और आंख से पानी आता रहता है। अगर समय पर जांच न कराई जाए तो संक्रमण हो सकता है।

### गुब्बारों से बचें

होली के समय बच्चों के इस्तेमाल किए जाने वाले गुब्बारे तो और भी ज्यादा घातक हो सकते हैं। अगर यह गुब्बारे आंख पर लग जाएं तो आंख में से खून आ सकता है, लेंस से घाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। इन सब अवस्थाओं में जल्द से जल्द आपातकालीन उपचार लेना चाहिए। डॉ समीर के अनुसार होली खेलते समय सबको सिंथेटक रंगों के की जगह घर पर बने रंगों का इस्तेमाल करना चाहिए। गुब्बारों का तो कतई इस्तेमाल नही करना चाहिए। रंग के आंख में जाने पर तुरंत पानी के छींटे मारें।

## खबरों में शहर

### आर्थिक तंगी के कारण युवक ने की आत्महत्या

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 9 मार्च।

सलारपुर में आर्थिक तंगी के कारए एक व्यक्ति ने रविवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची थाना सेक्टर-39 पुलिस ने व्यक्ति को लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से पश्चिम बंगाल के रहने वाले रवि हल्दर (35) परिवार के साथ सलारपुर गांव में रहते थे। परिवार में पत्नी के साथ दो बच्चे व मां है। रविवार को आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने रात करीब 12 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह नींद खुलने पर परिजनों को जानकारी हुई। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि परिवार पिछले काफी दिनों से आर्थिक तंगी का शिकार था। इसके चलते ही व्यक्ति ने आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दोपहर 2:30 बजे के बाद चलेगी मेट्रो

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

होली के त्योहार के दिन 10 मार्च (मंगलवार) को दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित सभी लाइनों पर 2:30 बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। इसके अलावा, मेट्रो फीडर बस सेवाएं भी उपलब्ध नहीं होंगी। मेट्रो सेवाएं 10 मार्च को सभी लाइनों पर टर्मिनल (शुरूआती) स्टेशनों से दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगी और इसके बाद सामान्य रूप से चलती रहेंगी, जबकि नोएडा मेट्रो सेवा ने अपनी सेवाएं दोपहर दो बजे से शुरू करने की घोषणा की है। इसी तरह डीटीसी की सेवाएं भी दोपहर से ही शुरू हो पाएंगी।

### मनोज तिवारी ने दी होली की शुभकामनाएं

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रेम और सौहार्द की भावनाओं को विविध रंगों में अभिव्यक्त करने वाले महापर्व होली आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे सभी को सीखना चाहिए जिससे समाज मजबूत होगा। पिछले सभी वैर-विरोध, शत्रुता, घृणा व प्रतिवाद को भूलकर प्रेम-प्यार की सद्भावना को बढ़ाएं। तिवारी ने कहा कि दिल्ली में भी कोरोना वायरस का असर दिख रहा है। इससे बचाव के मद्देनजर होली के समय सतर्कता बरतें और किसी भी तरह की अफवाह से बचें।

### खाताधारकों का पैसा सुरक्षितः अशोक गोयल

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

प्रदेश भाजपा प्रचार प्रभारी अशोक गोयल देवराहा ने कहा कि देश की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण व रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यस बैंक के खाताधारकों को विश्वास दिलाया है कि उनके पैसे बिल्कुल सुरक्षित है और उन्हें घबराने की जरूरत नही है। बैंक और खाताधारकों के हित में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने लगातार कदम उठाए हैं। रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने यस बैंक के खाताधारकों के लिए 30 दिन तक केवल 50 हजार रुपए तक की निकासी तय की है।

### त्योहार पर यातायात पुलिस हुई सख्त

**जनसत्ता संवाददाता**
नई दिल्ली, 9 मार्च।

होली को लेकर यातायात पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार शराब पीकर गाड़ी चलाने, लाल बत्ती पार करने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने, खतरनाक और तेज गति से गाड़ी चलाने पर चालक का लाइसेंस जब्त किया जाएगा या तीन महीने के लिए ससपेंड कर दिया जाएगा। पीसीआर और स्थानीय पुलिस की टीमें इस प्रकार के यात्रियों की धड़पकड़ के लिए तैनात किए गए हैं। यातायात पुलिस के संयुक्त आयुक्त ने लोगों से होली पर शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, गति सीमा में चलाने, यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

### चेन छीनकर भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

**जनसत्ता संवाददाता**
नोएडा, 9 मार्च।

थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, दो तमंचे, आठ जिंदा कारतूस व एक पीली धातु की टूटी हुई चेन बरामद की गई है। थाना सेक्टर-49 इलाके में रहने वाले आनंद कुमार सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास खड़े थे। इस दौरान पीछे से आए मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश उनके गले पर झपट्टा मारते हुए चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बदमाशों की घेराबंदी शुरू करते हुए सेक्टर-117 में बदमाशों को पकड़ लिया।

www.readwhere.com

जनसत्ता

10 मार्च, 2020

# दुनिया का संकट

कोरोना ने दुनिया के ज्यादातर देशों को चपेट में ले लिया है। चीन से फैले इस वायरस से अब यूरोप के देश और अमेरिका भी अछूते नहीं रह गए हैं। ईरान के बाद अब इटली में भी हालात गंभीर हैं, जहां चौबीस घंटे के भीतर ही डेढ़ सौ लोगों की इस संक्रमण से मौत हो गई। उत्तरी इटली पूरी तरह बंद है, लोग घरों में कैद हैं, सिनेमाघरों से लेकर बाजार, शिक्षण संस्थान, दफ्तर सब जगह सन्नाटा है। घरों से बाहर निकलने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। यह स्थिति ठीक वैसी है जैसे चीन के कई शहरों को कैदखानों में बदल दिया गया। इटली में अब तक साढ़े तीन सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग संक्रमित हैं। जर्मनी में भी एक हजार से ज्यादा लोग इस संक्रमण के शिकार हो गए। दुनिया का सबसे चौकन्ना रहने वाला और ताकतवर देश अमेरिका भी इस संक्रमण को अपने यहां पहुंचने से रोक नहीं पाया। वहां सौ से ज्यादा लोग इससे संक्रमित निकले हैं। न्यूयार्क से लेकर कई राज्यों में शिक्षण संस्थान बंद हैं। कैलिफोर्निया के तट पर खड़े एक क्रूज में इक्कीस लोग इस संक्रमण से ग्रस्त हैं। ज्यादा चिंताजनक यह है कि हालात काबू में आने के बजाय बिगड़ते जा रहे हैं। दुनियाभर के वैज्ञानिक दिन-रात इस वायरस का इलाज खोजने में जुटे हैं, लेकिन अभी तक कोई कामयाबी नहीं मिलने से सबके हाथ-पैर फूल रहे हैं।

भारत में जिस तरह के हालात बन रहे हैं, वे स्थिति की गंभीरता को बता रहे हैं। तमाम पुख्ता इंतजामों और सावधानियों के बावजूद केरल में एक बच्चे सहित छह और लोगों में इस संक्रमण का पाया जाना बता रहा है कि बीमारी का दौर अभी थमा नहीं है। हालांकि केरल सरकार ने इससे निपटने के लिए जिस तरह से काम किया है, वह दूसरे राज्यों के लिए मिसाल है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भी कोरोना के दो मामले मिले हैं। भारत के अलग-अलग हिस्सों में कोरोना वायरस संक्रमण के नए मामले जिस तेजी से सामने आ रहे हैं, उससे यह तो साफ है कि अभी तक जितने मामले सामने आए हैं, वे सब उन देशों से आने वाले लोगों में मिले हैं जहां कोरोना फैल चुका है। इसलिए भारत के समक्ष अब बड़ी मुश्किल ऐसे लोगों की पहचान करने को लेकर है जिनके संपर्क में कोरोना संक्रमित लोग आए होंगे। यों तो सरकार ने अब इस आपदा से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं और सक्रियता से हर स्तर पर काम भी शुरू हुआ है, लेकिन अगर समय रहते इससे बचाव के उपाय कर लिए जाते तो कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता था।

अच्छी बात यह है कि हालात को देखते हुए हर स्तर पर सतर्कता देखने को मिल रही है। इससे निपटने में जुटे डॉक्टर लोगों के मन से कोरोना का खौफ निकालने और जागरूकता पैदा करने में लगे हैं। बीमारी और इससे बचाव के उपाय बता रहे हैं। लेकिन बीमारी जिस तेजी से पैर पसार रही है, उसे देखते हुए हमारी तैयारियां कितनी और कैसी हैं, यह बड़ा सवाल है। भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का जो हाल है, उसे देखते हुए यह सवाल और महत्त्वपूर्ण हो जाता है। हाल में संसदीय समिति ने राष्ट्रीय जैव सुरक्षा नीति बनाने की जरूरत बताई है। कोरोना से निपटने के अभी जो इंतजाम हो रहे हैं, वे फौरी संकट से निपटने भर के लिए हैं। आने वाले वक्त में ऐसी बीमारियों की चुनौती से निपटने के लिए एक स्थायी और मजबूत तंत्र की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# वसूली की हद

लखनऊ में पिछले साल दिसंबर में नागरिकता संशोधन कानून के मसले पर हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में संपत्ति का भारी नुकसान हुआ था। उत्तर प्रदेश सरकार ने इसके लिए आरोपों के घेरे में आए लोगों से नुकसान की भरपाई कराने को लेकर सख्त कदम उठाया। लेकिन इसके लिए उसने जो तौर-तरीके अपनाए, वे सवालों के कठघरे में हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने आरोपियों के खिलाफ जिस तरह के प्रचारात्मक उपायों का सहारा लिया, उन पर शुरू से ही आपत्ति उठाई जा रही थी। अब इस मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय का जो रुख सामने आया है, उससे साफ है कि सरकार ने लोकतंत्र और कानून के तकाजे को किनारे कर शायद हड़बड़ी में संयम रखना जरूरी नहीं समझा। गौरतलब है कि सीएए के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शनों के हिंसक होने और संपत्ति के नुकसान के लिए राज्य की पुलिस ने कई लोगों को आरोपी माना था। चूंकि राज्य सरकार आरोपियों से भरपाई के रास्ते को ही प्राथमिक हल मान रही है, इसलिए इस मामले में भी सत्तावन लोगों की पहचान फोटो सहित पूरा पता और परिचय होर्डिंगों पर छपवा कर जिले के चौक-चौराहों पर लगवा दिए।

सरकार की नजर में नुकसान की वसूली का यह रास्ता ज्यादा जरूरी और कारगर हो सकता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह तरीका लोकतांत्रिक और कानूनी कसौटी पर भी पूरी तरह उचित है? आरोपी व्यक्तियों की तस्वीर और नाम-पते वाले पोस्टर लगाने का मामला सामने आने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया और बिना देरी करते हुए संबंधित अधिकारियों को अदालत में तलब किया। अदालत ने सबसे पहला सवाल यही उठाया है कि किस अधिकार से ये नोटिस जारी किए गए हैं और इस तरह के होर्डिंग लगाए गए हैं। हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ लहजे में कहा कि यह नागरिकों की निजता का हनन है और इन्हें तत्काल हटा लिया जाए। हालांकि इसके लिए सोलह मार्च तक रिपोर्ट दाखिल करने का वक्त दे दिया गया। यह इस समूचे मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए शायद ज्यादा वक्त है। फिर भी अदालत ने इस मामले के आधार और कानूनी पहलुओं को देखने के बाद ही सरकार के रुख पर सवाल उठाए होंगे। अगर ये आपत्तियां सही हैं तो सरकार और संबंधित अधिकारियों को उनका खयाल रखना जरूरी क्यों नहीं लगा?

गौरतलब है कि हिंसा के दौरान संपत्ति के नुकसान की वसूली के मसले पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से बिल्कुल स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और कोई भी सरकार अगर वसूली जैसा कदम उठाती है तो वह उन निर्देशों के मुताबिक ही कर सकती है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी उत्तर प्रदेश सरकार को इस बात की हिदायत दी है। लेकिन सच यह है कि राज्य सरकार ने आरोपियों का समूचा ब्योरा सार्वजनिक करने का जो तरीका अपनाया है, वह न केवल उनकी निजता का हनन है, बल्कि इससे उनकी सुरक्षा को खतरा भी पैदा हो सकता है। अदालत ने भी यह साफ कहा कि सरकार ऐसा काम नहीं कर सकतीं, जिससे किसी की निजता का हनन हो और उसकी सुरक्षा को खतरा पैदा हो जाए। कई जगहों पर भीड़ में तब्दील हुए लोगों के हाथों महज अफवाह के आधार पर किसी व्यक्ति पर हमला करने और पीट-पीट कर मार डालने की घटनाएं किसी से छिपी नहीं हैं। ऐसे में अगर संपत्ति वसूली के आरोप भविष्य में साबित भी हो जाएं तो उसके बदले हर्जाना वसूली के लिए प्रचारात्मक कदमों के बजाय क्या सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत विधिसम्मत तरीके अपनाना उचित नहीं होगा?

## कल्पमेधा

जो नसीहतें नहीं सुनता, उसे लानत-मलामत सुनने का शौक होता है।
– शेख सादी

# महामारी से जंग

अभिषेक कुमार सिंह

**वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना के टीके को बाजार में उतारने के काम में कम से कम छह महीने से लेकर एक साल का समय लग सकता है। जाहिर है, वर्ष 2021 से पहले दुनिया को कोरोना का टीका नहीं मिल सकेगी। किसी बीमारी की रोकथाम और बचाव के लिए उसका टीका बनाने में लंबा वक्त, भारी पूंजी और मेहनत लगती है।**

इंसान ने जब से चिकित्सा विज्ञान के बल पर बीमारियों के इलाज का एक निजाम बनाया था, तभी से माना जाने लगा था कि कोई रोग अब उसे भयभीत नहीं कर सकेगा और दवाओं-इलाज की मदद से असमय मौत को टाला जा सकेगा। कई मामलों में ऐसा हुआ भी है। बीमारियों का समय रहते पता लगा कर, दवाओं और शल्य क्रिया के बल पर बुखार से लेकर कैंसर और दिल-किडनी तक की कई समस्याओं को इंसान ने अपने काबू में कर लिया है। लेकिन इन्हीं के बीच कोरोना जैसे वायरसों ने साबित किया है कि इलाज के चाहे कितने माकूल इंतजाम कर लिए गए हों, पृथ्वी पर मानव सभ्यता के लिए चुनौतियां शायद कभी खत्म नहीं होंगी। कोरोना से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौती फिलहाल यह सामने आई है कि दुनिया के पास इससे लड़ने की कोई कारगर दवा और खासकर वैसा कोई टीका (वैक्सीन) नहीं है, जैसे फ्लू, हैजा, चेचक और पोलियो तक के लिए उपलब्ध हैं। अगर ऐसा कोई टीका हमारे पास होता, तो यह बात बेहिचक कही जा सकती थी कि कोरोना संकट को चुटकियों में हल कर लिया जाएगा और दुनिया आज जिस तरह इससे आतंकित है, उसकी नौबत शायद नहीं आती।

चीन के वुहान शहर से बीते साल दिसंबर में फैलना शुरू हुआ कोरोना वायरस (कोविड-19) अब दुनिया के अस्सी से ज्यादा देशों को चपेट में ले चुका है। चीन में जहां इसके असर से तीन हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं और दुनिया में करीब एक लाख लोग इससे संक्रमित बताए जा रहे हैं, वहीं भारत में अब तक इसके तीस से ज्यादा मामलों की तस्दीक हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)भी कोरोना को लेकर स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका है। इस आपातकाल के तहत भारत सहित कई देशों में हवाई अड्डों, बंदरगाहों पर बाहर से आने वाले व्यक्तियों में संक्रमण की जांच को अनिवार्य कर दिया गया है और कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित चीन के हर तरह के दौरों को रोक दिया गया है। ऐसे उपायों को देखें तो कह सकते हैं कि पूरी दुनिया कोरोना की रोकथाम के लिए चाक-चौबंद हो चुकी है।



लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोरोना का इलाज क्या है। इस बारे में सच्चाई यह है कि फिलहाल दुनिया के स्वास्थ्य तंत्र के पास कोरोना से निपटने की कोई सटीक दवा या टीका उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कोरोना के मरीजों का इलाज उनमें दिखने वाले लक्षणों के आधार पर किया जा रहा है, संक्रमित लोगों को अस्पतालों में अलग कमरों में रखा जा रहा है और बुखार व दर्द की दवाएं देकर ये लक्षण कम करते हुए उम्मीद की जा रही है कि वक्त के साथ तापमान बढ़ने से कोरोना का असर कम हो जाएगा और मरीज स्वस्थ हो सकेंगे। उम्मीद है कि ये उपाय कारगर होंगे और कोरोना का खौफ कुछ कम हो सकेगा। इसे मानने से इनकार नहीं है कि जिस प्रकार दुनिया में साधारण सर्दी-जुकाम के खिलाफ वैक्सीन मौजूद हैं, उसी तरह यदि कोरोना वायरस के हमले की धार कम करने वाले टीके उपलब्ध होते तो आज हालात विकट नहीं होते। टीका लगाने के पीछे मूल मकसद यही है कि किसी व्यक्ति या जीव में वांछित बीमारी के बिना ही उसके शरीर में ऐसे जीवाणु विकसित कर दिए जाएं जो उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को इस तरह उत्तेजित कर दे, ताकि शरीर में उस बीमारी के खिलाफ ताकत पैदा हो जाए। चेचक की बीमारी के खात्मे के पीछे ऐसे ही टीकाकरण की अहम भूमिका रही थी। अब तो कई ऐसी संक्रामक बीमारियां हैं, जिनमें इंजेक्शन या मुंह से दी जाने वाली दवा यानी टीका बेहद आम हो गया है। इन टीकों की उपयोगिता यह है कि इन्हें लगाने के बाद कोई व्यक्ति या तो जीवन भर या फिर एक निश्चित समयसीमा तक संबंधित बीमारी के असर से सुरक्षित हो जाता है।

एक दौर था जब दुनिया टीकों के बारे में नहीं जानती थी। चेचक, प्लेग, फ्लू और पोलियो जैसी बीमारियों ने दुनिया में कहर बरपा रखा था। लेकिन जब फ्रांस के एक जीव विज्ञानी लुई पाश्चर ने हैजे का टीका तैयार किया, तो दुनिया को बीमारियों की रोकथाम का एक रास्ता मिल गया। पाश्चर ने मुर्गियों को होने वाले हैजे के अलावा एंथ्रेक्स और रेबीज आदि के टीके भी विकसित किए थे। पाश्चर के दिखाए रास्ते पर ही विश्व में टीकाकरण अभियानों की शुरुआत हुई थी। लुई पाश्चर के बाद एक उल्लेखनीय काम एडवर्ड जेनर ने किया था, जिन्होंने चेचक के टीके का विकास किया था। एडवर्ड जेनर ने चेचक के टीके पर एक शोध पत्र लिखा था, जिससे असल में वैक्सीन या टीका शब्द दुनिया में प्रचलित हुआ। जहां तक पोलियो के टीके का सवाल है, तो यह पिछली सदी के छठे दशक में सामने आया था। अमेरिका के पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में वैज्ञानिक जोनास सॉल्क ने 1952 में पहले प्रभावी पोलियो टीके के विकास का दावा किया था। इस घोषणा के साल भर बाद मार्च, 1953 को उन्होंने अमेरिकी रेडियो-सीबीएस पर एलान किया कि एक साल की अवधि में उन्होंने पोलियो के टीके का बच्चों पर परीक्षण किया है और कारगर पाया है। यह टीका पोलियो के तीनों प्रकार (टाइप-1, 2 और 3) पर असरदार पाई गई थी। वर्ष 1954 में तत्कालीन अमेरिका के चवालीस राज्यों के अठारह लाख बच्चों पर पोलियो के टीके का परीक्षण किया गया और इसके नतीजे 12 अप्रैल, 1955 को घोषित किए गए। इन नतीजों के आधार पर सॉल्क टीके को 1955 में लाइसेंस (पेटेंट) दिया गया और अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों में पोलियो टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया। भारत में पोलियो टीकाकरण अभियान की सक्रिय शुरुआत काफी बाद में वर्ष 1995 से हुई थी।

किसी भी संक्रमण का टीका बनाने की शुरुआत उस वायरस के जेनेटिक कोड का पता लगाने से होती है। जेनेटिक कोड बताता है कि इस बीमारी का उद्भव क्या है, किन हालात में यह संक्रमण बढ़ सकता है और जीवित रख सकता है और इसका खात्मा कैसे मुमकिन है। इस बारे संतोष की बात यह है कि इस साल दस जनवरी को चीन ने कोरोना वायरस का जेनेटिक कोड दुनिया के साथ साझा कर दिया है। जेनेटिक कोड साझा करने का अभिप्राय यह है कि इसके तहत वायरस का आनुवंशिक क्रम बताया गया है जिससे वायरस में आने वाले बदलावों और इसके उस व्यवहार व तरीकों का अंदाजा लगता है जो इसे एक प्रजाति से दूसरी प्रजाति और एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में फैलने की ताकत देता है। इससे यह जानकारी भी मिलती है कि यह वायरस तेजी से फैलेगा या धीमी गति से। वैज्ञानिक इस कोशिश में हैं कि सोलह हफ्तों के भीतर कोरोना वैक्सीन का परीक्षण शुरू कर दिया जाए, ताकि यह टीका जल्द से जल्द प्रभावित देशों में पहुंचाया जा सके।

वैज्ञानिकों का मानना है कि कोरोना के टीके को बाजार में उतारने के काम में कम से कम छह महीने से लेकर एक साल का समय लग सकता है। जाहिर है, वर्ष 2021 से पहले दुनिया को कोरोना का टीका नहीं मिल सकेगी। किसी बीमारी की रोकथाम और बचाव के लिए उसका टीका बनाने में लंबा वक्त, भारी पूंजी और मेहनत लगती है। अगर कोरोना वायरस का टीका बना भी लिया गया तो यह उम्रदराज लोगों की कोई ज्यादा मदद नहीं कर पाएगा। लेकिन इसकी वजह टीका नहीं, बल्कि बुजुर्गों की रोग प्रतिरोधक क्षमता है। अधिक आयु होने से व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती जाती है। ऐसे में दवाएं और टीके ज्यादा कारगर नहीं रहते हैं।

# जिंदगी के रंग

विलास जोशी

**दुनिया मेरे आगे**

हमारी जिंदगी कई रंगों में रंगी हुई है। इसमें गुलाल की तरह रंगीन खुशियों भी होती हैं और पतझड़ के सूखे पत्तों की तरह गम भी। जिंदगी में ये दोनों रंग बहुत जरूरी हैं। जब तक हम दुख अनुभव नहीं करेंगे, तब तक खुशी क्या चीज होती है, इसका सही अंदाजा नहीं लगा पाएंगे। जिंदगी का भी यह एक अजीब रंग है कि जब हम सफलता के रंगों में रंगे होते हैं, तब तक न जाने क्यों हमारी जिंदगी अपने आप को संभाल नहीं पाती, लेकिन जब जीवन के प्रहसन का दृश्य बदलता है और मुश्किलें, दुविधा, दुख, तनाव और आपसी रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है और हम असफलता की ओर बढ़ने लगते हैं, तब हमें मालूम होता है कि जिंदगी के कई ऐसे रंग हैं, जो पहले हमने कभी देखे ही नहीं थे। इसलिए हमें अपने रिश्तों को जिंदगी के नवरंगों में रंगने की अधिक जरूरत है।

हमलोग तीन सौ पैंसठ दिन में एक दिन होली के रंग में रंगते हैं, जबकि कुदरत हर रोज चारों प्रहर विभिन्न रंगों में रंगी होती है। कुदरत में अपरिमित रंगों के भंडार हैं। उसके पत्ते-पत्ते पर विविध रंग हैं। बस उसे देखने और अनुभव करने के लिए एक अलग दृष्टि की आवश्यकता है। सच यह है कि होली तन भीगने और मन को निर्मल बनाने का एक अप्रतिम त्योहार है। फागुन मास में जब नीम की पीली पत्तियां झरने लगती हैं तो यह दृश्य देखते ही बनता है।

होली खेलने की इच्छा सबके मन में होती है, लेकिन कुछ लोग इसे अपने मन में ही दबा कर रखते हैं। सच यह है कि होली के रंग कहते हैं कि होली खेलने की कोई उम्र नहीं होती। यह तो उल्लास का त्योहार है। जिनमें उमंग है, वे खेलें रंगों की होली। वैसे लोगों ने अब सोशल मीडिया पर भी होली खेलना शुरू कर दिया है। वे फेसबुक और वाट्सऐप द्वारा संदेशों और रंगों की होली खेलते हैं, लेकिन यह वास्तविक होली नहीं है। यह तो होली खेलने की एक प्रतिकृति या छाया मात्र है। कुदरत भी रंग बदलती रहती है। मौसम के बदलने के साथ वह भी अपने पुराने चोले को छोड़ कर नया वस्त्र धारण करती है। जब वसंत का मौसम पृथ्वी पर पदार्पण करता है तो हर शख्स में एक नया जोश अपने आप आने लगता है। मानो एक बीमार अपने आप बिस्तर से उठ कर अपनी सारी व्याधियों को वही छोड़ कर आनंद रस लेने कुदरत की शरण में जा रहा है।

किसी ने सही कहा है कि अगर आपको देखना है कि कुदरत नित नए दिन कैसे रंगों की होली खेलती है तो सूर्योदय के पहले उठिए और फिर उस अनंत आकाश की तरफ देखिए। सूर्योदय के पहले पूर्व दिशा की तरफ देखिए। आकाश का रंग तांबे के रंग की तरह नजर आएगा। फिर जैसे-जैसे सूर्य अनंत आकाश की यात्रा के लिए आगे निकलेगा, उसके कुछ पहले समूचा आकाश सुनहरे रंग की किरणों से सजा हुआ नजर आएगा।

आप एक-एक पेड़ को निहारिए। उन पर लगे फूलों के रंगों को देखिए। तब नजर आएगा कि हर एक पेड़ पर लगा फूल अलग-अलग रंग में सजा हुआ है। एक फूल का रंग दूसरे फूल के रंग से जुदा है। कुदरत की गोद में आया हुआ हर एक वृक्ष, उसकी हर एक शाखा, बेल, लताएं- सब विविध रंग लिए हुए है। धरा पर नजर पड़ते ही वह हरियाली की मखमली चादर ओढ़े नजर आती है।

जब कुदरत के इन विविध रंगों को देखते हैं, तब एक विचार मन में आ जाता है कि आखिर कुदरत को इतने रंगों में रंगने वाला वह अदृश्य चित्रकार कौन है! जो चित्रकार इतनी बड़ी कुदरत को इतने अनोखे रंगों में रंगे रखता है, वह कितना बड़ा होगा और खुद कितने रंगों से रंगा होगा! अगर हमें वास्तव में कुदरत के रंग देखने हैं तो एक दिन सुबह से शाम तक उस अनंत आकाश को निहारते रहें और फिर अनुभव करें कि सुबह, दोपहर और शाम को वह कैसे-कैसे रंग बदलता है। फिर एक बार जो कुदरत के होली के रंगों में रंगने का आदी हो जाए तो समझिए उसकी तो बारह मास होली ही है। लेकिन क्या हम होली के रंग बिखरने के लिए कुदरत के ही तौर-तरीके अपनाते हैं? शायद नहीं! हमारे त्योहार शायद यहीं नाकाम होते हैं।

हम इंसान कुदरत का ही एक हिस्सा हैं। इसलिए उसके रंगों से भला हम कैसे जुदा रह सकते हैं। फिर जो रंग कुदरत ने हमें दिए हैं, उनमें तो हमें रंगना ही है, लेकिन हमें रिश्तों के रंगों का भी उतना ही खयाल रखना है। सोशल मीडिया के इस दौर में कहने को तो हम उसके कारण करीब आए हैं, लेकिन आपस में एक दूसरे से मिल कर रिश्तों के रंगों में रंगने का मजा कुछ और ही है। यह हमें याद रखना होगा। नहीं तो जिंदगी के कई रंगों की कमी हमें हमेशा खलती रहेगी, जिसकी पूर्ति सिर्फ प्यार और स्नेह के रंगों से भी संभव है, जो हमारी जिंदगी के असल अमिट रंग हैं।

## होली का संदेश

होली ऐसा उत्सव है जो सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे उपमहाद्वीप को अपने रंग में सराबोर करता है। हिंदुस्तान में जो त्योहार सही मायनों में गंगा-जमुनी तहजीब को व्यक्त करता है, वह होली ही है। यह केवल रंगों का त्योहार ही नहीं है, बल्कि स्वयं जीवन का जश्न है। हर त्योहार का एक गहरा संदेश होता है। मसलन, दीपावली अंधेरे और बुरी ताकतों को दूर करती है। जबकि होली हमारे जीवन को अनेक रंगों से भर देती है। यह दोस्ती और मनमुटाव दूर करने का त्योहार है। जब लोग एक दूसरे को गले लगाते हैं, कटुता और नाराजगी को भूल जाते हैं और फिर प्यार व मोहब्बत से शेष जीवन व्यतीत करने का वायदा करते हैं, तो इसे होली कहते हैं। सम्राट शाहजहां के शासनकाल में जब फ्रांसीसी यात्री बरनियर भारत आए थे, तो इतने सारे लोगों को होली खेलता हुआ देख उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ था। यही तो होली की सुंदरता है। यह सामाजिक भेदभाव को मिटा देती है और लोगों को एक दूसरे के करीब लाती है। वास्तविकता यह है कि रंग खेलने से एक दिन पहले जो होलिका दहन होता है, वह वास्तव में तमाम आपसी दुर्भावनाओं को जला कर राख कर देने का प्रतीक है। होली समतावाद का संदेश देती है। मुगल सम्राट अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक अबुल फजल ने लिखा था कि बादशाह होली के त्योहार से बहुत पहले से ही विभिन्न आकारों की पिचकारियां एकत्र करने लगते थे। अकबर केवल अपने दरबारियों के साथ ही होली नहीं खेलते थे, बल्कि महल के बाहर के लोगों के साथ भी होली खेलते थे। यह वह दिन था जब एक आम आदमी भी भारत के बादशाह को रंग लगा सकता था।

होली यह संदेश देती है कि संयम व हिम्मत के साथ व्यक्ति को हर रंग का सामना करना चाहिए, क्योंकि विभिन्न रंग जीवन की विभिन्न स्थितियों का प्रतिनिधत्व करते हैं। कुल मिला कर हम सभी लोगों को होली का पर्व बहुत ही शानदार ढंग से मनाना चाहिए लेकिन हमें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे इस रंग के महापर्व में भंग डलने का काम हो।

● *अमन सिंह, बरेली*

## सड़क सुरक्षा और सवाल

मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण कई इलाकों में सड़क हादसों में जान-माल की हानि चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि पिछले कुछ सालों में सरकारों की ओर से कदम तो उठाए गए हैं, लेकिन हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे। सड़क पर चलते हुए या गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहे लोगों की आए दिन दुर्घटना की खबरें पढ़ने को मिलती हैं। अधिकांश लोग वाहन चलाते समय चालक अपने मोबाइल को कान और कंधे के बीच दबा कर बातचीत करते हुए वाहन चलाते हैं। दूसरा बड़ा कारण शराब पीकर के वाहन चलाना है। ज्यादातर हादसे वाहन चालकों के नशे में होने की वजह से होते हैं।

ऐसा नहीं है कि सड़क हादसे रोके नहीं जा सकते। सड़के हादसों को रोकने के लिए यातायात पुलिस की सख्ती जरूरी है। यातायात नियमों का पालन कराना पुलिस की जिम्मेवारी है। जो लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएं, उन पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई हो। लेकिन व्यवहार में देखने में यह आता है कि साल में कुछ दिन जब सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है तो पुलिस सक्रिय होती है, उसके बाद फिर अपने ढर्रे पर लौट आती है और वसूली में लग जाती है। सड़क सुरक्षा के लिए नियमित रूप से लोगों को जागरूक बनाने के अभियान चलने चाहिए, और यह काम सिर्फ पुलिस का ही नहीं है, समाज में भी हर स्तर पर इसे चलाए जाने की जरूरत है। शिक्षण संस्थाओं में यातायात नियमों की कार्यशाला का आयोजन कर चित्रकला, निबंध, कविता, नाटक आदि के जरिए बच्चों में जागरूकता लाई जा सकती है। सड़क हादसों का बड़ा कारण सड़कों पर गड्ढे भी होते हैं, खासतौर से बारिश के मौसम में। आवारा पशु भी सड़क हादसे का कारण बनते हैं। सड़कों के आसपास लगने वाली दुकानें और अतिक्रमण बड़ी समस्या के रूप में सामने हैं। ये ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान स्थानीय प्रशासन को निकालना होता है। इसके लिए नागरिकों के समूह को प्रशासन पर दबाव बनाना चाहिए, ताकि प्रशासन सजग रहे।

● *संजय वर्मा, मनावर, धार*

**किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश**

**आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com**




## नफरत की राजनीति

जब लोकतांत्रिक राष्ट्र में राजनीतिक महत्त्वकाक्षाएं राष्ट्र हित से सर्वोपरि हो जाएं तो फिर लोकतंत्र का कमजोर होना स्वाभाविक है। नफरत की राजनीति से कोई राजनीतिक दल अपना भला सोचता है तो यह देश के हित में नहीं है। यह सच्चाई है कि आज वोट बैंक की राजनीति ने आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं सहिष्णुता को तिलांजलि दे दी है। इसी का नतीजा है कि देश के कई हिस्सों में नेताओं ने अपने स्वार्थ की खातिर हिंसाजनक और भड़काऊ भाषण और बयान दे रहे हैं और दिल्ली दंगों के पीछे यह एक बड़ा कारण रहा। ऐसे भड़काऊ बयान और भाषण देने वालों के खिलाफ के सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वे किसी भी दल के क्यों न हों।

● *अली खान, फतेहगढ़, जैसलमेर*

## तालिबान की हिंसा

अमेरिका और तालिबान का समझौता ट्रंप की चुनावी रणनीति का ही परिणाम है। हालांकि इसमें शांति व्यवस्था को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। तालिबान की हिंसक और कट्टर इस्लामी विचारधारा एक समझौते से बदल जाएगी, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। बल्कि हकीकत यह है कि तालिबान पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा खूंखार रूप में सामने आएघा। राष्ट्रपति ट्रंप खुद भारत दौरे के दौरान इस्लामी आंतकवाद का जिक्र कर चुके हैं। गौरतलब है, दो दशक पहले तालिबानी हुकूमत के दौरान अफगानिस्तान में जनता के अधिकारों को कुचल दिया गया था। चिंता का विषय यह है कि तालिबान पाकिस्तान की जिद में आकर भारत के खिलाफ काम न करने लगे।

अमेरिका अभी पूरी तरह से अमेरिकी सैनिकों की वापसी नहीं कर रहा है। इसमें साल भर लगेगा। साथ ही, ट्रंप ने तालिबान को धमकी भी दी है कि अगर उसने समझौते का पालन नहीं किया तो अमेरिका अफगानिस्तान में पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा सैनिक भेजेगा। बहरहाल इस पहल को संयुक्त राष्ट्र महासचिव भी शांति प्रयास के रुप में देख रहे हैं। लिहाजा तालिबान बैठने की जगह पाकर लेटने की व्यवस्था न करने लगे।

● *भूपेंद्र सिंह रंगा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय*

www.readwhere.com

## जरा हट के



रंगों में सराबोर

## बोल

हम सीएए के जरिए पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में रह रहे अल्पसंख्यक को नागरिकता दे रहे हैं, क्योंकि विभाजन से पहले ये भी भारत के नागरिक थे। भारत में कोई हिंदू, सिख, मुसलमान या ईसाई नहीं बल्कि भारतीय रहते हैं।
*– अतिका फारूकी, जेनेवा में विश्व संसद में भारत की प्रतिनिधि*



## विवाद

गृह मंत्री प्रीति पटेल के इशारों पर मेरे खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा था। मैं सरकार के खिलाफ मुकदमा करूंगा, क्योंकि मुझे गलत कारणों के चलते इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा।
*–फिलिप रुथनम, ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के स्थायी सचिव*



## सम-सामयिक

# कोरोना की उत्पत्ति के केंद्र को लेकर मचा राजनीतिक रार

जनसत्ता संवाद

कोरोना विषाणु की उत्पत्ति के केंद्र को लेकर दुनिया में राजनयिक खींचतान शुरू हो गई है। अमेरिका और चीन इस मुद्दे पर गुत्थम-गुत्था नजर आ रहे हैं। अमेरिका ने इजराइल के एक पूर्व सैन्य अधिकारी की रिपोर्ट के हवाले से शक जताया है कि वुहान के एक संस्थान में चीनी वैज्ञानिकों ने यह विषाणु तैयार किया है। साथ ही, चीनी नेता खुलकर वुहान को इसका केंद्र बता रहे हैं। इससे नाराज चीन ने एक शोध रिपोर्ट के आधार कहना शुरू किया है कि अमेरिका और इटली हो सकते हैं कोरोना वायरस के केंद्र।

कोरोना विषाणु को लेकर अमेरिका और चीन में भिड़ंत दिख रही है। चीन में कोरोना विषाणु के संक्रमण के मामलों में कमी आ रही है, वहीं अमेरिका समेत तमाम देशों में यह तेजी से फैल रहा है। कोरोना विषाणु को चीनी विषाणु कहे जाने और इसके लिए वुहान को कसूरवार ठहराने को लेकर चीन नाराज हो गया है। अमेरिकी विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने शुक्रवार को दूसरी बार कोरोना वायरस को 'वुहान विषाणु' कहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विषाणु से होने वाली बीमारी का आधिकारिक नाम कोविड-19 और विषाणु का नाम सार्स-कोवी-2 रखा था। बेजिंग व दुनिया भर के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोविड-19 के लिए अन्य किसी नाम इस्तेमाल करने से बचने के लिए कहा है। तर्क है कि वुहान से जोड़ने से चीन के नागरिकों के खिलाफ नस्लीय भेदभाव भी बढ़ सकता है।

हाल में सिंगापुर में चीनी मूल के एक छात्र के साथ कोरोना विषाणु की वजह से नस्लीय हिंसा की घटना भी सामने आई थी। सीएनबीसी और फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में पोम्पियो ने कहा कि पहली बात यह है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने खुद कहा है कि विषाणु वुहान शहर से फैलना शुरू हुआ है। मेरे शब्दों को छोड़ दीजिए, उन्हीं के शब्दों पर गौर करिए।

इस बयान पर विवाद शुरू हुआ। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि यह महामारी वैश्विक चुनौती है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि इस विषाणु का जन्म चीन में ही हुआ है। दरअसल, फॉक्स न्यूज के टॉक शो 'द फाइव' में मांग की गई कि कोरोना विषाणु के लिए चीन आधिकारिक तौर पर पूरी दुनिया से माफी मांगे। इस मांग को लेकर चीनी मीडिया में नाराजगी जताई गई और विवाद शुरू हुआ।

दुनिया भर में इस विषाणु को लेकर कई शोध चल रहे हैं। जानकारों का मानना है कि इस विषाणु की उत्पत्ति की जगह का पता लगाने के लिए ठोस व प्रामाणिक शोध किए जाने की जरूरत है। चीन के अखबार ग्लोबल टाइम्स ने कोरोना से जुड़ी एक रिपोर्ट छापी है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में अभी तक कोविड-19 के कम से कम चार मामले मिले हैं, जिनकी उत्पत्ति का पता नहीं चला है।

हाल ही में ताइवान में एक लोकल टीवी शो में औषधि वैज्ञानिक पैन हुवेई जॉन्ग ने कहा कि अमेरिका में कोविड-19 के मामले देखें तो यहां चीन के मुकाबले नए कोरोना विषाणु के ज्यादा मल्टीपल जेनेटिक टाइप देखने को मिले हैं।

वुहान के वायरोलॉजिस्ट यांग झैनक्यू के हवाले से ग्लोबल टाइम्स ने छापा है कि अमेरिका में इंफ्लुएंजा से हुई मौत के कारणों का पता लगाने के लिए अभी और ज्यादा शोध की जरूरत है।



**विषाणु समूह**

एक शोध पत्र के मुताबिक हो सकता है वुहान का हुआनन सीफूड बाजार कोरोना विषाणु का केंद्र ना हो। इसमें 58 नए विषाणु के हैप्लोटाइप्स को एच1-एच58 नंबर दिए गए। इन्हें पांच समूहों- अ, इ, उ, ऊ और ए में बांटा गया है, जिनमें अ सबसे बड़ा और ए सबसे छोटा विषाणु है। हालांकि, ह्युवेई में सिर्फ समूह उ के कोरोना विषाणु का ही पता लगा है। अमेरिका में इन पांचों समूहों के विषाणु को देखा गया है।

## शोध

# सामने आया कोरोना विषाणु का 'चेहरा'

जनसत्ता संवाद

दुनियाभर में 3500 से ज्यादा लोगों की मौत के जिम्मेदार खतरनाक कोरोना विषाणु की पहली असल तस्वीर सामने आ चुकी है। यह दिलचस्प है। चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम को विषाणु की असल संरचना की तस्वीर खोज निकाली है। इसे बड़ी कामियाबी के तौर पर देखा जा रहा है। संरचना के सामने आने के बाद उसके विश्लेषण को दिशा मिल पाएगी। वैज्ञानिकों ने विषाणु को निष्क्रिय करने के बाद उसकी तस्वीर निकाली है। इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप विश्लेषण तकनीक की मदद से उसका असली चेहरा सामने लाया गया है।

इस अहम कामयाबी को 'शेनजेन नेशनल क्लिनिकल मेडिकल रिसर्च सेंटर' और 'सदर्न यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी' की संयुक्त टीम ने हासिल किया है। इससे विषाणु की पहचान, उसके विश्लेषण और जरूरी शोध महत्त्वपूर्ण रास्ता साफ हो सकता है। विषाणु की तस्वीरें शेनझेन थर्ड हॉस्पिटल ने जारी की है।

शोध करने वाली टीम के सदस्य प्रोफेसर लियू चुआंग ने कहा कि विषाणु की उपस्थिति जो हम देखते हैं, वह बिल्कुल वैसा ही है जैसा कि प्रकृति में होता है। कोरोना विषाणु ने इंसान के शरीर की जिस कोशिका पर हमला किया था, वैज्ञानिकों ने उसकी भी तस्वीरें कैद कर ली हैं। शेनझेन थर्ड हॉस्पिटल के सचिव लियू लेई का कहना है कि इस खोज से कोरोना विषाणु की दवाओं और टीकों के विकास में काफी मदद मिलेगी। साथ ही विषाणु की तस्वीरों से उनके जीवन-चक्र को भी समझा जा सकता है। घातक कोरोना विषाणु दुनिया के लिए नया है। इसलिए अभी तक यह नहीं पता था कि उसकी संरचना कैसी है, वह दिखता कैसा है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इस पर रिसर्च कर रहे हैं। चीन के सरकारी अखबार डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण चीन के शेनजेन में शोधकर्ताओं ने फ्रोजेन इलेक्ट्रॉन माइक्रोसोप ऐनालिसिस तकनीक का इस्तेमाल किया। इस तकनीक के जरिए विषाणु के जैविक नमूने को सुरक्षित किया गया, जिससे यह पता चलता है कि जब यह विषाणु जिंदा था तो किस स्थिति में और कैसा था। यह सबसे विश्वसनीय नतीजा बताया जा रहा है।

शोध टीम के सदस्य और एसोसिएट प्रोफेसर लिउ चुआंग ने बताया, 'विषाणु की जिस संरचना को हमने देखा वह बिल्कुल वैसा ही है, जैसा जिंदा होने पर विषाणु होता।' टीम ने इसके साथ-साथ विषाणु से संक्रमित होने वाली कोशिका की स्थिति को भी तस्वीरों में कैद करने में कामयाबी हासिल की है। लिउ चुआंग ने बताया कि शोधकर्ताओं ने 27 जनवरी को एक मरीज के भीतर से कोरोना विषाणु को अलग किया और तकनीक के जरिए बहुत ही तेजी से जीनोम सिक्वेंसिंग और उसकी पहचान के काम को पूरा किया।

शोधकर्ताओं के मुताबिक, कोरोना विषाणु का संबंध विषाणु के ऐसे परिवार से है, जिसके संक्रमण से जुकाम से लेकर सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या हो सकती है। इस विषाणु को पहले कभी नहीं देखा गया है। इस विषाणु का संक्रमण दिसंबर में शुरू हुआ था। कोरोना विषाणु, विषाणुओं के एक बहुत बड़े परिवार का हिस्सा है, लेकिन इनमें से सिर्फ छह विषाणु ही ऐसे हैं जो इंसानों को संक्रमित कर सकते हैं। नोवेल कोरोना विषाणु यानी ये नया विषाणु पहली बार सामने आया है जो इंसान को संक्रमित कर रहा है।

इसके लिए अब तक ना तो कोई वैक्सीन है और ना बन सकी है। अनुसंधानकर्ता इस बारे में शोध कर रहे हैं। दवा निर्माता कंपनियां भी इस बीमारी का इलाज खोजने और इससे बचाव के लिए टीका बनाने में जुटी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन कोरोना को लेकर सतर्क है और इसका इलाज खोजने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

वैज्ञानिक अब भी इस बात की खोज करने में लगे हैं कि आखिर ये कोरोना विषाणु लोगों में फैल कैसे रहा है। बुजुर्गों में मौत के आंकड़े ज्यादा देखने को मिल रहे हैं।

**चीन** के शेनजेन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने जारी की कोरोना विषाणु की तसवीरें। दक्षिण चीन के 'शेनजेन नेशनल क्लिनिकल मेडिकल रिसर्च सेंटर' और 'सदर्न यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी' की संयुक्त टीम ने 'फ्रोजेन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप ऐनालिसिस' तकनीक की मदद से ली तसवीरें। अब कोरोना की दवाएं और टीका विकसित करने की कवायद शुरू होने की उम्मीद।



## विश्व परिक्रमा

### भारतवंशी समेत पांच को जेल

**रवि, 1 मार्च :** लंदन के साउथवार्क क्राउन कोर्ट ने एक करोड़ पाउंड के भुगतान घोटाले की एक ऑनलाइन धोखाधड़ी की साजिश में शामिल पांच लोगों को 30 साल से अधिक की सजा सुनाई है। इन पांच में एक भारत का नागरिक भी है। 44 साल के सतीश कोटिन्धुनी पर पिछले साल जून में धोखाधड़ी और आपराधिक संपत्ति को बदलने की साजिश रचने का आरोप है।

### ओसामा को मारने में मदद की थी

**सोम, 2 मार्च :** आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को मारने में अमेरिका की मदद करने वाला पाकिस्तानी डॉक्टर इस समय जेल में बंद है। शकील अफरीदी पाकिस्तान सरकार के खिलाफ

### ईरान पर ज्यादा यूरेनियम संवर्धन का आरोप

**मंगल, 3 मार्च :** ईरान ने 2015 में विश्व शक्तियों के साथ हुए करार में निर्धारित सीमा से पांच गुना अधिक संर्विधत यूरेनियम का भंडार जमा किया है। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निगरानी निकाय (आइएइए) ने बताया कि ईरान ने उसे दो केंद्र की जांच करने की अनुमति देने से भी मना कर दिया है।



डेनिस शमग्याल

### प्रधानमंत्री पद के लिए डेनिस पर मुहर

**बुध, 4 मार्च :** यूक्रेन की संसद ने प्रधानमंत्री पद के लिए डेनिस शमग्याल के नाम पर मुहर लगा दी। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री को राष्ट्रपति की आलोचना करने के चलते इस्तीफा पड़ा था।

### राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से बाहर वारेन

**गुरु, 5 मार्च :** 'सभी चीजों के लिये अपनी योजना' और आर्थिक लोकलुभावनवाद के मजबूत संदेश के साथ प्रगतिशील वर्ग की चहेती बनी एलिजाबेथ वारेन अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने की दौड़ से गुरुवार को अलग हो गईं।

### अमेरिकी दूतावास के बाहर आत्मघाती हमला

**शुक्र, 6 मार्च :** ट्यूनीशिया की राजधानी ट्यूनिस स्थित अमेरिकी दूतावास के बाहर शुक्रवार को हुए आत्मघाती हमले में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। ट्यूनीशिया के गृह मंत्रालय ने बताया कि धमाका अति सुरक्षित बर्जेस डू लाक जिले में शुक्रवार को दोपहर के समय हुआ जिसके बाद इलाके में अफरातफरी का माहौल हो गया।

### तीन राजकुमारों को हिरासत

**शनि, 7 मार्च :** सऊदी अरब के अधिकारियों ने शाही परिवार के दो बड़े राजकुमारों समेत तीन सदस्यों को हिरासत में लिया। शाही गार्ड ने शाह सलमान के भाई राजकुमार अहमद बिन अब्दुलअजीज अल-सउद और भतीजे राजकुमार मोहम्मद बिन नयेफ को उनके घर से हिरासत में ले लिया।

## जानें-समझें

*वित्तीय संकट या घोटाला*

# क्या गड़बड़ हो गई येस बैंक के साथ

दीपक रस्तोगी

उदारता से ब्याज देने के लिए जाने जा रहे बैंक के बेहद खराब दिन चल रहे हैं। इसकी आर्थिक स्थिति खस्ता है। इसके शेयर कौड़ियों के दाम भी नहीं बिक रहे। 16 साल पहले शुरू हुआ यह बैंक कम समय में देश का चौथा सबसे बड़ा निजी बैंक बन गया। कहा जा रहा है कि इसके संस्थापक रहे राणा कपूर और उनके परिवार ने अंधाधुंध कर्ज बांटे, जो चुकाए नहीं गए। कर्ज लेने वाली कंपनियों ने कथित तौर पर कपूर परिवार को वित्तीय फायदा पहुंचाया। प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो ने वित्तीय हेराफेरी की प्राथमिकियां दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कई सवाल हैं, जिनके उत्तर तलाशे जा रहे हैं।

### देनदारी का पहाड़

येस बैंक पर कुल 24 हजार करोड़ डॉलर की देनदारी है। बैंक के पास करीब 40 अरब डॉलर (2.85 लाख करोड़ रुपए) की बैलेंस शीट है। इस बैंक को डूबने से बचाने के लिए कम से कम दो हजार करोड़ डॉलर की देनदारियां चुकानी होंगी। येस बैंक ने इसके लिए अपनी योजना घरेलू धनदाताओं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक और जीवन बीमा निगम को सौंपा था। लेकिन इन सबमें योजना पर सहमति नहीं बनी। अगस्त 2018 में बैंक के शेयर का मूल्य 400 रुपए था, जो नकदी की कमी के चलते फिलहाल 37 रुपए के आसपास है। बैंक का बाजार पूंजीकरण 40,000 करोड़ रुपए घट गया है। बाजार पूंजीकरण एक मार्च 2019 को 55,000 करोड़ रुपए था, जो 29 जनवरी को 2020 को घटकर 11,000 करोड़ रुपए पर आ गया।

### जनता की पूंजी पर भरोसा

सरकार ने एसबीआइ और अन्य वित्तीय संस्थानों को येस बैंक को उबारने की अनुमति दी है। अगर इस योजना का क्रियान्वयन होता है तो कई साल में यह पहला मौका होगा, जब निजी क्षेत्र के किसी बैंक को जनता के धन के जरिए संकट से उबारा गया। इससे पहले 2004 में ग्लोबल ट्रस्ट बैंक का ओरियंटल बैंक आफ कॉमर्स में विलय किया गया था। 2006 में आइडीबीआइ बैंक ने यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक का अधिग्रहण किया था। इससे करीब छह माह पहले रिजर्व बैंक ने सहकारी बैंक पीएमसी बैंक के मामले में भी इसी तरह का कदम उठाया गया था।

### कमजोर होती नींव

बैंक के संस्थापकों में से एक अशोक कपूर की 2008 में मौत हुई तो कपूर परिवार में कलह शुरू हो गई। अशोक की पत्नी मध, अपनी बेटी शगुन को बैंक के बोर्ड में शामिल करना चाहती थीं, मामला मुंबई की अदालत तक पहुंचा, जिसमें जीत दूसरे संस्थापक राणा कपूर के पक्ष की हुई। राणा कपूर ने अंधाधुंध कर्ज बांटे और आरोप है कि एवज में उन्होंने रिश्वत ली। ईडी और सीबीआइ ने दो हजार करोड़ से ज्यादा की रिश्वत के दस्तावेज जुटाए हैं। कपूर एवं कई अन्य को गिरफ्तार कर जांच शुरू की गई है। इससे पहले जब रिजर्व बैंक ने राणा कपूर को हटाकर रणवीर गिल को बैंक का प्रबंध निदेशक बनाया, तब उम्मीद बंधी। लेकिन बैंक कर्ज की चपेट में आ गया। धीरे-धीरे बैंक के प्रमोटरों ने अपनी हिस्सेदारी बेचनी शुरू कर दी। अक्तूबर 2019 में नौबत यहां तक पहुंच गई कि राणा कपूर और उनके समूह की हिस्सेदारी घटकर 4.72 फीसद रह गई। येस बैंक के ग्राहकों में ज्यादातर कॉरपोरेट ग्राहक हैं। बैंक ने जिन कंपनियों को कर्ज दिया, उनमें अधिकतर घाटे में हैं। जब कंपनियां डूबने लगीं तो बैंक की हालत भी पतली हो गई।

### सीढ़ी दर सीढ़ी फिसलन

येस बैंक को झटके लगन की शुरुआत तब हुई, जब रिजर्व बैंक ने बैंक के अध्यक्ष और सह-संस्थापक राणा कपूर को उनके पद से हटा दिया। कहा गया कि बैंक के कामकाज में कुछ ऐसा है जिसे छुपाया जा रहा है। रिजर्व बैंक को अंदेशा था कि येस बैंक की ओर से बैलेंस शीट में सही जानकारी नहीं दी जा रही है। आरबीआइ ने 31 जनवरी, 2019 तक राणा कपूर से पद छोड़ने को कहा था। मार्च, 2019 में स्विफ्ट नियमों का पालन नहीं करने पर रिजर्व बैंक ने येस बैंक पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

अगला झटका क्यूआइपी ने दिया। क्यूआइपी, यानी क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट, जिसके जरिए कंपनियां अपने लिए पूंजी जुटाती हैं। येस बैंक ने क्यूआइपी के जरिए फंड इकट्ठा करने का जो लक्ष्य रखा था, वह हासिल नहीं हुआ। क्यूआइपी से महज 1,930 करोड़ रुपए जुट पाए। इसके बाद मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने बैंक की रेटिंग घटा दी है। मूडीज ने येस बैंक को बी2 से बी3 श्रेणी में डाल दिया।

### क्या कहते हैं जानकार





**भारत** की वित्तीय प्रणाली मजबूत है। एक कंपनी के डूबने का मतलब यह नहीं कि भारतीय वित्तीय प्रणाली हिल गई। यह अस्थायी स्थिति है। अभी येस बैंक के पुनर्गठन के लिए स्टेट बैंक ने जो शुरुआत की है, उसके नतीजे जल्द सामने आएंगे। तीन अप्रैल के पहले हालात सामान्य होंगे।
*– दीपक पारेख, चेयरमैन, एचडीएफसी*



**मेरा** मानना है कि आरबीआइ और सरकार के पास ताकत है कि बाजार में तुरंत स्थिरता ले आएं और वित्तीय क्षेत्र को मजबूती प्रदान करें। अगले कुछ दिनों में सब कुछ सामान्य हो जाना चाहिए।
*– उदय कोटक, शीर्ष बैंकर*

### येस बैंक : एक नजर

**साल 2004** में राणा कपूर ने अपने रिश्तेदार अशोक कपूर के साथ मिलकर इस बैंक की शुरुआत की। 26/11 के मुंबई हमले में अशोक कपूर की मौत हो गई, उसके बाद अशोक कपूर की पत्नी मधु कपूर और राणा कपूर के बीच मालिकाना हक को लेकर लड़ाई शुरू हो गई। मधु अपनी बेटी के लिए बोर्ड में जगह चाहती थीं।

**देश** के चौथे सबसे बड़े निजी बैंक यानी येस बैंक की मौजूदगी पूरे देश में है। इसका मुख्यालय मुंबई में है। इस बैंक की देश भर में एक हजार से ज्यादा शाखाएं और 1800 एटीएम हैं। येस बैंक की महिला विशेष शाखाएं भी हैं, जो 'येस ग्रेस ब्रांच' के नाम से चलाए जाते हैं। इसके अलावा, देश में 30 से ज्यादा 'येस एसएमई ब्रांच' भी हैं, जो एसएमई को विशेष सेवाएं मुहैया कराते हैं।

## व्यक्तित्व

# कैप्टन रुचि शर्मा : सेना की पहली पैराशूटधारी योद्धा

जनसत्ता संवाद

हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह ट्वीट सुर्खियों में रहा, जिसमें उन्होंने लिखा, 'मैं इस महिला दिवस पर अपना सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं को सौंप रहा हूं, जिन्होंने हमें प्रेरित किया है।' उन्होंने आगे लिखा कि अगर आप किसी ऐसी महिला को जानते हैं, जिन्होंने आपको प्रेरित किया हो, तो उनकी कहानी 'हैशटैग शीइंसपायर्सअस' के साथ साझा करें। प्रधानमंत्री की इस अपील के बाद ट्विटर पर लगातार यह हैशटैग ट्रेंड करता रहा और विभिन्न संगठन एवं लोग महिलाओं को प्रेरित करने वाली कहानियां साझा की गईं। इसी क्रम में रक्षा मंत्रालय के प्रधान प्रवक्ता के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से कैप्टन रुचि शर्मा की कहानी साझा की गई। रक्षा मंत्रालय ने अपने ट्वीट में लिखा, 'कैप्टन रुचि शर्मा भारतीय सेना की पहली ऑपरेशनल पैराट्रूपर हैं। वे अब भी सभी उम्र की महिलाओं को देश की सेवा के लिए प्रेरित करती हैं।' सेना में ऑपरेशनल पैराट्रूपर, यानी पैराशूट से कूदने और युद्ध के दौरान चौंकाने वाले हमले करने में माहिर सैन्यकर्मी। कैप्टन रुचि शर्मा वर्ष 1996 में सेना में शामिल हुईं और उन्होंने पहली महिला ऑपरेशनल पैराट्रूपर बनने की योग्यता हासिल की। पैराट्रूपर को निर्धारित स्थान पर उतरने के लिए पैराशूट का उपयोग करके विमानों से कूदने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। इनका का इस्तेमाल अक्सर युद्ध के दौरान चौंकाने वाले हमलों के लिए किया जाता है। युद्ध के दौरान इस तरह के प्रशिक्षित सैनिकों को बेहद अहम माना जाता है। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान टंगाइल की लड़ाई भारतीय योद्धाओं ने ऑपरेशनल पैराट्रूपर का इस्तेमाल कर जीती थी। कैप्टन रुचि शर्मा (रिटायर) 1996 से 2003 तक भारतीय सेना का हिस्सा रहीं। वे कहती हैं, मैं हर तरह के मुकाबले के लिए व्यक्तिगत रूप से तैयार रहती हूं। मुझे लगता है कि महिलाओं को लड़ाकू हथियार उठाने का मौका दिया जाना चाहिए। मैं यह भी नहीं कह रहा हूं कि पुरुषों और महिलाओं में समान शारीरिक शक्ति है। उन्हें यह मौका दिया जाना चाहिए। महिलाएं भी इस काम को अच्छे से कर सकती हैं। वे कहती हैं कि जब वे सेना में शामिल हुईं, तब महिलाओं के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन का ही प्रावधान था। अगर तब स्थायी कमीशन का फैसला होता तो मैं स्थायी कमीशन ही चुनती। उन्होंने 2001-2002 के ऑपरेशन पराक्रम में हिस्सा लिया। महिलाओं की युद्ध के मैदान में भूमिका को लेकर वे कहती हैं कि अलग से इंतजाम की जो बातें कही जाती हैं, वे सिर्फ इतनी हैं कि महिलाओं के लिए अलग टेंट का इंतजाम किया जा सकता है। पुरुषों में शारीरिक शक्ति बेशक ज्यादा होती है, लेकिन महिलाएं हथियार उठा सकती हैं और बेहतर कर सकती हैं। इसी बुधवार को चंडीगढ़ स्थित उनके कॉलेज एमसीएम डीएवी कॉलेज की स्वर्ण जयंती के मौके पर कैप्टन शर्मा को सम्मानित किया गया। वे 1995 में इसी कॉलेज में विज्ञान की विद्यार्थी थीं। उनके कई साथी आइएएस बने। वे खुद सर्जन बनना चाहती थीं, लेकिन उनके कदम सेना की ओर मुड़ गए। शर्मा को सेना के ऑर्डिनेंस कोर में कमीशन मिला और बतौर पैराट्रूपर उन्होंने 1997 में पहली छलांग लगाई।



www.readwhere.com

# जम्मू-कश्मीर में कोरोना विषाणु के पहले मामले की पुष्टि

जम्मू, 9 मार्च (भाषा)।

जम्मू में 83 वर्षीय एक महिला कोरोना वायरस की जांच में संक्रमित पाई गई है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर में यह पहला मामला है जहां संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसी के साथ देश भर में कुल 42 लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। सोमवार को कोच्चि में अधिकारियों ने बताया कि केरल में तीन साल का एक बच्चा कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव पाया गया।

पूर्व में ईरान की यात्रा कर चुकी महिला उन दो मरीजों में शामिल हैं जिन्हें प्रशासन ने सप्ताहांत में 'हाई वायरल लोड मामला' घोषित किया था। हाई वायरल लोड मामले ऐसे मामले होते हैं जिनमें संक्रमण बहुत ज्यादा होता है। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के पृथक वार्ड में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया, 'महिला मरीज की जांच रिपोर्ट पॉज्जिमटिव पाई गई है जबकि अन्य मरीज की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।' अधिकारियों ने बताया कि सऊदी अरब से लौटी अन्य महिला को डोडा के जीएमसी अस्पताल में रविवार को भर्ती कराया गया था और पृथक केंद्र में निगरानी में रखा गया। उन्होंने बताया कि महिला के नमूने जांच के लिए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआइवी) पुणे भेजे गए हैं।

शनिवार को मरीजों को 'हाई वायरल लोड मामले' घोषित करने के बाद प्रशासन ने केंद्र शासित प्रदेश के छह जिलों के सभी प्राथमिक स्कूलों को तत्काल बंद करने और एहतियात के तौर पर 31 मार्च तक उपस्थिति दर्ज कराने की बायोमीट्रिक प्रक्रिया पर रोक लगाने की घोषणा की।

इटली, दक्षिण कोरिया और ईरान की यात्रा कर चुकीं दोनों महिलाएं बुधवार को भर्ती कराए जाने के बाद अस्पताल के पृथक वार्ड से भाग गई थी लेकिन दोनों को फौरन वापस लाया गया। जांच के लिए उनके नमूने पुणे भेजे गए हैं।

कोरोना वायरस के किसी भी खतरे से निपटने के लिए जम्मू-कश्मीर को अलर्ट पर रखा गया है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन के प्रवक्ता रोहित कंसल ने बताया कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और जम्मू के सतावड़ी और सरवाल इलाकों में 400 लोगों को निगरानी में रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि इन इलाकों में आंगनवाड़ी केंद्रों को भी 31 मार्च तक बंद रखा गया है। रविवार देर रात किए गए दो ट्वीट में उन्होंने कहा कि संदिग्ध मामलों के सभी संपर्कों की जांच की गई है और उन्हें पृथक रखा गया है।

कंसल ने बताया कि प्रशासन सोमवार से केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना वायरस की जांच के लिए दो लैब बना रहा है जबकि अगले कुछ दिनों में दो और लैब शुरू हो जाएंगी। किसी बड़ी आपदा के संदेह को दूर करते हुए जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने कहा है कि वह स्थिति पर नजर बनाए हुए है और घबराने की कोई बात नहीं है।

अधिकारियों ने कहा, 'कुल 287 लोगों की सक्रियता से निगरानी की जा रही है। इनमें से 95 मामलों ने 28 दिनों तक निगरानी अवधि को पूरा किया है जबकि संदिग्ध मामलों के 28 नमूनों को अब तक जांच के लिए भेजा गया है जिनमें से 26 के परिणाम निगेटिव पाए गए हैं।' प्रशासन के एक प्रवक्ता ने बताया, 'सड़क के जरिए जम्मू-कश्मीर में आने वाले लोगों की लखनपुर और लोअर मुंडा में निगरानी की जा रही है। जम्मू और कटरा रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क संचालित किए जा रहे हैं।' उन्होंने बताया कि रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए थर्मल ईमेजिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही किसी तरह के लक्षण नजर आने पर स्वतः जिक्र करने को भी कहा गया है। प्रशासन ने अपील की है कि जहां कहीं भी लोगों को पृथक रहने की सलाह दी गई है वहां वे इस कदम में पूर्ण सहयोग करें।

# कोरोना के खतरे के बीच दिल्ली में बसों और मेट्रो कोच में सफाई शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली,9 मार्च।

दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए इससे बचाव के लिए दिल्ली परिवहन निगम की बसों व मेट्रो कोच के अलावा अस्पतालों की रेलिंग व लिफ्ट वगैरह की सफाई शुरू कर दी गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोगों को मास्क पहनने की जरूरत नहीं है बल्कि जिन्हें जुकाम-खांसी है, वहीं मास्क का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि दिल्ली में अब तक कुल तीन पुष्ट मामले आए हैं एक की जांच चल रही है। सफदरजंग व आरएमएल अस्पताल में कोरोना के पुष्ट व संदिग्ध मामलों को मिला कर 31 लोग भर्ती हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए उनके आदेश के बाद दिल्ली परिवहन निगम की बसों व मेट्रो के कोच को संक्रमण रहित (स्टराइल)करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही अस्पतालों की रेलिंग, लिफ्ट व अन्य संवेदनशील जगहों की खास तौर से साफ-सफाई व संक्रमण से मुक्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह काम नियमित तौर पर जारी रहेगा।

## जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर नए यातायात को मंजूरी नहीं

बनिहाल, 9 मार्च (भाषा)।

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को दूसरे दिन भी नए यातायात को अनुमति नहीं दी गई ताकि ट्रकों सहित फंसे वाहन आवश्यक सामग्री कश्मीर घाटी तक पहुंचा सकें।

यह जानकारी अधिकारियों ने दी। रामबन और बनिहाल के बीच मूसलाधार बारिश के कारण कई भूस्खलन होने और बड़े-बड़े पत्थर गिरने के कारण पिछले हफ्ते से यहां यातायात बाधित है।

यह एकमात्र राजमार्ग है जो कश्मीर घाटी को देश के शेष हिस्से से जोड़ता है।

# कोरोना विषाणु : म्यांमा और बांग्लादेश से लगी मिजोरम की सीमाएं सील होंगी

आइजोल, 9 मार्च (भाषा)।

मिजोरम में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से म्यामां एवं बांग्लादेश से लगने वाली राज्य की सीमाओं को सील कर विदेशियों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया जाएगा। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मिजोरम की 510 किलोमीटर लंबी सीमा म्यामां से और 318 किलामीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री जोरमथांगा की ओर से सोमवार को बुलाई गई बैठक में राज्य के मुख्य सचिव लालनुनमाविया चुआउंगो ने बताया कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के उद्देश्य से दोनों देशों के साथ लगने वाली सीमाओं को सील करने का निर्णय किया गया है।

हालांकि, वरिष्ठ अधिकारियों के लिए जोख्तर में म्यामां से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी और किसी भी आपात स्थिति में आने वाले लोगों की जांच के लिए एक चिकित्सा दल चौबीसों घंटे तैनात किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय किया गया कि चार प्रवेश मार्ग को छोड़कर सभी अंतर्राज्यीय प्रवेश मार्ग को बंद कर दिया जाएगा ओर नए प्रवेशकों के लिए इनर लाइन परमिट जारी नहीं किया जाएगा। मिजोरम की सीमा असम, मणिपुर और त्रिपुरा से लगती है ।

# कपूर की पत्नी और तीन बेटियों पर रिश्वत का मामला

पेज 1 का बाकी

सात आरोपियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किया है ताकि वे देश छोड़कर नहीं जा सकें। यह मामला घोटालों में घिरी डीएचएफएल द्वारा कपूर परिवार को कथित तौर पर 600 करोड़ रुपए की रिश्वत देने से जुड़ा है।

सीबीआइ ने अपनी प्राथिमिकी में पांच कंपनियों, 62 वर्षीय कपूर, उनकी पत्नी बिंदु, और तीन बेटियों रोशनी, राखी और राधा सहित सात व्यक्तियों को नामजद किया है। इसके साथ ही एजंसी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है।

इस बीच प्रवर्तन निदेशालय येस बैंक के कर्ज खातों को खंगाल रहा है। वह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि बैंक ने औद्योगिक घरानों को करोड़ों रुपए के ऐसे कितने कर्ज दिए हैं जो बाद में गैर-निष्पादित राशि (एनपीए) में परिर्वितत हो गए। सूत्रों ने बताया कि येस बैंक के सीइओ रवनीत गिल से भी सोमवार को उनके मुंबई स्थित कार्यालय में ईडी ने पूछताछ की है।

राणा कपूर के अलावा एजंसी ने उनकी पत्नी बिंदु, बेटी रोशनी, राखी और राधा पर मामला दर्ज किया है। इसके अलावा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्रवर्तक कपिल वाधवन और डीएचएफएल से संबंधित कंपनी आरकेडब्लू डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक धीरज राजेश कुमार वाधवन को भी आरोपी बनाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआइ अधिकारियों की दस टीमें मुंबई में आरोपियों के आवास और आधिकारिक परिसरों में तलाशी ले रही हैं। वहीं प्राथमिकी में नामजद कपूर और वाधवान समेत सभी सातों आरोपियों के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है।

इसके अलावा डीएचएफएल, आरकेडब्लू डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, कपूर परिवार के नियंत्रण वाली डोल्ट अर्बन वेंचर्स, आरएबी एंटरप्राइजेज (लिंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (जिसमें बिंदु राणा कपूर निदेशक थीं) और मॉर्गन क्रेडिट्स प्राइवेट लिमिटेड (जिसमें राणा कपूर की बेटियां निदेशक थीं) को भी आरोपी बनाया गया है।

सीबीआइ वर्ली के समुद्र महल इमारत में स्थित कपूर के अपार्टमेंट के अलावा उनकी बेटी राखी और राधा के एनसीपीए परिसर स्थित आवास, वाधवन के घर सी-व्यू, पैलेस हिल्स की भी तलाशी ले रही है।

# शेयर में 30 फीसद से अधिक की तेजी

पेज 1 का बाकी

की 49 फीसद हिस्सेदारी खरीदेगा। उसने स्पष्ट किया कि इस खरीदारी के बाद पुनर्गठित बैंक में जमा और देनदारियां पहले की तरह बनी रहेंगी। येस बैंक इससे पहले पूंजी जुटाने में असफल रहा था। इसके बाद गुरुवार को रिजर्व बैंक ने सरकार के साथ विचार विमर्श कर बैंक के निदेशक मंडल को बर्खास्त कर दिया और उसमें प्रशासक नियुक्त कर दिया। स्टेट बैंक ने एक बयान में कहा, 'यस बैंक के दो रुपए अंकित मूल्य वाले 255 करोड़ शेयर हैं। एसबीआइ को 2,450 करोड़ रुपए में 10 रुपए प्रति शेयर के भाव पर 245 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे। ये पुनर्गठित बैंक की शेयर पूंजी का 49 फीसद होगा।' बयान में कहा गया कि पूंजी लगाने के तीन साल तक एसबीआइ अपनी हिस्सेदारी को 26 फीसद से कम नहीं कर सकता है। रिजर्व बैंक ने एसबीआइ के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य वित्तीय अधिकारी प्रशांत कुमार को यस बैंक का प्रशासक नियुक्त किया है। एसबीआइ के शेयर बीएसई में चार फीसद की गिरावट के साथ 258.50 पर थे।

## भेदिया कारोबार को लेकर जांच के घेरे में

पेज 1 का बाकी

आंच आ सकती है जिन्होंने सरकार प्रायोजित बचाव योजना के बारे में जानकारी पहुंचाई। रिजर्व बैंक ने येस बैंक पर तीन अप्रैल तक कामकाज को लेकर पाबंदी लगा रखी है। कपूर और कपूर परिवार के कई लोगों पर बैंक की गोपनीय अप्रकाशित जानकारी मिलने पर खरीद-फरोख्त करने और शेयरों में गिरावट आने से पहले ही सौदे करने की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रपति ने होली पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने होली के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सोमवार को कामना की कि यह त्योहार सभी लोगों में परस्पर सद्भाव व मैत्री को और मजबूत बनाए। कोविंद ने होली की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में कहा, 'होली के अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रह रहे सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देता हूं। रंगों का उत्सव होली, शरद ऋतु के समापन का और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देता है।' उन्होंने कहा कि यह उत्सव, सभी के जीवन में आशा का संचार करने वाला होता है और इसलिए हमारी सांस्कृतिक परंपरा में होली का विशेष स्थान है। हर आयु और हर वर्ग के लोग इस त्योहार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाते हैं।

कोविंद ने कहा कि विविध रंगों से ओत-प्रोत होली का यह पर्व, हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। राष्ट्रपति ने कहा, 'मेरी कामना है कि इस पर्व के माध्यम से अपनी अमूल्य विरासत और जीवन-मूल्यों में देशवासियों का विश्वास बढ़े और यह त्योहार सभी लोगों में परस्पर सद्भाव व मैत्री को और मजबूत बनाए।'

# दिल्ली हिंसा में ताहिर हुसैन के भाई सहित तीन गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया है। त्रिलोकपुरी इलाके में रहने वाले मोहम्मद दानिश पर दंगा भड़काने के अलावा षड्यंत्र रचने का आरोप है। कथित कट्टरपंथी संगठन पीएफआइ पर संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शनों के लिए धन मुहैया कराने के आरोप हैं।

वहीं, उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की जांच कर रही अपराध शाखा की टीम ने तकनीकी सर्विलांस और अन्य सबूतों के आधार पर लोकेश कुमार सोलंकी को रविवार को गिरफ्तार किया। उससे की गई पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की भी पहचान की गई है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने कहा कि आगामी दिनों में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

# शेयर बाजार धड़ाम : लगी 7 लाख करोड़ की चपत

पेज 1 का बाकी

साथ 35,634.95 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 538 अंक गिर कर 10,451.45 अंक रह गया। शेयर बाजार में इस बड़ी गिरावट से निवेशकों को कारोबार के अंत में 6,84,277.65 करोड़ रुपए की चपत लगी और बाजार पूंजीकरण 1,37,46,946.76 करोड़ रुपए पर आ गया। बंबई शेयर बाजार में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 1,44,31,224.41 करोड़ रुपए था।

सूचकांक की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर सर्वाधिक 16 फीसद से अधिक टूटा। रिलांयस इंडस्ट्रीज, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, टीसीएस, एसबीआइ, आइसीआइसीआइ बैंक और बजाज ऑटो को भी बड़ा घाटा हुआ। येस बैंक के अधिग्रहण के बारे में एसबीआइ के ताजा बयान से देश के इस सबसे बड़े बैंक का शेयर 6 फीसद से अधिक नीचे आ गया। स्टेट बैंक ने कहा है कि वह 2,450 करोड़ रुपए में येस बैंक की 49 फीसद हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा। इसके विपरीत येस बैंक के शेयर 31 फीसद लाभ में रहे।

एक फरवरी को आम बजट के बाद से सूचकांक कुल मिलाकर 5,088.54 यानी 12.49 फीसद और निफ्टी 1,510.65 अंक यानी 12.62 फीसद नीचे आ चुका है। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग के अध्यक्ष (इक्विटी रिसर्च) पारस बोथरा ने कहा कि अंकों के हिसाब से किसी एक दिन में घरेलू बाजार में सबसे बड़ी गिरावट रही और देश के शेयर बाजार में फीसद के हिसाब से करीब पांच साल की सबसे बड़ी गिरावट है।

# ट्विटर ने ट्रंप के रीट्वीट किए गए वीडियो को फर्जी बताया

पेज 1 का बाकी

या डॉक्टर्ड वीडियो से निपटने के लिए काफी संघर्ष करता रहा है, लेकिन इस क्रम में उसपर यह भी आरोप लगे कि इन फर्जी वीडियो को हटाने के चक्कर में उसने कई लोगों के राजनीतिक विचारों को भी दबाया है।

कंपनी ने पिछले ही सप्ताह घोषणा की थी कि वह ऐसे वीडियो/तस्वीरों पर नजर रखेगा जो डॉक्टर्ड हैं या जिनमें जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। उसी दिन कंपनी ने कहा था कि वह घृणा फैलाने वाले भाषणों पर प्रतिबंध में भी विस्तार करेगा।

वाइट हाउस के सोशल मीडिया निदेशक डैन स्काविनो द्वारा ट्वीट किए गए इस क्लिप में बाइडेन लोगों से कहते नजर आ रहे हैं, 'हम सिर्फ डोनाल्ड ट्रंप को फिर निर्वाचित कर सकते हैं।' ट्रंप ने इसी फुटेज को रीट्वीट किया और सोमवार तक करीब 60 लाख लोगों ने इसे देखा। यह वीडियो डॉक्टर्ड है और इसमें बाइडेन के वाक्य के अंतिम हिस्से को काट दिया गया है। वीडियो में बाइडेन के जुमले के अंत को क्रॉप कर दिया गया जिसमें वह मिसौरी में एक हालिया प्रचार अभियान में पार्टी एका पर चर्चा कर रहे थे।

बाइडेन ने कहा था, 'हम डोनाल्ड ट्रंप को तभी फिर निर्वाचित कर सकते हैं, जब हम चारों ओर से गोलियों से भूने जाने की हालत में पहुंच जाएं।' ट्विटर ने इस वीडियो क्लिप को 'डॉक्टर्ड बताया है, जिसके बाद सोमवार के एक अन्य ट्वीट में स्काविनो ने इसका खंडन किया है।

# कैबिनेट बैठक में पहुंचे सभी मंत्रियों के इस्तीफे

पेज 1 का बाकी

मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।' बताया जा रहा है कि मंत्रियों से इस्तीफे कैबिनेट के नए सिरे से पुनर्गठन के नाम पर लिए गए। इन मंत्रियों के इस्तीफा देने से पहले कमलनाथ ने सोमवार रात को एक बयान में कहा कि मैं अपनी सरकार को अस्थिर करने वाली ताकतों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दूंगा। इससे पहले, यह खबर आते ही कि कांग्रेस में ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक माने जाने वाले 17 विधायक सोमवार को बंगलुरु पहुंच गए हैं मध्य प्रदेश का सियासी पारा होली से एक दिन पूर्व एकदम से चढ़ गया। कर्नाटक पहुंचने के बाद सबने अपने मोबाइल फोन बंद कर दिए। खबर यह भी आई कि कुल 27 विधायकों के मोबाइल फोन बंद हैं।

इस दौरान, नई दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। भोपाल रवाना होने से पहले कमलनाथ ने मीडिया कहा कि भाजपा ने राज्य में 15 साल में जो भ्रष्टाचार किया, वह सामने आने जा रहा है। इसलिए वे बेचैन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह सोनिया गांधी की सलाह मानेंगे।

माना जा रहा है कि सोनिया गांधी से मुलाकात में उन्होंने राज्यसभा चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की। अनुमान लगाया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को मनाने के लिए उन्हें राज्यसभा भेजा जा सकता है। मुलाकात के बाद कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष के साथ उनकी सभी मुद्दों पर चर्चा हुई। सिंधिया को मनाने के लिए राज्यसभा की सांसदी के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष बनाने की पेशकश किए जाने की खबरें सामने आई हैं।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साधी चुप्पी

पेज 1 का बाकी

बनाने की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में सिंधिया के मोबाइल फोन पर बार-बार संपर्क करने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। सिंधिया के अलावा, उनके समर्थक मध्य प्रदेश के छह मंत्रियों और कई विधायकों के मोबाइल फोन भी सोमवार शाम से बंद हैं।

# शोपियां मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी ढेर

पेज 1 का बाकी

घटनास्थल से दोनों शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए आतंकवादियों की पहचान कुलगाम निवासी शब्बीर अहमद मलिक उर्फ अबू माविया तथा वदीना मेलोहरा निवासी अमीर अहमद डार के रूप में हुई है।

पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकवादी मलिक दक्षिण कश्मीर में विभिन्न आतंकवादी घटनाओं में शामिल था। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर तलाशी के दौरान एक एके -47, एक ग्रेनेड लांचर, एक एके -मैगजीन, एक चीनी पिस्तौल और कारतूस आदि बरामद किए गए।

**पुंछ में पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार**

सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा से एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का निवासी फरियाद अली (20) नियंत्रण रेखा के इस ओर आ घुसा, जिसे सेना ने रविवार देर रात बालाकोट सेक्टर के सीमावर्ती इलाके में रोक दिया।

अली से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर लग रहा है और हो सकता है कि वह अनजाने में इस ओर आ गया हो। उससे पूछताछ पूरी होने के बाद ही चीजें साफ हो पाएंगी।

# देश में 5400 बिस्तरों का इंतजाम करेंगे सशस्त्र बल

पेज 1 का बाकी

फैलने की आशंका को देखते हुए इन बलों को 75 पृथक वार्ड बनाने के लिए भी कहा गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दिल्ली में संक्रमित पाया गया व्यक्ति इटली की यात्रा से लौटा था। उत्तर प्रदेश के मेरठ में कोरोना विषाणु से संक्रमित व्यक्ति आगरा में संक्रमित पाए गए छह लोगों के संपर्क में आया था। वहीं, जम्मू में संक्रमण का शिकार व्यक्ति ईरान की यात्रा से वापस आया था। यह जम्मू-कश्मीर का पहला मामला है।

केरल में एक तीन साल का बच्चा कोरोना विषाणु से संक्रमित पाया गया है। बच्चा अपने अभिभावक के साथ इटली से आया था और 7 मार्च को कोचिन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा था। हवाई अड्डे पर तापीय जांच में ही बच्चे में संक्रमण के लक्षण पाए गए थे। इसके बाद पूरे परिवार को एक अस्पताल के पृथक वार्ड में भेज दिया गया था। बच्चे के माता-पिता के नमूनों को भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अब तक 43 संक्रमित लोगों में केरल के वे तीन मरीज भी शामिल हैं जिन्हें पिछले महीने सेहत में सुधार आने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। इसके अलावा इनमें 16 इटली के पर्यटक भी शामिल हैं।

**देश में कोरोना से कोई मौत नहीं :** मंत्रालय के मुताबिक देश में कोरोना विषाणु संक्रमण से अब तक किसी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है। मंत्रालय में विशेष सचिव संजीव कुमार ने स्पष्ट किया कि रविवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अस्पताल के पृथक वार्ड में जिस व्यक्ति की मौत हुई थी, वह कोरोना वायरस की जांच में निगेटिव पाया गया था। उसे सऊदी अरब से लौटने के बाद कोरोना विषाणु के लक्षणों के संदेह में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**अब तक 3003 नमूनों की हुई जांच :** कोरोना विषाणु की जांच के संबंध में लिए गए कुल 3,003 नमूनों में से 43 की जांच पॉजिटिव पाई गई जबकि 2,694 निगेटिव निकले शेष नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है। अब तक 8,255 उड़ानों से आए 8,74,708 अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की हवाई अड्डों पर जांच की गई है जिनमें से 1,921 यात्रियों में लक्षण नजर आए थे। इनमें से करीब 177 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, 33,599 यात्रियों को निगरानी में रखा गया है जबकि 21,867 यात्रियों ने निगरानी अवधि पूरी कर ली है। मंत्रालय ने लोगों से अपना यात्रा इतिहास स्पष्ट तौर पर बताने और स्वतः जिक्र वाले फॉर्म ठीक से भरने की अपील की है।

# सरकार हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार : हर्षवर्धन

पेज 1 का बाकी

प्रशासनिक अमले को भी सचेत व सक्रिय रखें। हर्षवर्धन ने राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना विषाणु के संकट से निपटने के लिए दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक के बाद कहा कि मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम सब मिलकर सभी प्रकार की तैयारियां कर रहे हैं। स्थिति से निपटने के लिए कोई भी रास्ता हम छोड़ नहीं रहे हैं। बैठक में दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तीनों नगर निगमों के मेयर सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि उन्होंने भारत में कोरोना विषाणु के संक्रमण की मौजूदा स्थिति और हालात से निपटने की तैयारियों के बारे में रविवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की क्षेत्रीय निदेशक के साथ बैठक की थी। उन्होंने कहा कि डब्लूएचओ ने भी कोरोना विषाणु से निपटने के लिए भारत के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार से राजधानी में स्थिति की नियमित समीक्षा करने और हर संदिग्ध मामले की विस्तार से तहकीकात कर केंद्रीय एजंसियों को भी अवगत कराने को कहा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में आए अब तक 8.74 लाख से अधिक यात्रियों की विभिन्न हवाई अड्डों पर, 16.50 हजार से अधिक यात्रियों की दर्जन भर बंदरगाहों पर और स्थल सीमाओं से आने वाले 11.50 लाख से अधिक यात्रियों की तापीय जांच की गई है। इनमें से 30,520 यात्रियों को सामुदायिक निगरानी के दायरे में रखा गया। संक्रमण की जांच के बारे में उन्होंने बताया कि अब तक दिल्ली और पुणे सहित अन्य शहरों की 15 प्रयोगशालाओं में नमूनों परीक्षण किया जा रहा था, अब 31 और प्रयोगशालाएं सक्रिय की गई हैं। वर्तमान में 46 प्रयोगशालाएं जांच का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी राज्य सरकारों के साथ भी नियमित समीक्षा की जा रही है और राज्यों को कोरोना विषाणु से निपटने के लिए जल्द त्वरित कार्रवाई टीम बनाने के लिए कहा गया है।

# लखनऊ के जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त को आरोपियों के पोस्टर हटाने का निर्देश

पेज 1 का बाकी

थी कि अदालत को इस तरह के मामले में जनहित याचिका की तरह हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। अदालत को ऐसे कृत्य का स्वतः संज्ञान नहीं लेना चाहिए जो ऐसे लोगों द्वारा किए गए हैं जिन्होंने सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है।

महाधिवक्ता ने सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों के पोस्टर लगाने की राज्य सरकार की कार्रवाई को 'डराकर रोकने वाला कदम' बताया था ताकि इस तरह के कृत्य भविष्य में दोहराए न जाएं।

इससे पहले इस अदालत ने 7 मार्च, 2020 को पिछले साल दिसंबर में सीएए के विरोध के दौरान हिंसा के आरोपियों के पोस्टर लगाए जाने पर स्वतः संज्ञान लिया था। 7 मार्च के ही आदेश में अदालत ने लखनऊ के जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को उस कानून के बारे में बताने को कहा था जिसके तहत लखनऊ की सड़कों पर इस तरह के पोस्टर व होर्डिंग लगाए गए।

पुलिस ने पिछले साल दिसंबर में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध के दौरान हिंसा में लिप्त आरोपियों की पहचान कर पूरे लखनऊ में उनके कई पोस्टर और होर्डिंग लगाए हैं।

इन होर्डिंग में आरोपियों के नाम, फोटो और आवासीय पतों का उल्लेख है। परिणामस्वरूप नामजद लोग अपनी सुरक्षा को लेकर आशंकित हैं।

इन आरोपियों को एक निर्धारित समय सीमा के भीतर सार्वजनिक और निजी संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई करने को कहा गया है। भुगतान नहीं करने पर जिला प्रशासन द्वारा उनकी संपत्ति जब्त करने की बात कही गई है।

www.readwhere.com



बेजिंग में सोमवार को सैन्य अस्पताल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग मास्क पहनकर स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत करते हुए।

# कोरोना वायरस से चीन में 22 और लोगों की मौत

- संक्रमण के नए मामलों में आई कमी।
- रविवार को ऐसे महज 40 मामले दर्ज किए गए।
- स्थिति में सुधार के बाद कई अस्थायी अस्पताल बंद।

बेजिंग, 9 मार्च (भाषा)।

चीन में घातक वायरस से 22 और लोगों की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा 3,119 पर पहुंच गया है। जनवरी के बाद से किसी एक दिन में हुई ये सबसे कम मौतें हैं। वहीं, संक्रमण के नये मामलों में भी कमी देखी गई है और रविवार को ऐसे महज 40 मामले दर्ज किए गए।

वायरस के मामलों में लगातार देखी जा रही गिरावट के बाद अधिकारियों ने वायरस से सर्वाधिक प्रभावित वुहान में 11 अस्थायी अस्पतालों को बंद कर दिया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग (एनएचसी) ने सोमवार को बताया कि देश भर में 40 नए मामले सामने आए और रविवार को 22 लोगों की मौत हो गई।

रविवार तक संक्रमण के मामलों की संख्या 80,735 पर पहुंच गई जिनमें 3,119 मृतक, इलाज करा रहे 19,016 मरीज और सेहत में सुधार के बाद अस्पताल से छुट्टी पाने वाले 58,600 लोग शामिल हैं। रविवार को हुई मौतों में से 21 हुबेई प्रांत में और एक गुआंगदोंग प्रांत में हुई। आयोग ने बताया कि 60 लोगों के संक्रमित होने का संदेह है। इसी के साथ संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 421 पर पहुंच गई।

रविवार को ही संक्रमण के चार ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें संक्रमित व्यक्ति विदेश से आए थे। ये सभी मामले गांसू प्रांत के हैं।

एनएचसी ने बताया कि अब तक ऐसे 67 मामले सामने आए हैं जो बाहर से संक्रमित होकर चीन पहुंचे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने खबर दी कि रविवार तक हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एसएआर) में तीन मौतों के साथ 114 लोग संक्रमित पाए गए, वहीं मकाऊ एसएआर में 10 मामलों की पुष्टि हुई और ताइवान में एक मौत समेत 45 मामलों की पुष्टि हुई है। इस बीच, चीन ने वुहान में सभागारों और खेल परिसरों जैसे बड़े सार्वजनिक स्थानों में बनाए गए कई अस्थायी अस्पतालों को तोड़ना शुरू कर दिया है। ये सभी अस्पताल जनवरी और फरवरी में वायरस के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए बनाए गए थे।

चीन ने महज 10 दिनों में 2,300 बेड की क्षमता वाले दो अस्थायी अस्पतालों का निर्माण कर लिया था और बाद में मरीजों की तादाद को देखते हुए सार्वजनिक इमारतों को अस्पतालों में बदलना शुरू कर दिया था। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि वुहान में बनाए गए इन दो अस्थायी अस्पतालों को रविवार को बंद कर दिया गया। खबरों के मुताबिक शहर में 11 अन्य अस्थायी अस्पतालों को भी बंद कर दिया गया।

## दक्षिण कोरिया में दो हफ्तों में कोरोना संक्रमण के सबसे कम मामले दर्ज

सियोल, 9 मार्च (एएफपी)।

चीन के बाहर कोरोना विषाणु के संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक दक्षिण कोरिया में सोमवार को दो हफ्तों की तुलना में सबसे कम नए मामले सामने आए। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (केसीडीसी) ने बताया कि रविवार को कुल 248 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई।

इसी के साथ देश में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 7,382 पर पहुंच गई।

हर सुबह दक्षिण कोरिया घोषणा करता है कि पिछले दिन कितने मामले सामने आए और दिन भर के मौजूदा आंकड़ों के साथ दोपहर बाद अपडेट देता है। सोमवार दोपहर तक 96 मामले सामने आए।

राष्ट्रपति मून जेई इन के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गिरावट लगातार देखी जा रही है लेकिन आगाह किया कि हमें किसी भी कीमत पर बेपरवाह नहीं होना है। रविवार को संक्रमण के मामलों में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखी गई और फरवरी के बाद से सबसे कम मामले दर्ज किए गए।

चीन के बाहर कोरोना विषाणु के संक्रमण के सबसे ज्यादा मामले दक्षिण कोरिया में ही सामने आए थे।

लेकिन वैश्विक चिंता अब इटली और ईरान को लेकर ज्यादा बढ़ गई है।

## कोरोना के डर से कोलंबिया विश्वविद्यालय और न्यूयॉर्क के स्कूलों की कक्षाएं निलंबित

- कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 106 हो गए, जिसके बाद राज्य के स्कूलों और कोलंबिया विश्वविद्यालय की कक्षाएं बंद करने पर मजबूर होना पड़ा।

न्यूयार्क, 9 मार्च (भाषा)।

कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों की संख्या 100 पार करने के बीच न्यूयार्क में स्कूलों और कॉलेजों में कक्षाएं निलंबित कर दी गई हैं। वायरस के बढ़ते प्रकोप के कारण आपदा की स्थिति की घोषणा की गई है।

यहां रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 106 हो गए, जिसके बाद राज्य के स्कूलों और कोलंबिया विश्वविद्यालय की कक्षाएं बंद करने पर मजबूर होना पड़ा। न्यूयॉर्क के गवर्नर एंड्रयू क्यूमो ने वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शनिवार को आपदा स्थिति की घोषणा की। कोलंबिया समूह के एक सदस्य को कोरोना वायरस के संपर्क में आने की जानकारी के बाद पृथक रखा गया है, जिसके बाद कोलंबिया विश्वविद्यालय ने एक अहम कदम उठाते हुए सोमवार और मंगलवार को कक्षाएं निलंबित करने की घोषणा की।

कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष ली बोलिंगर ने एक बयान में कहा, 'गतिविधियों का यह निलंबन हमें शेष सप्ताह के लिए सुदूर स्थानों पर कक्षाएं संचालित करने की तैयारियों के लिए मौका देगा। कक्षाएं निरस्त करने का यह मतलब नहीं है कि विश्वविद्यालय बंद किया जा रहा है।' उन्होंने कहा कि यात्रा एवं आयोजनों से संबंधित प्रतिबंधों के साथ शोध समेत सभी गैर-कक्षा गतिविधियां जारी रहेंगी। बोलिंगर ने कहा, 'इस समय, यह जानना जरूरी है कि कैंपस में वायरस संक्रमण का कोई भी पुष्ट मामला नहीं है। यह कदम केवल संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर उठाया गया है।'

वहीं, न्यूयॉर्क के वेस्टचेस्टर काउंटी के स्थानीय शिक्षा विभाग ने एक माध्यमिक स्कूल के शिक्षक के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद जिले के सभी स्कूलों को 9-18 मार्च तक के लिए बंद करने की घोषणा की। जिला शिक्षा विभाग ने कहा, 'क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, इस बारे में हम स्वास्थ्य विभाग से बात कर रहे हैं। हमने वेस्टचेस्टर काउंटी के स्वास्थ्य आयुक्त से बात की है और उन्होंने ऐहतियाती तौर पर स्कूलों को बंद करने की सलाह दी है।'

गौरतलब है कि अमेरिका में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच संस्थाओं को वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए अभूतपूर्व कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा है। दुनियाभर में अब तक एक लाख से ज्यादा लोग कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं जबकि तीन हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

## सूडान के प्रधानमंत्री बाल-बाल बचे

काहिरा, 9 मार्च (एपी)।

सूडान की सरकारी मीडिया ने कहा कि राजधानी खारतूम में हुए एक विस्फोट में प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक बाल-बाल बच गए। हमदोक के परिवार ने विस्फोट के बाद उनके सुरक्षित होने की पुष्टि की है।

यह विस्फोट हमदोक के काफिले को निशाना बनाकर किया गया था।

हमले की जिम्मेदारी अभी किसी ने नहीं ली है। हमदोक को पिछले साल अगस्त में प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था।

## चिली में महिला प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प

सैंटियागो, 9 मार्च (एएफपी)।

चिली में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के खिलाफ सैंटियागो में मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारी रविवार को चार महीने से जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों का एक मुख्य केंद्र बने प्लाजा इटैलिया और आसपास की गलियों में जमा हो गए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए एलामेडा एवेन्यू की ओर मार्च किया।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कड़ी पुलिस सुरक्षा वाले राष्ट्रपति भवन के निकट सुरक्षा अवरोधकों को पार करने की कोशिश की, जिसके बाद छिटपुट झड़पें शुरू हो गईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया।


**ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली, 4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 के समक्ष**

**ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियमावली) 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(4) के अंतर्गत सूचना**

ओ.ए. नं. 316/2019 के मामले में
एक्सिस बैंक लि.
आवेदक
बनाम
श्री कृष्ण मोहन राय एवं अन्य
..... प्रतिवादीगण

**डी-1. श्री कृष्ण मोहन राय पुत्र श्री शिव मूरत राय,** प्रॉप्राईटरः मै. एआर एण्टरप्राईजेज, शॉप नं. सी-101, प्रथम् तल, पालम व्यापार केन्द्र, गुड़गाँव, पिन 122017, गुड़गाँव, **साथ हीः** एच. नं. 1752, सेक्टर 23, ग्राम कार्टरपुरी, तहसील गुड़गाँव 122017, हरियाणा

**डी-2. श्री संजीव मूरत राय, पुत्र श्री इन्द्रासन राय,** निवासीः एच. नं. 1578, निकट भावना हॉस्पीटल, देशराज कॉलोनी, पानीपत, हरियाणा-132103

**डी-3. सुश्री बिन्दू राय, पत्नी श्री शिव मूरत राय,** निवासीः एच. नं. 1576, निकट भावना हॉस्पीटल, देशराज कॉलोनी, पानीपत, हरियाणा-132103

**डी-4. सुश्री रीना राय, पुत्री श्री वरुण कुमार गुप्ता,** पत्नी श्री कृष्ण मोहन राय, एच. नं. 1752, सेक्टर 23, ग्राम कार्टरपुरी, तहसील गुड़गाँव 122017, हरियाणा

जैसा कि ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिये यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि **12.3.2020 को 10.30 पूर्वा.** में इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होने पर मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में ही की जायेगी।

मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज, 23 **दिसम्बर,** 2019 को दी गई।

**अधिकरण के आदेश से**

**सहायक रजिस्ट्रार**
**डीआरटी-III, नई दिल्ली**

FORM NO. RSC - 4 (Pursuant to Rule 3(3))
BEFORE THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL BENCH AT NEW DELHI
COMPANY APPLICATION NO. 55/55&66/ND/2020
Alliance Bernstein Solutions (India) Private Limited - Applicant, Regd Offc: Unit No. 216, 2nd Floor, Square One, C-2, District Centre, Saket, New Delhi, India - 110017
CIN: U74110DL1994FTC063380
PUBLICATION OF NOTICE

Notice may be taken that an application was presented to the National Company Law Tribunal "Tribunal" at New Delhi Bench, on the04.03.2020 for confirming the reduction of the share capital of the above ApplicantfromRs. 15,75,00,000/- (Rupees Fifteen Crores Seventy-five lacs only) divided into 1,57,50,000 (One Crore Fifty-seven lacs fifty thousand) equity shares of Rs. 10/- (Rupees Ten only) each to Rs. 1,26,00,000/- (Rupees One Crore Twenty-Six lacs only) divided into 12,60,000 (Twelve lacs Sixty thousand) equity shares of Rs. 10/- (Rupees Ten only) each and reduction of capital redemption reserve from Rs. 5,25,00,000/- (Rupees Five Crores Twenty-five lacs only) to Rs. 27,99,300/- (Rupees Twenty-Seven lacs Ninety-nine Thousand Three Hundred only). The notices to individual creditors have been issued. The list of creditors prepared on the 19.02.2020 by the Applicantis available at the registered office of the Applicantand open for inspection on all working days during 11 AM to 4 PM for a period of 3 months from date of this notice. If any creditor of the Applicanthas any objection to the application or the details in the list of creditor, the same may be sent (along with supporting documents) and details about his name and address and the name and address of his Authorised Representative, if any, to the undersigned at the registered office of the Applicantwithin three months of date of this notice. If no objection is received within the time stated above, entries in the list of creditors will, in all the proceeding under the above petition to reduce the share capital of the Applicant, be treated as correct. It may also be noted that a hearing has been fixed ForWednesday, 22.04.2020 on which the Tribunal shall hear the application. In case any creditor intends to attend the hearing, he should make a request along with his objection, if any.

Sd/-
Jatin Yashwantlal Mehta
Authorised Representative for the Applicant

**सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**
**Central Bank of India**
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
**शाखा कार्यालयः 1993, रेलवे रोड, नरेला, दिल्ली-110040**
**कब्जा सूचना** (चल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट- IV (नियम 8 (1) देखें)

**जैसा कि,** वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नरेला, नई दिल्ली शाखा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना तिथि 30.12.2019 जारी कर **ऋणधारकः** श्रीमती बबीता चौधरी, पत्नी श्री सुरिन्दर चौधरी एवं श्री सुरिन्दर चौधरी, पुत्र विधी चन्द एवं सुश्री रश्मि चौधरी, पुत्री सुरिन्दर चौधरी को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि रु. 40,71,826.62 (रुपये चालिस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ छब्बीस एवं पैसे बासठ मात्र) के साथ उपचयित ब्याज वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक, तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आज, दिनांक 4.3.2020 को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों, गारन्टरों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय रु. 40,71,826.62 (रुपये चालिस लाख इकहत्तर हजार आठ सौ छब्बीस एवं पैसे बासठ मात्र) तथा 31.12.2019 से उस पर ब्याज के लिये सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, नरेला, नई दिल्ली शाखा के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट की जाती है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

श्रीमती बबीता चौधरी, पत्नी सुरिन्दर चौधरी के नाम में सम्पत्ति सं. के-120, 2रा तल, छत के अधिकार के साथ, खसरा नं. 31 का भाग, कृष्णा पार्क एक्स्टें., नई दिल्ली-110018, माप 100 वर्ग यार्ड्स में स्थित आवासीय सम्पत्ति का इक्विटैबल मार्टगैज।

**चौहद्दीः**
**उत्तरः** गली, **दक्षिणः** सम्पत्ति का शेष भाग,
**पूर्वः** 18 फीट चौड़ा रोड, **पश्चिमः** गली।

**स्थानः नई दिल्ली**
**तिथिः 04.03.2020**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**


## उत्तरी इटली में आवाजाही बंद, संक्रमण के भय से पुर्तगाल के राष्ट्रपति पृथक हुए

रोम/लिस्बन/पेरिस/मिलान/माजूरो/सियोल, 9 मार्च (एएफपी)।

दुनिया भर में कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप का असर अब कई देशों में साफ नजर आ रहा है। इस वायरस की वजह से कहीं हंगामा हो रहा है तो कहीं लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंध है। इटली की जेलों में तो संक्रमण फैलने से रोकने के लिए लगाए गए नए नियमों के खिलाफ कैदियों ने हंगामा कर दिया जिसमें एक कैदी की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। जेल अधिकार समूह ने यह जानकारी दी।

नए नियमों में परिवार के लोगों से मुलाकात पर भी रोक लगा दी गई है। इन प्रतिबंधों के खिलाफ नपेल्स पोग्गिओरियल, मोडेना, फ्रोसिनोन और एलेक्जेन्ड्रिया जेल में कैदियों के बीच विद्रोह भड़क गया। इसमें मोडेना जेल में एक कैदी की मौत हो गई और दो जेल अधिकारी घायल हो गए। संक्रमण को रोकने के लिए सरकार ने 1.5 करोड़ की आबादी वाले उत्तरी इटली में आवाजाही को बंद कर दिया है। इटली में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के कारण मरने वालों की संख्या 366 तक पहुंच गई। इटली के आंतरिक मंत्रालय ने कहा है कि जो भी बंद के आदेश का उल्लंघन करेगा उसे तीन महीने की जेल या 206 यूरो के जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। यहां महज 24 घंटे में संक्रमित व्यक्तियों की संख्या अचानक बढ़ी और 1,200 के पार पहुंच गई थी जिसके चलते सरकार ने ये प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

कोरोना वायरस के खौफ से पुर्तगाल के राष्ट्रपति ने अपने सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों को रद्द करके घर पर रहने का फैसला किया है। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से कहा गया कि 71 वर्षीय मार्सेलो रेबेलो डे सूसा हाल ने हाल में उस स्कूल के बच्चों से मुलाकात की थी जिस स्कूल को एक बच्चे के कोविड-19 से संक्रमित होने के कारण बंद कर दिया गया था। इसमें कहा गया कि राष्ट्रपति में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं। उनके कार्यालय ने रविवार को कहा कि उन्होंने स्वतः ही पृथक होने का फैसला किया है।

पुर्तगाल में अब तक 25 मामले सामने आए हैं लेकिन कोई मौत नहीं हुई है। इस बीच, पेरिस से मिली खबर के मुताबिक फ्रांस ने 1,000 से अधिक लोगों के कहीं भी इकट्ठे होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यहां कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या 19 हो गई है।

कोरोना वायरस से बचने के लिए वहीं मार्शल द्वीपसमूह ने हवाई मार्ग से यहां आने वाले सभी लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध दो हफ्ते के लिए लगाया गया है। गौरतलब है कि यहां अब तक कोरोना वायरस का एक भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है लेकिन खतरे के मद्देनजर यह सख्त कदम उठाया गया है।


**युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया**
**United Bank of India**
The Bank that begins with "U"
**नई दिल्ली क्षेत्र, पी-9/90 कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001**
**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

**अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**
**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने और गारंटरों और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी / प्रभारित है, का (रचनात्मक) और वास्तविक कब्जा क्र.सं. 1, 2, 3) युनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की रूपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्नांकित दिनांकों को बेचा जाएगा। प्रत्येक संपत्ति के लिए आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा (EMD) राशि नीचे दी गई है।

**ई-नीलामी की तिथि: 26.03.2020**
**ई-नीलामी का समय : पूर्वाह्न 11.30 बजे से अर्पा. 3.30 बजे तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ**

धरोहर राशि और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि : 23.03.2020 (अर्पा. 5.00 बजे तक), ई-नीलामी दिनांक 26.03.2020 हेतु

सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 20.03.2020 को अर्पाह्न 02.00 से 05.00 बजे तक के बीच में किया जा सकता है।

बैंक को ज्ञात संपत्ति/यों पर समेकन का विवरण : ज्ञात नहीं

| क्र. सं. | शाखा का नाम, कर्जदार/गारंटर्स का नाम एवं पता | स्थान और सम्पत्ति का विवरण | 13 (2) के अनुसार बकाया राशि, जिसके लिए संपत्ति बेची जा रही है | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली वृद्धि राशि | खाते का विवरण सम्पर्क विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स मुस्कान इंटरनेशनल श्री देविंदर सिंह सोढ़ी (प्रोपराईटर), ए-2/4, फेज-I, मायापुरी औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110064 | साम्यिक बंधक रिहायशी सम्पत्ति फ्लैट नं. 15, तृतीय तल, किंग्स अपार्टमेंट, पंचवटी काम्पलेक्स जोकि मौजा मंडलगन्टी आर. एस. दाग नं. 132, जे. एल. नं. 06 वीआईपी रोड तेघारिया, अर्जनपुर-गोपालपुर नं. II ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार के तहत, ए डी एस आर ओ बिधन नगर (साल्ट लेक सिटी), पी. एस. बगुआती, कोलकाता-700059 | रु. 77,70,769/- दिनांक 30.11.2016 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार | ₹ 24.30 लाख / ₹ 2.43 लाख / ₹ 0.25 लाख | श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in |
| 2 | मैसर्स महादेव स्टेशनर्स एंड ट्रेडर्स प्रोप. श्री अजय सिन्हा RZ-121/213 (पुराना-121) गली नं. 8, I ब्लॉक, वैस्ट सागरपुर, दिल्ली-110046 उधारकर्ता: श्री अजय सिन्हा RZ-429/3 स्ट्रीट नं. 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली-110046 गारंटर: श्रीमती तनु सिन्हा RZ-429/3, स्ट्रीट नंबर 11 कैलाश पुरी एक्स. पालम, दिल्ली -110046 | साम्यिक बंधक भूतल आरजेड – 221/213 (पुराना नं. 121), खसरा नं. 213, गाँव – नासीरपुर जिसे अब वैस्ट सागरपुर कहते हैं, नई दिल्ली-110046 में स्थित | रु. 26,05,604.24 साथ में ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार | ₹ 18.27 लाख / ₹ 1.83 लाख / ₹ 0.25 लाख | श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in |
| 3 | बबलू कुमार पांडे और रंजू पांडे (कर्जदार) पता: एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ-03 प्रथम तल, (रियर साइड) प्लॉट नं. एम-120 सैक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी | साम्यिक बंधक एमआईजी फ्लैट नं. एफएफ-03 प्रथम तल, (पीछे की तरफ) प्लॉट नं. एम-120, सैक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, यू.पी. -201010 में स्थित | रु. 20,07,932.00 दिनांक 01.08.2018 से ब्याज और आकस्मिक खर्चे एवं अन्य प्रभार | ₹ 20.35 लाख / ₹ 2.04 लाख / ₹ 0.50 लाख | श्री एस. स्वामिनाथन 7738228579 (M) ईमेल - bmard@unitedbank.co.in |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट अर्थात www.unitedbankofindia.com में दिए गए लिंक (ई-नीलामी) को देखें।

दिनांक : 10.03.2020, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, युनाईटेड बैंक ऑफ इंडिया


## पाकिस्तान में बस खड्ड में गिरी, 23 की मौत

इस्लामाबाद, 9 मार्च (भाषा)।

उत्तरी पाकिस्तान में सोमवार को एक मुसाफिर बस के गहरे खड्ड में गिर जाने से कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई। गिलगित बाल्तिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्ला फिराक ने बताया कि बस रावलपिंडी से स्कर्दू जा रही थी, तभी रास्ते में गिलगित के पास रौन्दो में बस खड्ड में गिर गई।

फिराक ने बताया कि बस में हादसे के वक्त 25 यात्री सवार थे। अभी दुर्घटना के कारण का पता नहीं चला है। रौन्दो के सहायक आयुक्त गुलाम मुर्तजा ने बताया कि दुर्घटना में कम से कम 23 यात्रियों की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि 23 मृतकों में से तीन ने स्कर्दू के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। मुर्तजा ने बताया कि आठ शवों को बरामद कर लिया गया है। पाकिस्तानी सेना के हेलीकॉप्टर शवों को निकालने के लिए अभियान चला रहे हैं।

## अफगानिस्तान में दो नेताओं ने खुद को राष्ट्रपति के तौर पर पेश किया

काबुल, 9 मार्च (एपी)।

अफगानिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नेताओं अशरफ गनी और अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने सोमवार को अलग अलग समारोहों में राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। इससे तालिबान के साथ वार्ता की अमेरिका की योजना पर संकट गहरा गया है जिसे तालिबान के साथ उसकी शांति वार्ता को आगे बढ़ाने के बारे में सोचना है।

अमेरिका-तालिबान के बीच कुछ दिन पहले हुए समझौते को अफगानिस्तान में संघर्ष समाप्त करने के अमेरिका के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा था। राष्ट्रपति अशरफ गनी और उनके प्रतिद्वंद्वी अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने अपने मतभेदों को नहीं सुलझाया। गनी को पिछले साल सितंबर में हुए चुनाव में विजयी घोषित किया गया था। अब्दुल्ला ने मतदान में धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे।

एक ही समय पर दो अलग-अलग समारोह आयोजित किए गए। एक समारोह राष्ट्रपति भवन में गनी के लिए आयोजित किया गया वहीं पास में ही स्थिति सापेदार पैलेस में अब्दुल्ला ने शपथ ली। दोनों के समर्थक भी बड़ी संख्या में अपने अपने चहेते नेता के शपथ ग्रहण के लिए जुटे। गनी के समारोह में अमेरिका के शांति दूत जलमाय खलीलजाद, अफगानिस्तान में अमेरिकी बलों के प्रमुख जनरल ऑस्टिन एस मिलर के साथ अमेरिकी दूतावास के चार्ज डिअफेयर्स समेत बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान और संयुक्त राष्ट्र महासभा के अफगानिस्तान में निजी प्रतिनिधि तादामिची यामामोतो के शामिल होने से उन्हें अंतरराष्ट्रीय समर्थन की पुष्टि हुई। इसका प्रसारण सरकारी टीवी पर किया गया। निजी टोलो टीवी पर प्रसारित अब्दुल्ला के शपथ ग्रहण में तथाकथित 'जिहादी' कमांडर भी उपस्थित थे।

www.readwhere.com

# कोरोना वायरस से दुनिया भर के बाजारों में 'काला सोमवार'

## कच्चे तेल के दाम फिसलने से शेयर बाजारों में हाहाकार

लंदन, 9 मार्च (एएफपी)।

कोरोना वायरस से पहले ही मंदी की मार झेल रहे शेयर बाजारों में सोमवार को कच्चे तेल के दाम में आई भारी गिरावट से हाहाकार मच गया। दुनिया भर के बाजारों में शेयर बुरी तरह टूट गए और नौ मार्च 2020 का दिन निवेशकों के लिए 'काला सोमवार' रहा।

वैश्विक तेल बाजार में कच्चे तेल के दाम में 30 फीसद तक की गिरावट दिखी। सबसे बड़े तेल निर्यातक सऊदी अरब द्वारा कीमत युद्ध छेड़ने से तेल का बाजार फिसल गया। शुक्रवार को प्रमुख तेल उत्पादक देशों की बैठक में उत्पादन कम करने पर सहमति नहीं बन पाने के बाद सऊदी अरब ने दाम एकतरफा तरीके से घटा दिए। ओपेक की बैठक में रूस ने उत्पादन में कटौती करने से इनकार कर दिया था। सऊदी अरब और अन्य देश कोरोना वायरस के असर से तेल बाजार में गिरावट को देखते हुए उत्पादन में कटौती कराना चाह रहे थे।

तेल ब्रोकरेज कंपनी पीवीएम एसोसिएट्स के विश्लेषक तमस वार्गा ने कहा कि कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई अब तेल निर्यात बाजार पर कब्जा बनाए रखने की दिशा में मुड़ गई है। एक अन्य विश्लेषक नील विल्सन ने कहा कि इस दिन को बाजारों में काला सोमवार के तौर पर याद किया जाएगा।

सोमवार को प्रारंभिक कारोबार में लंदन शेयर बाजार का एफटीएसई 100 शेयर सूचकांक 6.3 फीसद नीचे चल रहा था। इस सूचकांक में ब्रिटेन की शीर्ष कंपनियां शामिल हैं। इसी तरह यूरो क्षेत्र में फ्रेंकफुर्त डीएएक्स 30 सूचकांक 6.8 फीसद और पेरिस बाजार का सीएसी 40 सूचकांक 6.9 फीसद नीचे चल रहा था। इटली के शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट देखी गई। इटली के मिलान और वेनिस शहरों सहित उत्तरी हिस्से को करीब-करीब सील कर दिया गया है। प्रशासन यहां कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है।

एशियाई बाजारों में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। टोक्यो का सूचकांक पांच फीसद से ज्यादा घट गया। हांगकांग 4.2 फीसद और सिडनी 7.3 फीसद गिर गया। सऊदी अरब का शेयर बाजार नौ फीसद टूट गया वहीं सऊदी अरब की मूल्यवान तेल कंपनी आरामको का शेयर मूल्य 10 फीसद नीचे आ गया। दुबई और कुवैत के शेयर बाजार भी इतने ही नीचे आ गए।

कच्चे तेल का उत्पादन करने वाली दुनिया भर के तेल कंपनियों को भी कच्चे तेल के दाम घटने का खमियाजा भुगतना पड़ा। हांगकांग में सूचीबद्ध सीएनओओसी 17 फीसद नीचे आ गया। पेट्रो चाइना का शेयर मूल्य नौ फीसद से अधिक गिर गया। लंदन में बीपी का शेयर मूल्य 18.2 फीसद और शेल का शेयर 12.7 फीसद नीचे आ गया। फ्रांस की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी टोटल का शेयर 11.6 फीसद नीचे आ गया।

विश्लेषकों ने फिलहाल इस स्थिति में सुधार आने के बारे में कुछ नहीं कहा है। दुनिया भर में कोरोना वायरस से एक लाख 10 हजार लोगों के संक्रमित होने के मामले सामने आए हैं। इटली में यह वायरस तेजी से फैल रहा है। चीन के बाद कोरोना वायरस से प्रभावित होने वालों में यह दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।



सोमवार को बंबई शेयर बाजार की इमारत पर लगी स्क्रीन पर शेयरों की गिरती कीमतें देखकर फोन पर किसी से बात करता शेयर ब्रोकर।

# एनटीपीसी ने बकाया राशि लौटाने की समय सीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

एनटीपीसी ने चूक करने वाली बिजली वितरण कंपनियों को बकाया लौटाने की समय सीमा बढ़ाकर अगले सप्ताह मंगलवार कर दी है। उस समय तक भुगतान नहीं करने वाली कंपनियों को बिजली आपूर्ति काटी जाएगी।

एनटीपीसी ने होली के त्योहार को देखते हुए वितरण कंपनियों को बिजली की आपूर्ति बंद करने की समय सीमा बढ़ाने और बकाया जामा कराने को कुछ अतिरिक्त समय दिया है। कुछ वितरण कंपनियों ने बकाया शीघ्र चुकाने का आश्वासन दिया है। पिछले महीने एनटीपीसी ने बकाएदार कंपनियों को नोटिस दिया था और उन्हें भुगतान न करने पर सोमवार मध्य रात्रि से बिजली आपूर्ति बंद करने की चेतावनी दी थी। बकाया राशि का भुगतान 60 दिन के भीतर नहीं होने के बाद वह पिछला बकाया बन जाती है। सामान्य तौर पर उत्पादक कंपनियां पिछले बकाए पर जुर्माने के रूप में ब्याज वसूलती हैं।

# गैर-बैंकिंग अभिरक्षकों को सोना व इसके उत्पादों के प्रबंधन की अनुमति

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमन में संशोधन किया है। इसमें सेबी के पास पंजीकृत गैर-बैंकिंग अभिरक्षकों (कस्टोडियन) को सोना और सोने से जुड़े उत्पादों के प्रबंधन की अनुमति दी गई है।

फिलहाल भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अभिरक्षकों के रूप में पंजीकृत बैंकों को ही गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) और अन्य स्वर्ण संबंधित उत्पादों के प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। सेबी ने म्यूचुअल फंड नियमों को संशोधित करते हुए कहा कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के मामले में योजना से जुड़ी संपत्ति सोना या स्वर्ण संबंधित उत्पादों को बोर्ड के पास पंजीकृत कस्टोडियन के पास रखा जा सकता है। नियमों में संशोधन के बाद गैर-बैंकिंग कस्टोडियन के साथ-साथ बैंक कस्टोडियन स्वर्ण ईटीएफ और अन्य स्वर्ण संबंधित उत्पादों का प्रबंधन कर सकते हैं। इसके लिए नियामक ने भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) नियमन, 1996 में संशोधन किया है। इससे पहले, सेबी के निदेशक मंडल ने फरवरी में बैंक और गैर-बैंकिंग कस्टोडियन को स्वर्ण या गोल्ड ईटीएफ जैसे स्वर्ण संबंधित उत्पादों को कस्टोडियन सेवाएं देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

नियामक ने प्रायोजकों या संपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) को नियत समय वाली योजनाओं (क्लोज एंडेड म्यूचुअल फंड) में निवेश की भी अनुमति दे दी है। प्रायोजक या संपत्ति प्रबंधन कंपनी को नए कोष की पेशकश के जरिए जुटाई गई राशि का कम-से-कम एक फीसद या 50 लाख रुपए, जो भी कम हो, निवेश करने की अनुमति दी गई है। इसमें शर्त है कि प्रायोजक या संपत्ति प्रबंधन कंपनी उन्हीं योजनाओं में निवेश करेंगे, जिसे बोर्ड ने निर्धारित किया है। अब तक प्रायोजक या एएमसी को नियत समय वाली योजनाओं को छोड़कर सभी में निवेश की अनुमति थी।

# डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर 74 पर पहुंचा

मुंबई, 9 मार्च (भाषा)।

दुनिया के कई देशों में पांव पसार चुके कोरोना वायरस की वजह से अब आर्थिक सुस्ती गहराने को लेकर शंका बढ़ती जा रही है। शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। वहीं डॉलर के मुकाबले रुपया 27 पैसे गिरकर 74.14 रुपए प्रति डॉलर (अस्थाई) के आंकड़े पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा डीलरों का कहना है कि कच्चे तेल के दाम में भारी गिरावट के बीच दुनिया की कई प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले रुपए में गिरावट दर्ज की गई। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव के बाद कच्चे तेल के दाम में आई गिरावट ने रुपए को नीचे लाने में बढ़ावा दिया है। अंतर-बैंकिंग विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा में कारोबार की शुरुआत 73.99 रुपए प्रति डॉलर पर हुई। इसके बाद यह ऊंचे में 73.85 रुपए और नीचे में 74.17 रुपए प्रति डॉलर तक गिरा। कारोबार की समाप्ति पर भारतीय रुपया पिछले दिन के मुकाबले 27 पैसे नीचे रहकर 74.14 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पहले गत सप्ताहांत शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 73.87 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# मूडीज ने 2020 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाया

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को 2020 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 5.4 फीसद से घटाकर 5.3 फीसद कर दिया। रेटिंग एजंसी का अनुमान है कि कोरोना वायरस के प्रकोप से दुनिया भर में घरेलू मांग में कमी आएगी।

मूडीज ने मार्च के लिए अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में कहा कि वायरस का प्रकोप चीन के बाहर कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से फैल गया है। इसमें कहा गया- अब यह पक्का हो गया है कि अगर वायरस के असर को काबू में कर लिया गया, तो भी इससे इस साल की दूसरी तिमाही में वैश्विक आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी।

मूडीज के अनुमानों में कहा गया है कि कोरोना वायरस के मामले दुनिया भर में बढ़ सकते हैं और अप्रैल-जुलाई के दौरान दुनिया भर में यात्रा प्रतिबंध रहेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक आपूर्ति शृंखला में बाधा के अलावा अनुमान है कि खपत और निवेश भी प्रभावित होगा और तेल व अन्य जिंसों की कीमतें जून के अंत तक मौजूदा निचले स्तर पर ही बनी रहेंगी।

# पेट्रोल के दाम आठ माह में पहली बार 71 रुपए से नीचे

## डीजल की कीमत भी घटकर 63.26 रुपए प्रति लीटर पर पहुंची

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में लगातार गिरावट के बीच स्थानीय बाजार में पेट्रोल का भाव सोमवार को आठ महीने में पहली बार 71 रुपए लीटर से नीचे पहुंच आ गया।

सऊदी अरब और रूस के बीच कच्चे तेल बाजार में कीमत युद्ध छिड़ने से भारत को वित्तीय लाभ हो सकता है। भारत अपनी जरूरत का 84 फीसद से अधिक तेल आयात करता है। कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में कमी से देश के आयात बिल में कमी आएगी और इससे खुदरा कीमतें भी कम होंगी। हालांकि इससे, पहले से दबाव में चल रही ओएनजीसी जैसी कंपनी की हालत और खराब होगी। यद्यपि विभिन्न क्षेत्रों के लिए लागत कम होने से देश की अर्थव्यवस्था को थोड़ा संबल मिलेगा जो अभी 11 साल में सबसे निचली वृद्धि दर से आगे बढ़ रही है।

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जारी कीमत अधिसूचना के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल की कीमत सोमवार को 70.59 रुपए लीटर पर पहुंच गई है। जुलाई 2019 के बाद यह पेट्रोल की सबसे कम कीमत है। वहीं डीजल का दाम 63.26 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हालांकि ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में 27 फरवरी के बाद से नीचे आने का रुझान बना हुआ है। तब से अब तक पेट्रोल की कीमत में 1.42 रुपए लीटर और डीजल की कीमत में 1.44 रुपए लीटर की कमी आ चुकी है।

इस पूरे घटनाक्रम में केवल एक ही बात हतोत्साहित करने वाली है कि डॉलर के मुकाबले रुपया 23 पैसे गिरकर 74.10 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ है। रुपए के कमजोर होने से भारत को विदेशों से समान मात्रा में सामान खरीदने के लिए अब अधिक भुगतान करना होगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना व आकलन प्रकोष्ठ के अनुसार इस महीने में खत्म होने वाले वित्त वर्ष 2019-20 में 22.5 करोड़ टन कच्चे तेल के आयात पर भारत को कुल लगभग 105.58 अरब डॉलर या 7.43 लाख करोड़ रुपए का भुगतान करना पड़ेगा। जबकि 2018-19 में 22.65 करोड़ टन कच्चे तेल के आयात पर भारत ने 111.9 अरब डॉलर यानी 7.83 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया था। कच्चे तेल की कीमत में एक डॉलर की कमी से भारत का आयात बिल 2,936 करोड़ रुपए कम होता है। इसी तरह डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में एक रुपए प्रति डॉलर का बदलाव आने से भारत के आयात बिल पर 2,729 करोड़ रुपए का अंतर पड़ता है।

# येस बैंक संकट पर कुछ लोग राजनीति कर रहे : अनुराग

रायपुर, 9 मार्च (भाषा)।

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने येस बैंक के संकट में खाताधारकों के धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने का सोमवार को आश्वासन दिया। उन्होंने साथ में कहा कि कुछ लोग इस संकट पर अपनी राजनीति कर रहे हैं और असत्य फैलाकर देश व जनता का नुकसान कर रहे हैं।

ठाकुर रायपुर में राज्य के उद्योगपतियों, व्यापारियों और बुद्धिजीवियों के साथ कर संबंधी विषयों एक बैठक के बाद संवाददाताओं से बात चीत कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कि येस बैंक में हर खाताधारक का पैसा सुरक्षित है। इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक से रिपोर्ट मांगी गई है। ठाकुर ने यह भी कहा कि जमाकर्ताओं के पैसे की सुरक्षा सुनिश्चित करने और येस बैंक को बचाने के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं। भिारतीय स्टेट बैंक ने भी येस बैंक को संभालने की अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हमने बैंक को बचाने और जमाकर्ताओं की समस्या को हल करने की दिशा में सभी कदम उठाए हैं।


KEI केईआई इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: डी-90, ओखला इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली-110 020
सीआईएन: L74899DL1992PLC051527 दूरभाष : +91-11-26818840,26818642 |
फैक्स : +91-11-26811959, 26817225
ई-मेल : cs@kei-ind.com | वेबसाइट : www.kei-ind.com

सूचना

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 तथा विनियम 47 एवं कम्पनी (प्रबन्धन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 एवं कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्य प्रयोज्य प्रावधानों के अनुसार निदेशक मण्डल ने 09 मार्च, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2019-20 हेतु कम्पनी के इक्विटी शेयरों पर अन्तरिम लाभांश प्राप्त करने के पात्र शेयरधारकों के निर्धारण के उद्देश्य से 20 मार्च, 2020 को "रिकार्ड तिथि" के रूप में निर्धारित किया है।
निवेशक अधिक विवरण के लिए कम्पनी की वेबसाइट (www.kei-ind.com) तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com तथा www.nseindia.com) देख सकते हैं।

कृते केईआई इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
ह./-
(किशोर कुणाल)
महाप्रबन्धक (कॉर्पोरेट) एवं कम्पनी सचिव

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 09.03.2020

ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स
(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. 5, सैक्टर - 32, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम - 122001

मानव संसाधन विकास संस्थान, नोएडा के परिसर में म्यूजियम हेतु वास्तुकार संबंधी सेवाएं

मानव संसाधन विकास संस्थान, नोएडा के परिसर में म्यूजियम के लिए प्रतिष्ठित वास्तुकार फर्मों से दोहरी बोली पद्धति अर्थात् तकनीकी बोली एवं मूल्य बोली पद्धति के अंतर्गत ई-टेंडरिंग माध्यम से सीलबंद प्रस्ताव आमंत्रित हैं।
इच्छुक फर्में जो, तकनीकी बोली में दिए गए अर्हतापूर्व मापदंडों के अनुसार पात्र हैं, बैंक की वेबसाइट "www.obcindia.co.in" पर "टेंडर" खंड के अंतर्गत उपलब्ध फार्मेट में 31.03.2020 तक अपराह्न 15.00 बजे तक आवेदन कर सकती हैं।
ओरियन्टल बैंक ऑफ कॉमर्स को बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को रद्द करने का अधिकार होगा।

दिनांक : 10.03.2020
स्थान : गुरुग्राम
उप महाप्रबंधक (सेवाएं)

ऋण वसूली अधिकरण-III, दिल्ली,
4था तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 के समक्ष

ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया नियमावली) 1993 के नियम 12 एवं 13 के साथ पठित बैंक तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19 (4) के अंतर्गत सूचना
ओ.ए. नं. 718/2019
एचडीएफसी बैंक लि. बनाम कृष्ण कान्त एवं अन्य
आवेदक प्रतिवादीगण
डी-1, कृष्ण कान्त देवन, पुत्र श्री रमेश चन्द देवन, डी-794, 4था तल, सरस्वती विहार, दिल्ली-110034
साथ ही: 301-304, 3रा तल, अनुपम आर्केड, 218, रामा मार्केट, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
डी-2 होमलैण्ड सॉल्यूशन सेन्टर प्रा. लि., 301-304, 3रा तल, अनुपम आर्केड, 218, रामा मार्केट, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
डी-3 हिमांशु मदान, पुत्र देवेन्द्र कुमार मदान, 301-304, 3रा तल, अनुपम आर्केड, 218, रामा मार्केट, पीतमपुरा, दिल्ली-110034
साथ ही: मकान सं. 60 सी, पॉकेट बी, मयूर विहार, फेज-II, दिल्ली-110091
जैसा कि ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरुद्ध एक मामला शुरू किया है, तथा जैसा कि इस अधिकरण की संतुष्टि के लिए यह साबित हो चुका है कि आपको सामान्य तरीके से सर्व करना संभव नहीं है। अतएव, विज्ञापन के माध्यम से इस सूचना के द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि 15.4.2020 को 10.30 पूर्वा. में इस अधिकरण के समक्ष उपस्थित हों। ध्यान रहे कि उपरोक्त तिथि को इस अधिकरण के समक्ष आपके उपस्थित नहीं होने पर इस मामले की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में ही की जाएगी।
मेरे हाथ से तथा अधिकरण की मुहर लगाकर आज 12 फरवरी, 2020 को दी गई।

अधिकरण के आदेश से
सहायक रजिस्ट्रार,
डीआरटी-III, नई दिल्ली

मैप्स्को बिल्डर्स प्रा.लि.
52, नॉर्थ एवेन्यू रोड, पंजाबी बाग वेस्ट,
नई दिल्ली-110026, दूरभाष : 01142467410
www.niapskogniup.com
सार्वजनिक सूचना

जैसा कि, मैप्स्को बिल्डर्स प्रा.लि. महानिदेशक, कस्बा एवं नगर योजना, हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा स्वीकृत लाइसेंस सं. 2012 के 38 के प्रावधानों के अनुसार नौरंगपुर राजस्व सम्पदा में 16.369 एकड़ माप की भूमि पर सेक्टर 78-79, गुरुग्राम में एक ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी के विकास के उपक्रम की प्रक्रिया में है। और जैसा कि, अनेक लोगों (इसके पश्चात आवंटिती के रूप में सन्दर्भित) ने कथित कॉलोनी में प्लॉट/सम्पत्ति के आवंटन हेतु क्रय अनुबन्ध की बुकिंग की/में प्रवेश किया। और जैसा कि, कथित कॉलोनी हेतु लाइसेंस की स्वीकृति के समय हाल ही में अनुमोदित किया गया लेआउट प्लान/साइट प्लान को अब संशोधित किया जाना है। और जैसा कि, महानिदेशक कार्यालय, टाउन सैम्प; नगर योजना, हरियाणा, चण्डीगढ़ ने लेआउट प्लान/साइट प्लान में ऐसे संशोधन की अनुमति हेतु पूर्व-शर्त के रूप में लेआउट प्लान/साइट प्लान के संशोधन के विरुद्ध आपत्तियाँ देखनी अपेक्षित की हैं। तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना द्वारा कथित कॉलोनी के लेआउट प्लान/साइट प्लान के प्रस्तावित संशोधन पर कथित कॉलोनी में आवंटितियों से कोई आपत्ति आमन्त्रित की जाती है। लेआउट प्लान/साइट प्लान की एक प्रति सं. ZP-801/JD(BS)/2012/18745, दिनांक 20.09.2012 तथा संशोधन के प्रस्तावित किया जाने वाला लेआउट प्लान/साइट प्लान अवलोकनार्थ वेबसाइट www.mapskogroup.cem पर उपलब्ध है। कथित लेआउट प्लान/साइट प्लान अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय 52, नॉर्थ एवेन्यू रोड, पंजाबी बाग वेस्ट, दिल्ली-110026 तथा कार्यालय जिला कस्बा योजनाकार (योजना) सेक्टर 14, गुरुग्राम पर भी देखा जा सकता है। संशोधित लेआउट प्लान/साइट प्लान पर कोई आपत्ति करने वाला आवंटिती अपनी आपत्तियाँ इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर कार्यालय जिला कस्बा योजनाकार (योजना) सेक्टर 14, गुरुग्राम पर भेज सकता है, जिसमें असफल रहने पर माना जायेगा कि लेआउट प्लान/साइट प्लान में प्रस्तावित संशोधन पर कोई आपत्ति नहीं है।

अजय गुप्ता,
(विधिक प्रबन्धक)
मैप्स्को बिल्डर्स प्रा.लि.
स्थान : गुरुग्राम
तिथि : 10.03.2020

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
कार्यालय कार्यपालक अभियंता (एम)-III/एनजीजेड
कारगिल अपार्टमेंट के सामने, सैक्टर-12, द्वारका, नई दिल्ली-110078
निविदा हेतु प्रेस सूचना

एनआईटी नं. ईई एम-III/एनजीजेड/टीसी/19-20/25 दिनांक: 06.03.2020
आयुक्त/एसडीएमसी की ओर से ईई (एम)-III/एनजीजेड द्वारा एमसीडी के साथ पंजीकृत उपयुक्त वर्ग के योग्य ठेकेदारों से ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं समय-सारणी के अनुसार प्राप्त की जाएंगी और ईई (एम)-III/एनजीजेड के कार्यालय में 27.03.2020 को 14:30 बजे खोली जाएंगी। दरों की वैधता एनआईटी के खुलने की तिथि से 05 माह होगी और समझौते के मामले में समझौते की तिथि से वैध होगी। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, के सभी विवरण केवल एसडीएमसी वेबसाइट पर अपलोड किये जाएंगे और समाचारपत्रों में प्रकाशित नहीं किये जाएंगे। वेबसाइट के माध्यम से निविदा के बारे में जानकारी प्राप्त करना फर्म/निविदादाता की जिम्मेदारी होगी। एसडीएमसी वेबसाइट पर कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होने पर जिम्मेदार नहीं होगा।
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 27.03.2020 को 14.00 बजे। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.03.2020 को 14.01 बजे और वित्तीय निविदा खुलना 27.03.2020 को 14.30 बजे।
निविदा लाइन नं. 1 के सभी विवरण एसडीएमसी वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER. पर देखें जा सकते हैं।
आर.ओ नं. 171/डीपीआई/दक्षिणी/2019-20 कार्यपालक अभियंता प्रभाग(एम)-III/एनजीजेड


# 'जीएसटीएन की खामियों पर 15 दिन में समाधान योजना सौंपे इन्फोसिस'

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

वित्त मंत्रालय ने माल व सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) की अनसुलझी समस्याओं और पिछले दो साल में करदाताओं को रिटर्न दाखिल करने में आने वाली विभिन्न दिक्कतों को दूर करने की धीमी प्रगति पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। मंत्रालय ने इसके लिए इन्फोसिस से 15 दिन के भीतर एक त्वरित समाधान योजना देने को कहा है।

राजस्व सचिव अजय भूषण पांडे ने शनिवार को इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ जीएसटीएन में लगातार आ रही दिक्कतों पर एक बैठक की। बैठक में फैसला किया गया कि इन्फोसिस के चेयरमैन नंदन नीलेकणि 14 मार्च को जीएसटी परिषद के सामने इस बारे में एक तत्काल प्रस्तुति देंगे।

मंत्रालय ने पांच मार्च को इन्फोसिस को पत्र लिखकर कड़े शब्दों में कहा था कि प्रणाली में कुछ दिक्कतों को 2018 की शुरुआत में ही बता दिया गया था जिनका अब तक समाधान नहीं किया गया है। महीने दर महीने इसके सुधार में विफल रहने से एक ईमानदार करदाता को खीझ होती है। इसलिए अनुरोध किया जाता है कि सभी लंबित मुद्दों, दैनिक आधार पर आने वाली दिक्कतों पर गौर करें और 15 दिन के भीतर भविष्य की रूपरेखा के साथ एक त्वरित समाधान योजना पेश करे। इन्फोसिस ने ऊंचे अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित किए हैं और आपसे उम्मीद की जाती है कि इन्फोसिस जीएसटी परियोजना के लिए भी उतनी क्षमता से काम करेगा जिसके लिए उसे जाना जाता है। इन्फोसिस ने जीएसटीएन के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया है।


सिंडिकेटबैंक SyndicateBank
विश्वसनीय. मैत्रीपूर्ण Faithful. Friendly
भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking

सिंडीकेट बैंक
शाखा कार्यालय : तौरू शाखा
मेन रोड, गुरुग्राम जिला, तौरू, हरियाणा-122105
दूरभाष नं. : 9760035644,
ई-मेल आईडी : br.8213@syndicatebank.co.in

सरफाएशी अधिनियम, 2002 के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अचल आस्तियों की बिक्री

एतद्वारा जनसामान्य को विशेष रूप से कर्जदार/रों तथा जमानती/यों को सूचना दी जाती है कि सिंडीकेट बैंक के पास बंधक नीचे उल्लिखित सम्पत्ति जिसका अधिनियम की धारा 13(4) के तहत बैंक के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कब्जा कर लिया गया था, की बिक्री भावी ब्याज, प्रभारों तथा लागतों आदि सहित नीचे वर्णित बकायों की वसूली के लिए नीचे वर्णित के अनुसार की जायेगी।

नीचे वर्णित सम्पत्ति की बिक्री "जहाँ है जैसे है, जो कुछ है वहीं है तथा उपचार रहित आधार" पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 एवं 9 (इसके पश्चात नियम के रूप में सन्दर्भित) के तहत नीचे वर्णित बकायों की वसूली के लिए की जा रही है।

| क्र. सं. | शाखा तथा सम्पर्क नं. | कर्जदारों/जमानतियों के नाम | कुल बकाया राशि | सम्पत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / संविदा वृद्धि राशि | (ईएमडी) एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से नीचे वर्णित खाते में जमा की जायेगी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सिंडीकेट बैंक तौरू शाखा, मेन रोड, गुरुग्राम जिला, तौरू, हरियाणा-122105 ई-मेल आईडी : br.8213@syndicatebank.co.in | श्री भगवान दास पुत्र उदय चन्द गोयल, श्रीमती गीता देवी पत्नी भगवान दास एवं श्री देवेन्दर पुत्र भगवान दास | रु. 1,18,55,833/- एवं भुगतान की तिथि तक भावी ब्याज एवं लागतें | आवासीय मकान सं. 167/4, वार्ड सं. 04, प्रेम मोहल्ला, तौरू, हरियाणा, माप 161.51 वर्ग गज, भगवान दास के स्वामित्व में, सीमाएँ निम्नवत हैं : उत्तर : 53'3" गली, दक्षिण : 44'6" सीमेंट गली, पूर्व : 24'6" तथा पश्चिम : 40'6" दुकान/कृष्ण कुमार मदान की दुकान | रु. 60,17,000.00 / रु. 6,01,700.00 / रु. 10,000.00 | खाता सं. 82133020000096 सिंडीकेट बैंक संग्रहण खाता आईएफएस कोड : SYNB0008213 |

*नीलामी की तिथि : 09.04.2020 को 11.00 बजे पूर्वा. से 1.00 बजे अप. तक 5 मिनट के स्वत: विस्तार सहित. निरीक्षण की तिथि एवं समय : 04.04.2020 को 12:00 बजे अप. से 04:00 बजे अप. के बीच . संविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 06.04.2020

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट www.syndicatebank.in. में प्रावधानित लिंक देखें।

तिथि : 10.03.2020 स्थान : तौरू ह./- अधिकृत प्राधिकारी, सिंडीकेट बैंक


# 'वित्तीय गड़बड़ियों का पता लगाने में ऑडिट प्रणाली विफल'

मुंबई, 9 मार्च (भाषा)।

इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएमएआइ) ने सोमवार को कहा कि वित्तीय लेखा परीक्षा (ऑडिट) गड़बड़ियों को समय पर उजागर करने में बार-बार विफल रही है। ऐसे में सरकार को लागत लेखा परीक्षा को अनिवार्य करना चाहिए ताकि बैंकों की गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों यानी फंसे कर्ज (एनपीए) पर लगाम लगाई जा सके। संस्थान का कहना है कि इससे येस बैंक जैसे मामलों को रोका जा सकता है।

आइसीएमएआइ के अध्यक्ष बलविंदर सिंह ने कहा कि बैंकों का एनपीए 10 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया है और इस समस्या का कारण पिछले कुछ साल से लागत लेखा परीक्षा और लागत ऑडिट सूचना की अनदेखी करना है। आइसीएमएआइ का यह बयान ऐसे समय आया है जब येस बैंक में वित्तीय अनियमितताएं पाए जाने के बाद सरकार और रिजर्व बैंक ने उस पर कई रोक लगाई है।

सांविधिक निकाय के अध्यक्ष ने सभी बड़े नए कर्ज प्रस्तावों के मूल्यांकन के लिए लागत ऑडिट को अनिवार्य बनाने की सिफारिश की है। बढ़ते एनपीए पर अंकुश लगाने के लिए कर्ज की निश्चित समय पर समीक्षा करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि कड़ी लागत लेखा परीक्षा आधारित लागत ब्योरे से किसी इकाई और उत्पाद की लाभदायकता का पता चल सकता है। इससे मौजूदा व्यवस्था में जो सूचना उपलब्ध है, उससे कहीं अधिक जानकारी मौजूद होगी। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संदर्भ में तत्काल कदम उठाने चाहिए क्योंकि परंपरागत वित्तीय लेखा परीक्षा समय पर सही जानकारी देने में वफल हुई है।

www.readwhere.com

# जम्मू कश्मीर में राजनीतिक कैदियों की रिहाई हो : विपक्ष

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

**राकांपा** के अध्यक्ष शरद पवार, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और भाकपा के महासचिव डी राजा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने साझा बयान जारी किया

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय कप्युनिस्ट पार्टी सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने सोमवार को सरकार से जम्मू कश्मीर के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित अन्य राजनीतिक बंदियों की तत्काल रिहाई करने की मांग की है।

राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार, माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी, तृणमूल कंग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और भाकपा के महासचिव डी राजा सहित अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने साझा बयान जारी कर जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला सहित अन्य राजनीतिक दलों के उन सभी नेताओं को रिहा करने की मांग की है। इन्हें पिछले साल पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के समय हिरासत में लिया गया था।

बयान पर पवार, येचुरी, बनर्जी और राजा के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा, राजद के मनोज कुमार झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा और अरुण शौरी ने भी हस्ताक्षर किए हैं। बयान में विपक्ष के नेताओं ने केंद्र सरकार पर प्रशासन के दमन द्वारा असहमति की आवाज को दबाने का आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि लोकतांत्रिक मूल्यों, मौलिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता पर लगातार हमले बढ़ रहे हैं। ऐसे में असहमति की आवाज को न केवल दबाया जा रहा है, बल्कि गंभीर मुद्दों को उठाने वालों को योजनाबद्ध तरीके से चुप कराया जा रहा है।

विपक्ष ने सत्तापक्ष के इस रवैये के कारण संविधान में वर्णित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे को खतरा उत्पन्न होने का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले सात महीनों से तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों को बिना किसी पुख्ता आधार के हिरासत में रखा गया है। विपक्ष ने दलील दी कि इन नेताओं का ऐसी कोई पृष्ठभूमि भी नहीं है जिसके आधार पर यह कहा जा सके कि ये लोग जम्मू कश्मीर में सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। जबकि केंद्र सरकार यह निराधार तर्क दे रही है कि इन्हें रिहा करने पर इनकी गतिविधियों से देश और राज्य में सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। जम्मू कश्मीर में एहतियातन हिरासत में लिए गए नेताओं को रिहा करने की विपक्ष लगातार मांग कर रहा है। विपक्षी नेताओं ने बयान में कहा कि तीन पूर्वमुख्यमंत्रियों सहित जम्मू कश्मीर के तमाम राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अनिश्चितकाल तक हिरासत में रखना इनके संवैधानिक अधिकारों का गंभीर हनन है। विपक्षी नेताओं ने कहा कि इन परिस्थितियों में संविधान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध राजनीतिक दल चुप नहीं बैठ सकते हैं। इसके मद्देनजर उन्होंने इन नेताओं की रिहाई और जम्मू कश्मीर के लोगों के नागरिक अधिकारों को बहाल करने की मांग की है।

## उद्धव ठाकरे की अयोध्या यात्रा

# भाजपा की आलोचना को शिवसेना ने ढोंग बताया

मुंबई, 9 मार्च (भाषा)।

**शिवसेना** के मुखपत्र में लिखे संपादकीय में कहा कि ठाकरे की आलोचना करना उनके पूर्व राजनीतिक सहयोगी के 'बुरे इरादे' को उजागर करता है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अयोध्या यात्रा को लेकर भाजपा की आलोचनाओं को शिवसेना ने 'असली ढोंग' करार देते हुए सोमवार को कटाक्ष किया। शिवसेना ने कहा कि ठाकरे की आलोचना करना उनके पूर्व राजनीतिक सहयोगी के 'बुरे इरादे' को उजागर करता है।

शिवसेना के मुखपत्र में लिखे संपादकीय में कहा कि महाराष्ट्र में विपक्ष इस बात से चकित है कि राज्य में विपरीत विचारधारा वाली कांग्रेस से हाथ मिलाने के बावजूद शिवसेना ने खुद को हिंदुत्व से दूर नहीं किया है। उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर शनिवार को अयोध्या जाकर भगवान राम के दर्शन किए थे।

शिवसेना ने कहा, 'अयोध्या यात्रा को लेकर पार्टी के अध्यक्ष और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ठाकरे को ढोंगी कहने वाली भाजपा असल में खुद असली ढोंगी है। अयोध्या में ठाकरे की राम मंदिर यात्रा से खुश होने के बजाय भाजपा नेता इसे पचा नहीं पा रहे हैं।' संपादकीय में कहा गया कि जिस तरह भाजपा नेता ठाकरे की आलोचना कर रहे हैं, इससे उनके 'बुरे इरादे' उजागर हो रहे हैं और कांग्रेस से हाथ मिलाने के बावजूद खुद को 'हिंदुत्व' से दूर नहीं करने के कारण ही विपक्ष घबराया हुआ है। ठाकरे नीत शिवसेना ने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के साथी अलग विचारधारा के हो सकते हैं लेकिन मानवता के तौर पर सभी के साथ एक समान व्यवहार और सेवा करने को लेकर हम भी भगवान राम के कदमों पर चल रहे हैं। इसमें कहा गया है– 'नागरिकता संशोधन कानून को लेकर महाराष्ट्र में विपक्ष दिल्ली हिंसा जैसे हालात की उम्मीद कर रहा था लेकिन ठाकरे ने हालात को गंभीरता से संभाला और कोई छोटी सी भी घटना नहीं हुई।' मुखपत्र में कहा गया कि भगवान राम पर किसी भी व्यक्ति अथवा दल का एकाधिकार नहीं है। साथ ही शिवसेना ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के उस बयान की भी निंदा की, जिसमें पाटिल ने कहा था कि अगर किसी का हृदय खुला है तो उसमें ही भगवान राम मिल सकते हैं।

# एआइ एक्सप्रेस ने की यात्रा की नई तारीख मुफ्त में तय करने की पेशकश

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

कोरोना वायरस के प्रकोप के मद्देनजर एअर इंडिया एक्सप्रेस ने सोमवार को कहा कि 12 मार्च से 31 मार्च के बीच बुकिंग कराने वाले सभी यात्री अपनी यात्रा की नई तारीख मुफ्त में फिर से निर्धारित कर सकते हैं।

एअर इंडिया की किफायती इकाई एअर इंडिया (एआइ) एक्सप्रेस 13 अंतरराष्ट्रीय गंतव्य स्थानों तक सेवाएं देती है जिनमें से ज्यादातर खाड़ी देश हैं। एअरलाइन ने एक बयान में कहा, 'कोविड-19 के कारण अनिश्चित यात्रा स्थिति को देखते हुए 12 मार्च से 31 मार्च के बीच बुक कराई गई टिकटों के लिए उड़ान के प्रस्थान से तीन दिन पहले तक यात्रियों को मुफ्त में तारीख बदलने की अनुमति दी जाएगी।' टिकट रद्द कराने में लगने वाला शुल्क पहले की ही लागू होगा।

कोरोना वायरस के प्रकोप के बीच कई देशों ने यात्रा प्रतिबंध लगाए हैं। एअरलाइन हर हफ्ते दुबई और बहरीन समेत खाड़ी देशों के 12 स्थानों और सिंगापुर तक 660 उड़ानों का परिचालन करता है। एक अधिकारी ने बताया कि कोरोना वायरस के प्रकोप के बाद एअरलाइन ने सिंगापुर तक अपनी उड़ानों की संख्या घटा दी है।



**रंगोल्लास** जम्मू में सोमवार को होली खेलती छात्रा।

# अलवर में दो समूहों के बीच झड़प में सात पुलिसकर्मी सहित 13 घायल

जयपुर, 9 मार्च (भाषा)।

राजस्थान के अलवर जिले में भूमि विवाद को लेकर दो समूहों के बीच सोमवार को हुई झड़प में सात पुलिसकर्मी सहित 13 व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिसकर्मी दो समूहों के बीच झड़प की सूचना मिलने पर अलवर के एक गांव में पहुंचे थे। अधिकारियों ने बताया कि मौके पर पहुंचने पर पुलिसकर्मियों पर डंडों से हमला किया गया और पथराव किया गया। गोलियां भी चलाई गईं।

पुलिस अधीक्षक (अलवर) पी. अनिल देशमुख ने कहा कि हमले में सात पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। एक पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस की टीमों ने हालात पर काबू पाने के लिए आठ गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि हालात को काबू में करने के लिए पुलिस कार्रवाई में छह व्यक्ति घायल हुए। कुल 13 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि जसराम गुर्जर, देवी सिंह गुर्जर और उनके सहयोगियों ने एक भूखंड का अतिक्रमण कर लिया था, जिसके चलते झड़प हुई। देशमुख ने बताया कि जसराम और उसके बेटे मनपाल सहित सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जसराम और तीन अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों के आपराधिक रिकॉर्ड हैं।

# कोरोना के खतरे के बीच लाखों ने पोंगल त्योहार मनाया

तिरुवनंतपुरम, 9 मार्च (भाषा)।

केरल में कोरोना वायरस के प्रकोप और छह नए मामलों के सामने आने के मद्देनजर सरकार के सख्त दिशा-निर्देशों के बीच लाखों महिलाओं ने सबसे बड़े धार्मिक समागम 'अट्टकल पोंगल' में सोमवार को हिस्सा लिया।

कड़ी धूप का सामना करते हुए, राज्य और बाहर से आईं श्रद्धालु मंदिर परिसर, राजमार्ग के दोनों तरफ और सड़कों पर एकत्र होकर पंक्तियों में बैठीं और ईंटों से बने चूल्हों पर पोंगल का प्रसाद तैयार किया।

# राज्यसभा चुनाव : मप्र भाजपा ने केंद्रीय चुनाव समिति को भेजी दावेदारों की सूची

भोपाल, 9 मार्च (भाषा)।

मध्यप्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों पर 26 मार्च को होने वाले चुनाव के लिए दो उम्मीदवारों का चयन करने के लक्ष्य से प्रदेश भाजपा ने पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को अपने राष्ट्रीय महासचिवों राम माधव व कैलाश विजयवर्गीय सहित 20 से 22 दावेदार उम्मीदवारों की सूची भेजी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस पैनल में पार्टी के मध्यप्रदेश से दो राज्यसभा सदस्यों प्रभात झा व सत्यनारायण जटिया के नाम भी शामिल हैं।

प्रभात झा व सत्यनारायण जटिया (दोनों भाजपा) व कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल इस साल अप्रैल में पूरा होने वाला है। इसी कारण इन तीन सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'अब पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति को इस पर अंतिम फैसला करना है कि किन दो उम्मीदवारों को मध्यप्रदेश की राज्यसभा सीटों से उतारा जाए। इस समिति को यह अधिकार भी है कि वह हमारी भेजी गई सूची के अतिरिक्त किसी अन्य नेता को भी चुनाव मैदान में उतार सकता है।'

# प्रियंका को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजने की कांग्रेस नेताओं की मांग

भोपाल, 9 मार्च (भाषा)।

**मध्य प्रदेश** की तीन राज्यसभा सीटों के लिए 26 मार्च को चुनाव होने हैं और इसके लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 13 मार्च है।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के विभिन्न गुटों में चल रही अंदरूनी लड़ाई एवं कमलनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस नीत सरकार को कथित रूप से भाजपा द्वारा अस्थिर करने के आरोपों के बीच प्रदेश के कुछ कांग्रेसी नेताओं ने पार्टी आलाकमान से मांग की है कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट से मैदान में उतारा जाए।

मध्य प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों के लिए 26 मार्च को चुनाव होने हैं और इसके लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 13 मार्च है। प्रभात झा एवं सत्यनारायण जटिया (दोनों भाजपा) और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। इसी कारण इन सीटों पर चुनाव की जरूरत आन पड़ी है। 2018 में हुए प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के कारण इन तीन सीटों में से एक सीट पर कांग्रेस कब्जा कर सकती है, जबकि एक भाजपा के खाते में जाने की उम्मीद है।

वहीं, तीसरी सीट के लिए कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ही जोर आजमाएंगे और इसके लिए उन्हें बसपा, सपा एवं निर्दलीय विधायकों के वोटों की जरूरत होगी। कमलनाथ रविवार रात भोपाल से दिल्ली के लिए रवाना हुए और मध्यप्रदेश के हालिया राजनीति घटनाक्रम और राज्यसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के बाद कमलनाथ ने दिल्ली में कहा कि सभी मुद्दों पर चर्चा हुई।

सूत्रों का कहना है कि करीब 20 मिनट तक चली सोनिया और कमलनाथ की मुलाकात के दौरान राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के संदर्भ में मुख्य रूप से चर्चा हुई। मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने सोमवार को बताया, 'प्रियंका गांधी को मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर नामांकन भरना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'राज्यसभा के लिए हमने प्रियंका गांधी को न्योता भेजा है। उनके आते ही सभी मसले हल हो जाएंगे।' वर्मा के अलावा, मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने भी प्रियंका गांधी को मध्य प्रदेश की राज्यसभा से मैदान में उतारे जाने की मांग की है। पिछले महीने भी मध्य प्रदेश के दो मंत्री पीसी शर्मा एवं जयवर्द्धन सिंह भी प्रियंका गांधी को मध्य प्रदेश की राज्यसभा सीट से मैदान में उतारने की मांग पार्टी आलाकमान से कर चुके हैं।


**टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लिमिटेड**
TATA सम्पर्क का पताः 7वाँ तल, विडियोकॉन टावर, झण्डेवालान एक्स्टेंशन, नई दिल्ली-110055, भारत

**मांग सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13 (2) के अंतर्गत**

सेवा में,
1. अतुल कुमार सॉहनी पुत्र स्व. मदन लाल सॉहनी
मकान डी-321, गली नं. 11, डी-ब्लॉक, हरदेव पुरी, दिल्ली-110093
2. श्रीमती टीना सॉहनी, मकान डी-321, गली नं. 11, डी-ब्लॉक, हरदेव पुरी, दिल्ली-110093
3. मै. अतुल केमिकल्स,
द्वारा उसके प्रॉप्राईटर अतुल कुमार सॉहनी, मकान डी-321, गली नं. 11, डी-ब्लॉक, हरदेव पुरी, दिल्ली-110093

प्रिय महोदय/ महोदया,
30.8.2017 को टीसीएफएसएल द्वारा आपको स्वीकृत होम इक्विटी (एलएपी) ऋण के अंतर्गत आगे के ब्याज के साथ 28 फर. 2020 को टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (यहां के बाद टीसीएफएसएल वर्णित) के लिये ऋण खाता सं. 7779420 में रु. 6526462.81/- (रुपए पैंसठ लाख छब्बीस हजार चार सौ बासठ एवं पैसे इक्यासी) की राशि बकाया हो गया है। हमारी बार-बार की गई मांगों के बावजूद आपने अपनी खाता में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है जिसे टीसीएफएसएल के बकाये के पुनर्भुगतान में आपकी चूक के कारण भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार 7 फरवरी, 2020 को एनपीए खाता के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैंने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना तिथि 28 फरवरी, 2020 जारी कर आपको सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ रु. 6526462.81/- (रुपए पैंसठ लाख छब्बीस हजार चार सौ बासठ एवं पैसे इक्यासी मात्र) की उक्त ऋण राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जिसमें विफल होने पर टीसीएफएसएल नीचे वर्णित संपत्ति पर टीसीएफएसएल के पक्ष में आपके द्वारा निर्मित प्रतिभूति हित के प्रवर्तन सहित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत वर्णित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

**संपत्ति की अनुसूची**

हरदेव पुरी कॉलोनी, गली नं. 11, सिकदरपुर गाँव का क्षेत्र, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110093 में स्थित खसरा नं. 448 में प्लॉट नं 22-ए, माप 200 वर्ग यार्ड्स पर निर्मित प्लॉट नं. डी-321, म्यूनिसिपल नं. 1449/22-ए, रेलिक्विशमेंट डीड तिथि 1 जुलाई, 2016 के अनुसार। चौहदीः उत्तरः अन्य सम्पत्ति, दक्षिणः 9 मी. चौड़ा रोड, पूर्वः 20 फीट रोड, पश्चिमः अन्य सम्पत्ति।

चूंकि सूचना 28 फरवरी, 2020 आपके उस पते जिसमें आप मूल रूप से निवास/ व्यवसाय/ व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य करते हैं, पर भेजी गई जो सर्व नहीं हो सकी अतः हम इस सूचना को प्रकाशित करने के लिए बाध्य हैं। एतद् द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत आपको निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिनों के भीतर ऊपर वर्णित अपनी देयताओं को निष्पादित करें, अन्यथा टीसीएफएसएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार आप बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उक्त प्रतिभूत परिसंपत्तियों का अंतरण नहीं करेंगे।

**स्थानः** नई दिल्ली — भवदीय प्राधिकृत अधिकारी
**तिथिः** 8.3.2020 — टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि.



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr. PC देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त रिहान अहमद पुत्र श्री गुरफान, निवासी मकान नं. 273, गली नं. 8, एल-प्रथम, संगम विहार, नई दिल्ली ने, FIR No. 172/17 u/s 420 IPC थाना नेब सराय, दिल्ली के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त रिहान अहमद मिल नही रहा है और मुझे समाधान पद रूप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त रिहान अहमद फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा धारा 82 CrPC जारी की गई है कि FIR No. 172/17 u/s 420 IPC के उक्त अभियुक्त रिहान अहमद से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 13.04.2020 को या इससे पहले हाजिर हो।

**DP/09/SD/2020-**
**(Court Matter)**

आदेशानुसार
श्री अनुज कुमार सिंह
मैट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-03, दक्षिण
कमरा न. 213, द्वितीय तल, साकेत कोर्ट कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली



PNC

**पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड**
**CIN:L45201DL1999PLC195937**
पंजीकृत कार्यालयः एनबीसीसी प्लाजा, टावर-II, 4 था तल, पुष्प विहार, सेक्टर-V, साकेत, नई दिल्ली
कॉर्प. कार्यालयः 3/22-डी, सिविल लाइंस, आगरा-दिल्ली बाईपास रोड, आगरा-282002
संपर्क नं.: 011-29574800, 0562-4054400, फैक्स नं.: 0562-4070011,
वेबसाइटः www.pncinfratech.com,
ई-मेलः complianceofficer@pncinfratech.com

**अन्तरिम लाभांश हेतु रिकॉर्ड तिथि की सूचना**

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 एवं उसके तहत निर्मित प्रयोज्य पठित नियमों तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन वांछनीयताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 42 एवं अन्य प्रयोज्य प्रावधानों के अनुसार कम्पनी ने कम्पनी के निदेशक मण्डल द्वारा 09 मार्च 2020 को आयोजित अपनी बैठक में घोषणा के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 के लिए रु. 2/- प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर प्रति शेयर रु. 0.50/- (पचास पैसे मात्र) अर्थात 25% अन्तरिम लाभांश प्राप्त करने के पात्र सदस्यों के निर्धारण के उद्देश्य हेतु शुक्रवार, 20 मार्च, 2020 को रिकार्ड तिथि के रूप में निर्धारित किया है। अन्तरिम लाभांश का भुगतान 31 मार्च, 2020 को या इससे पूर्व किया जायेगा।

पुनः उपर्युक्त के परिप्रेक्ष्य में अधिक विवरण कम्पनी की वेबसाइट (www.pncinfratech.com) तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया की वेबसाइट (www.nseindia.com) पर देखा जा सकता है।

कृते पीएनसी इन्फ्राटेक लिमिटेड
ह./-
तपन जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
आईसीएसआई एम. सं. : A22603

तिथिः 09 मार्च, 2020
स्थानः आगरा



*(This is not a Prospectus Announcement. This is a Corrigendum Advertisement)*

**RO JEWELS LIMITED**

**(CIN: U74999GJ2018PLC105540)**

*Our Company was originally incorporated RO Jewels Private Limited under the Companies Act, 2013 vide certificate of incorporation dated December 11, 2018 issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre, Manesar. Subsequently, Our Company was converted in to a public company pursuant to a special resolution passed by our shareholders at the EGM held on September 20, 2019 and consequently name was changed to "RO Jewels Limited" (ROJL) vide fresh certificate of incorporation dated October 01, 2019 issued by Registrar of Companies, Gujarat, Dadra and Nagar Havelli. Our Company has acquired the entire business of Proprietorship Concern of one of our Promoter- Mr. Bharat Rasiklal Shah viz, M/s Ravi Ornaments through the Business Succession Agreement dated December 18, 2019 which is effective from May 31, 2019. For further details of our Company, see "General Information" and "History and Certain Other Corporate Matters" on pages 40 and 87, respectively.*

**Registered Office:** 202, Shri Virkala Complex, M.G. Haveli R, Manekchowk Co. Op Bank, Manekchowk, Ahmedabad, Gujarat, India, 380001; **Tel. No.:** +91 79 22144429/ 22153329; **Email:** compliancerojewels@gmail.com; **Website:** www.rojewels.in; **Contact Person:** Ms. Pooja S. Jadiya, Company Secretary & Compliance Officer

**THE ISSUE**

**PUBLIC ISSUE OF 13,65,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF RO JEWELS LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER COMPANY") FOR CASH AT A PRICE ₹ 36/- PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 26/- PER EQUITY SHARE) ("ISSUE PRICE") AGGREGATING TO ₹491.40 LAKHS ("THE ISSUE"), OF WHICH 69,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH FOR A CASH PRICE OF ₹36/- PER EQUITY SHARE, AGGREGATING TO ₹24.84 LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER ("MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE ISSUE LESS THE MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF 12,96,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH AT AN ISSUE PRICE OF ₹36.00 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹466.56 LAKHS (IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE"). THE ISSUE AND THE NET ISSUE WILL CONSTITUTE 48.20 % AND 45.76 %, RESPECTIVELY OF THE POST ISSUE PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO SECTION TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE NO. 165 OF THR PROSPECTUS.**

**PROMOTER OF THE COMPANY: MR. BHARAT RASIKLAL SHAH, MRS. PRAVINABEN SHAH AND MR. SHUBHAM BHARATBHAI SHAH**

**ATTENTION INVESTORS- CORRIGENDUM TO THE PROSPECTUS DATED MARCH 04, 2020**

This is with reference to Prospectus dated March 04, 2020 filed with Registrar of Companies, Gujarat, Dadra and Nagar Havelli (The "RoC"), BSE Limited and SEBI in relation to the issue. All capitalized term used in the notice shall, unless the context otherwise requires, has the meaning ascribed in the Prospectus. Investors may please note the following updates/amendments in Prospectus, Application Forms, Abridged Prospectus and General Information Document.

**NOTICE TO INVESTORS**

The Company has opened a fresh Current Account with Canara Bank Limited in addition to the existing Current Account with Yes Bank Limited. The name and other related information of the Banker to the Company is **Name:** Canara Bank Limited; **Address:** 1, Giri Kunj Society, New S.M. Road, Paldi Ahmedabad 380007; **Tel No.:** +91 79 26601387; **Email Id:** cb016@canarabank.com; **Contact Person:** Mr. Rakesh Sharma; **CIN:** U67190KA1906PLC001069". This information is to be read in conjunction the existing information of the Banker to the Company as mentioned in the Prospectus under Section V- General Information beginning on page no. 40 of the Prospectus dated March 04, 2020.

**The Prospectus, the Application Forms, the Abridged Prospectus and General Information Document shall be read in conjunction with this corrigendum. The information in this notice supplements the Prospectus and supersedes the information in the Prospectus to the extent.**

**For RO Jewels Limited**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Shubham Bharatbhai Shah**
**Managing Director**

**Place: Ahmedabad**
**Date: March 09, 2020**

**For RO Jewels Limited** subject to market conditions, public issue of its Equity Shares and has filed the Prospectus with the Registrar of Companies, Gujarat, Dadra and Nagar Havelli. The Prospectus shall be available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, the website of the Lead Manager at www.focl.in, the website of the BSE i.e. www.bseindia.com, and website of the Issuer Company at www.rojewels.in. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk. For details investors should refer to and rely on the Prospectus including the section titled "Risk Factors" beginning on page 19 of the Prospectus, which has been filed with ROC.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the US Securities Act (the "Securities Act") or any state securities law in United States and may not be Issued or sold within the United States or to, or for the account or benefit of, "U.S. persons" (as defined in the Regulations under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.



एलसीआरजी/नई दिल्ली डिविजन
फेडरल टॉवर, 2/2, प्रथम तल,
वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
फोन नं. 011-40733980, 40733978

**फेडरल बैंक**
आपका सम्पूर्ण बैंकिंग भागीदार

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) (यहां के बाद अधिनियम के रूप में संदर्भित) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत सूचना.

1. श्री सुनील कुमार सिंह, पुत्र श्री ध्रुव राज सिंह जो एक्सप्रेस ग्रीन्स, प्लॉट नं. जी एच 1/1, सेक्टर 1, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उ.प्र. में मैं. सिंह न्यूज एजेन्सी के नाम एवं स्टाईल में व्यवसाय करते हैं तथा निम्न पते पर निवास करते हैः मकान नं. एफ 661-662, सेक्टर-3, महागुण मेट्रो माल के निकट, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उ.प्र.
2. श्रीमती सुमन सिंह, पत्नी श्री सुनील कुमार सिंह, निवासीः मकान नं. एफ 661-662, सेक्टर-3, महागुण मेट्रो माल के निकट, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उ.प्र.
3. श्री सुजीत कुमार सिंह, पुत्र श्री ध्रुव राज सिंह, निवासीः मकान नं. एफ 661-662, सेक्टर-3, महागुण मेट्रो माल के निकट, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उ.प्र.
4. श्रीमती मीरा सिंह, पत्नी श्री सुजीत कुमार सिंह, निवासीः मकान नं. एफ 661-662, सेक्टर-3, महागुण मेट्रो माल के निकट, वैशाली, गाजियाबाद-201010, उ.प्र.

आप में 1 ने प्रधान ऋणधारक के रूप में तथा 2 से 4 तक ने सह-ऋणधारकों/गारन्टरों के रूप में बैंक के पक्ष में आवश्यक प्रतिभूति अनुबंधों/ऋण दस्तावेजों को निष्पादित करने के बाद हमारे बैंक की वैशाली/गाजियाबाद शाखा से साख सुविधा प्राप्त की है। बैंक से प्राप्त उपरोक्त साख सुविधा की प्रतिभूति के लिए आप सभी ने अधोलिखित संपत्तियों के संदर्भ में हाइपोथेकेशन द्वारा बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का निर्माण किया हैः-

**हाइपोथेकेटेड चल सम्पत्तियों का विवरण**
**बुक डेब्ट्स का हाइपोथेकेशन**

बैंक से प्राप्त उपरोक्त साख सुविधाओं की प्रतिभूति के लिये श्री सुजीत कुमार सिंह तथा श्रीमती मीरा सिंह ने अधोलिखित अचल सम्पत्ति के संदर्भ में 13.7.2018 को मार्टगैज द्वारा बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित निर्मित किया हैः

**गिरवी अचल सम्पत्ति का विवरण**

वहाँ विद्यमान एवं/अथवा निर्मित होने वाली सभी भवनों के साथ ब्लॉक-एफ, सेक्टर-3, वैशाली, गाजियाबाद-201010 में माप 63.88 वर्ग मी. की भूमि पर स्थित फ्री होल्ड आवासीय मकान सं. 661 एवं 662, भूमि माप 63.88 वर्ग मी. पर जिसमें भू तल तथा प्रथम तल जिसका कुल कवर्ड एरिया 127.76 वर्ग मी. है, में शामिल सम्पत्ति का सभी भाग तथा हिस्सा तथा चौहदीः पूर्वः मकान सं. 635 एवं 636, पश्चिमः 20 फीट चौड़ा रोड, उत्तरः मकान सं. 660, दक्षिणः मकान सं. 663

उपरोक्त हाइपोथेकेटेड/ गिरवी संपत्तियां यहां के बाद "प्रतिभूत परिसंपत्तियों" के रूप में वर्णित हैं। फेडरल बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा आपको सूचित करते हैं कि बैंक के गाजियाबाद/वैशाली शाखा में आपकी ओडी ऋण खाता 21505600000486 के अंतर्गत 10.2.2020 को रु. 9,99,930/- (रुपये नौ लाख निन्यानवे हजार नौ सौ तीस मात्र) की राशि आप पर संयुक्त तथा पृथक रूप से बकाया है। पुनर्भुगतान में आपकी चूक को देखते हुए भा.रि.बैं. के दिशा निर्देशों के अनुसार आपकी खाता/ओं को गैर-प्रचालन परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है।

एतद्द्वारा आपको निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर 01.02.2020 से भुगतान की तिथि तक मासिक रेस्ट्स के साथ 12.5% की दर से आगे के ब्याज तथा 2% प्रति वर्ष की दर से दंड ब्याज तथा लागतों के साथ उक्त राशि का भुगतान करें, अन्यथा, बैंक द्वारा अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत आप तथा ऊपर वर्णित प्रतिभूत परिसंपत्तियों के विरुद्ध पट्टा, एसाइन्मेंट अथवा बिक्री द्वारा उसके अंतरण अथवा आपको आगे कोई सूचना दिए बिना बकाए की वसूली के लिए प्रतिभूत परिसंपत्तियों के प्रबंधन के अधिग्रहण के अधिकार सहित उसका अधिग्रहण करने जैसी सभी अधिकारों का प्रयोग किया जाएगा।

सूचित किया जाता है कि बैंक की लिखित अनुमति के बिना आप नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री, पट्टा अथवा अन्य रूप से अंतरण नहीं कर सकते हैं। अपनी देयता को निष्पादित नहीं करने तथा बैंक द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई शुरू किए जाने की स्थिति में आप उसके आगे भी उस सिलसिले में वहन किए गए सभी लागत, चार्जेज तथा खर्चे का बैंक को भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे। यदि प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री राशि से संपूर्ण देयता पूरी नहीं होती है तो आगे बिना किसी सूचना बैंक शेष राशि की वसूली के लिए व्यक्तिगत रूप से आपके विरुद्ध कार्रवाई करेगा। आपका ध्यान प्रतिभूति परिसम्पत्तियों (प्रतिभूत सम्पत्तियों) को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों के प्रति आकृष्ट किया जाता है।

यह सूचना बकाए की वसूली के लिए बैंक को उपलब्ध अन्य अधिकारों तथा उपचारों के प्रति पूर्वाग्रह-रहित है।

**यह सूचना 18 फरवरी, 2020 को जारी की गई थी तथा वह आपको सर्व की गई लेकिन संभवतः आपने उसे प्राप्त नहीं किया जिस कारण से सरफेसी अधिनियम के अनुसार यह प्रकाशन आवश्यक हो गया है।**

आज दिनांक 9 मार्च, 2020 — कृते फेडरल बैंक लिमिटेड, सहायक उपाध्यक्ष (सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी)


www.readwhere.com

# मैरी कॉम और पंघाल ने कटाया तोक्यो का टिकट

अम्मान (जोर्डन), 9 मार्च (भाषा)।

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम (51 किग्रा) और दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज अमित पंघाल (52 किग्रा) ने सेमी फाइनल में पहुंचकर तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जबकि मनीष कौशिक (63 किग्रा) सोमवार को यहां एशिया/ओसनिया क्वालीफायर में क्वार्टर फाइनल बाउट में हारने के बावजूद तोक्यो टिकट कटाने की दौड़ में बने हुए हैं।

दूसरी वरीय मैरी कॉम ने क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस की आयरिश मैग्नो पर 5-0 की आसान जीत से दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। मैरी कॉम ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक हासिल किया था जब महिला मुक्केबाजी को पहली बार इस महासमर में शामिल किया गया था। अब 37 साल की इस अनुभवी मुक्केबाज का सामना सेमी फाइनल में चीन की युआन चांग से होगा जो पूर्व युवा ओलंपिक चैंपियन हैं।

इससे पहले विश्व चैंपियनशिप के रजत पदकधारी और शीर्ष वरीय भारतीय मुक्केबाज पंघाल ने पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। मौजूदा एशियाई और एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण पदकधारी पंघाल ने क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के कार्लो पालाम को 4-1 से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। पंघाल ने मुकाबले के बाद कहा, मैं अपना ओलंपिक कोटा अपने अंकल राज नारायण को समर्पित करना चाहता हूं, उनका आज जन्मदिन है और वो मेरा काफी उत्साह बढ़ाते हैं। वहीं विश्व कांस्य पदक विजेता कौशिक क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के तीसरे वरीय चिगजोरिग बातारसुख से 2-3 से हार गए। कौशिक ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में बने हुए हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें क्वार्टर फाइनल में हारने वाले मुक्केबाज से बाक्स-ऑफ में जीतना होगा क्योंकि 63 किग्रा वर्ग से शीर्ष छह मुक्केबाज तोक्यो ओलंपिक का टिकट कटाएंगे। कौशिक बाक्स-ऑफ में आस्ट्रेलिया के राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन हैरिसन गारसाइड से भिड़ेंगे जिनसे वह 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में भिड़े थे और हार गए थे। तेईस साल के पंघाल 2018 एशियाई खेलों के सेमी फाइनल में और 2019 विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पलाम को हरा चुके हैं। अब सेमीफाइनल में पंघाल का सामना चीन के जियांगुआन हु से होगा जिन्होंने विश्व कांस्य पदक विजेता और चौथे वरीय कजाखस्तान के साकेन बिबोसिनोव को 5-0 से मात दी। हालांकि पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन साक्षी चौधरी (57 किग्रा) ओलंपिक कोटा हासिल करने में असफल रहीं। उन्हें क्वार्टर फाइनल में कोरिया की इम आएजी से हार का सामना करना पड़ा।

## ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर मुकाबला



*मैरी कॉम* ने आयरिश मैग्नो पर 5-0 की आसान जीत दर्ज कर दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया।

## खबर कोना



सविल में ला लीगा फुटबॉल मैच में रियल बेटिस के खिलाफ पहला गोल दागकर जशन मनाते रियल मैड्रिड के करीम बेन्जेमा।

### विश्व मास्टर्स हॉकी से जुड़ा हॉकी इंडिया

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

हॉकी इंडिया (एचआइ) सोमवार को विश्व मास्टर्स हॉकी (डब्लूएमएच) के सदस्य के तौर पर जुड़ गया जिसमें 38 देशों के राष्ट्रीय संघों को सदस्यता प्राप्त है। मास्टर्स हॉकी में संन्यास ले चुके या वरिष्ठ खिलाड़ी खेलते हैं। इससे जुड़ी जिम्मेदारी और अन्य गतिविधियों को पूरा करने के लिए एचआइ ने पूर्व भारतीय कप्तान आरपी सिंह को हॉकी इंडिया मास्टर्स समिति का संयोजक और हरबिंदर सिंह को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। बीपी गोविंदा, जगबीर सिंह, एबी सुब्बैया, सुरिंदर कौर और एम रेणुका लक्ष्मी को समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। डब्लूएमएच को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआइएच) से मान्यता प्राप्त है और इसके पास वैश्विक रूप से मास्टर्स टूर्नामेंट करने का एकल अधिकार है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने कहा, यह शानदार शुरुआत है जिससे पुरुष और महिला वर्ग में हर उम्र के खिलाड़ियों को हॉकी से जुड़ने और खेलों में सक्रिय रहने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करेगा जिससे मास्टर्स हॉकी को बढ़ावा मिलेगा और पूर्व खिलाड़ी फिर से मैदान में उतरने को लेकर प्रोत्साहित हों।

### कोरोना विषाणु के कारण फेड कप राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स स्थगित

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

कोरोना विषाणु के कारण भोपाल में छह से आठ अप्रैल तक होने वाली 18वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप को सोमवार को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने बयान में कहा, 18वीं फेडरेशन कप राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है जिसका आयोजन मध्य प्रदेश के भोपाल में छह से आठ अप्रैल 2020 तक किया जाना था। इसके अनुसार, फेडरेशन कप जूनियर एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनिशप के लिए अंतिम चयन ट्रायल था जिसे तीन दिन पहले एशियाई एथलेटिक्स संघ ने रद्द कर दिया है। हमने अगले आदेश तक टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया है।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 37 संभावित खिलाड़ी

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 37 संभावित खिलाड़ियों को चुना है और हाई परफार्मेंस निदेशक डेविड जॉन का लक्ष्य आस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन में रही कमियों को दूर करने का होगा। जूनियर महिला टीम ने आस्ट्रेलिया में दिसंबर में तीन देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करके दो बार न्यूजीलैंड को हराया और मेजबान से दो करीबी मुकाबले खेले। जॉन ने कहा, हमें पता है कि इस शिविर में किन पहलुओं पर काम करना है। हम सुनिश्चित करेंगे कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आए। ये खिलाड़ी काफी समय से साथ खेल रहे हैं और इनका तालमेल जबर्दस्त है। संभावित खिलाड़ियों की सूची : गोलकीपर : रोशनप्रीत कौर, खुशबू, एफ रमनमावी डिफेंडर : प्रियंका, सिमरन सिंह, मरीना एल, गगनदीप कौर, इशिका चौधरी, जोतिका कलसी, सुमिता, अक्षता धेकाले, ऊषा, परनीत कौर, महिमा चौधरी, सुमन देवी थोडाम।

# कोरोना विषाणु के डर से दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी हाथ मिलाने से बचेंगे

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

दक्षिण अफीका को कोच मार्क बाउचर ने कहा कि कोरोना विषाणु के डर से भारत दौरे पर उनकी टीम के खिलाड़ी हाथ मिलाने के रिवाज से बचने की कोशिश करेंगे।

भारत में कोरोना विषाणु के अब तक 43 मामले सामने आए हैं और दक्षिण अफ्रीका की टीम तीन मैचों की शृंखला के लिए सोमवार को तड़के यहां पहुंची। बाउचर ने कहा कि टीम 'कड़ाई से' स्वास्थ्य संबंधी प्रोटोकाल का पालन करेगी।

बाउचर ने यहां से रवाना होने से पहले कहा, जहां तक हाथ मिलाने का सवाल है तो जो चिंता है उसे देखते हुए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को उससे बचाने के लिए जो जरूरत होगी वह करेंगे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर ने कहा, मुझे लगता है यह खिलाड़ियों के सम्मान के बारे में ना कि कुछ फैलाने के लिए। उन्होंने कहा, हमारे साथ सुरक्षा अधिकारी है और अगर स्वास्थ्य से जुड़ी चिंता हुई तो हम उन्हे सूचित करेंगे और जो निर्देश मिलेगा उसका पालन करेंगे। अगर उन्हें लगा कि ऐसा करना खतरनाक है तो हम हाथ मिलाने से बचेंगे।

### तीन वनडे के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम भारत पहुंची

दक्षिण अफ्रीका टीम 12 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे शृंखला के लिए यहां पहुंच गई। सोलह सदस्यीय टीम सोमवार को ही धर्मशाला रवाना हो जाएगी जबकि भारतीय टीम मंगलवार को यहां पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी बंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिटनेस टेस्ट देंगे। कोरोना विषाणु के प्रकोप के चलते दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ उसके मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर शोएब मांजरा भी आए हैं। भारत में अभी तक कोरोना विषाणु के 39 मामले दर्ज हुए हैं। शृंखला का दूसरा मैच 15 मार्च को लखनऊ में और तीसरा 18 मार्च को कोलकाता में खेला जाएगा।

# टी-20 रैंकिंग में शेफाली ने शीर्ष स्थान गंवाया

दुबई, 9 मार्च (भाषा)।

भारत की युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने सोमवार को आइसीसी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा दिया जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गईं। आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी 762 अंक लेकर करिअर में पहली बार शीर्ष पर पहुंची हैं।

वह मेलबर्न में आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में केवल दो रन ही बना पाई थीं। 16 साल की शेफाली (744 अंक) ने हाल में आस्ट्रेलिया में समाप्त हुए टी-20 विश्व कप के लीग चरण के खत्म होने के बाद शीर्ष स्थान हासिल कर लिया था।

आस्ट्रेलियाई टीम फाइनल में भारत को हराकर पांचवीं बार खिताब अपनी झोली में डालने में सफल रहीं। रविवार को फाइनल में नाबाद 78 रन बनाने वाली उसकी सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी दो स्थान की छलांग से 762 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गईं। मूनी ने छह पारियों में 64 के औसत से 259 रन बनाए जो टूर्नामेंट में एक चरण में किसी खिलाड़ी के सबसे ज्यादा रन भी रहे जिससे उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। वह अपने करिअर में पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची हैं। न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (750 अंक) सूची में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जिसमें भारत की स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स भी शामिल हैं। भारतीय उप कप्तान मंधाना एक स्थान खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गई जबकि रोड्रिग्स नौंवे स्थान पर कायम हैं। मूनी की सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली दो पायदान की छलांग से पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की दीप्ति शर्मा 10 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 43वां स्थान हासिल करने में सफल रहीं जबकि वह पहली बार शीर्ष पांच आल राउंडर में शामिल हुई हैं।



*744 अंक* के साथ 16 साल की शेफाली तीसरे स्थान पर खिसक गई

### शेफाली को रोते देखना बुरा लग रहा था : ब्रेट ली

मेलबर्न, 9 मार्च (भाषा)।

पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने सोमवार को कहा कि टी-20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद युवा भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा को रोते देखकर काफी बुरा लग रहा था। उन्होंने हालांकि उम्मीद जताई कि वह मजबूत होकर वापसी करेंगी। पहली बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया ने फाइनल में 85 रन से हराया। फाइनल में वर्मा अपनी लय कायम नहीं रख सकी और मैच के बाद उनके आंसू नहीं रुक रहे थे। ली ने आइसीसी के लिए अपने कॉलम में लिखा, मुझे शेफाली के लिए बहुत बुरा लग रहा था। उसे रोते देखकर अच्छा नहीं लगा लेकिन उन्हें अपने प्रदर्शन पर फख्र होना चाहिए। उन्होंने कहा, पहले ही टूर्नामेंट में इस तरह का प्रदर्शन उसकी प्रतिभा और मानसिक दृढ़ता दिखाता है।

# रणजी फाइनल :आकाश दीप ने बंगाल को कराई वापसी

राजकोट, 9 मार्च (भाषा)।

तेज गेंदबाज आकाश दीप के तीन विकेट के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में सोमवार को यहां पहले दिन सौराष्ट्र के खिलाफ वापसी की। कम रोशनी के कारण दिन में 80.5 ओवर का खेल ही हो सका जिसमें सौराष्ट्र ने पांच विकेट पर 206 रन बनाए।

भारतीय टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा बुखार के कारण सिर्फ 24 गेंदों का सामना कर पांच रन बनाकर रिटायर हर्ट हो गए। सौराष्ट्र के लिए अवि बारोट (54) और विश्वराज जडेजा (54) ने अर्धशतकीय पारी खेली। आकाश दीप ने 14.5 ओवर में 41 रन देकर तीन विकेट लिए। पहली बार घरेलू मैदान पर फाइनल खेल रहे सौराष्ट्र के टास जीतकर बल्लेबाजी के फैसले को हार्विक देसाई (38) और बारोट ने पहले सत्र में बिना किसी नुकसान के 77 रन बनाकर सही साबित किया। दोनों को हालांकि जीवनदान भी मिला।

बंगाल ने इस सत्र में तीन मुश्किल कैच टपका दिए। बंगाल को हालांकि दूसरे सत्र में सफलता का ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद (56 रन पर एक विकेट) ने देसाई को आउट कर 82 रन की साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बारोट और जडेजा ने संभलकर खेलना जारी रखा। बारोट 142 गेंद की पारी में छह चौके की मदद से 54 रन बनाने के बाद आकाश दीप का पहला शिकार बने। टीम को दूसरा झटका लगने के बाद भी पुजारा बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। चाय के विश्राम के समय सौराष्ट्र का स्कोर 61 ओवर में दो विकेट पर 155 रन था। दिन का तीसरा सत्र बंगाल के नाम रहा जिसमें आकाश दीप ने जडेजा को बोल्ड कर अपनी दूसरी सफलता हासिल की। इसके दो ओवर बाद इशान पोरेल (37 रन पर एक विकेट) ने टीम के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शेल्डन जैक्सन को पगबाधा किया।

जैक्सन ने 15 गेंद में तीन चौके की मदद से 14 रन बनाए। जैक्सन के आउट होने के बाद पुजारा क्रीज पर उतरे लेकिन वह बीमार दिख रहे थे और 24 गेंद खेलने के बाद वह रिटायर्ड हर्ट हो गए। पारी के 81वें ओवर में आकाश दीप ने चेतन सकारिया (चार रन) को विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा के हाथों कैच कराकर तीसरी सफलता हासिल की। इस विकेट के गिरने के बाद अंपायरों ने खराब रोशनी के कारण दिन का खेल यहीं समाप्त कर दिया। खेल रोके जाते समय सेमी फाइनल में बंगाल के खिलाफ शतक लगाने वाले अर्पित वासवडा 29 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

**206**

रन 80.5 ओवर के खेल में सौराष्ट्र ने पांच विकेट पर बनाए

**03**

विकेट लिए आकाश दीप ने 14.5 ओवर में 41 रन देकर



फाइनल मैच के दौरान सौराष्ट्र के बल्लेबाज एए बरोट का विकेट लेने के बाद बंगाल के बाद गेंदबाज आकाश दीप।

### क्षेत्ररक्षण ही नहीं, हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन की जरूरत थी : शिखा पांडे

मेलबर्न, 9 मार्च (भाषा)।

सीनियर तेज गेंदबाज शिखा पांडे ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया ने भारत को क्षेत्ररक्षण ही नहीं बल्कि हर विभाग में उन्नीस साबित कर दिया। आस्ट्रेलिया ने फाइनल में भारत को 85 रन से हराया।

पांडे ने आइसीसी की वेबसाइट पर लिखा, हम नर्वस नहीं थे। एक बार मैदान पर उतरने के बाद सहज हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि बेथ मूनी (नाबाद78) और एलिसा हीली (75) के कैच छोड़ना भारत को महंगा पड़ा। मूनी को राजेश्वरी गायकवाड़ और हीली को शेफाली वर्मा ने जीवनदान दिया। पांडे ने कहा, अगर बल्लेबाजों को इस तरह मौके दिए जाए तो वे दबाव बनाएंगे ही। इसका हमें खमियाजा भुगतना पड़ा। हमें तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए था। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट का हिस्सा रहना सौभाग्य की बात रही लेकिन फाइनल में हारना निराशाजनक था। हमें हालांकि महान टेनिस खिलाड़ी बिली जे किंग से मिलने का मौका मिला जिन्होंने महिला खेलों के लिए इतना काम किया है।

### सौरव गांगुली और बीसीसीआइ से गावसकर ने कहा

# प्रतिभाओं की तलाश के लिए अगले साल से महिलाओं का आइपीएल शुरू करें

नई दिल्ली, 9 मार्च (भाषा)।

टी-20 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद महान बल्लेबाज सुनील गावसकर ने कहा कि महिला क्रिकेट में प्रतिभाओं की तलाश के लिए महिलाओं का आइपीएल शुरू किया जाना चाहिए। पहली बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम को 85 रन से पराजय झेलनी पड़ी। गावसकर ने हालांकि कहा कि अपराजेय रहकर भारत का फाइनल में पहुंचना दिखाता है कि चीजें सही दिशा में जा रही है। उन्होंने 'इंडिया टुडे' से कहा, मैं सौरव गांगुली और बीसीसीआइ से कहना चाहता हूं कि अगले साल से महिलाओं का आइपीएल भी शुरू किया जाए ताकि और प्रतिभाएं सामने आ सकें। भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है और भारतीय टीम के इस प्रदर्शन के बाद और प्रतिभाएं सामने आएंगी। उन्होंने कहा, यदि



आठ टीमें नहीं भी है तो महिलाओं का आइपीएल हो सकता है। इससे प्रतिभाओं को मौका मिलेगा। गावसकर ने कहा, बीसीसीआइ महिला क्रिकेट का बखूबी ख्याल रख रहा है और यही वजह है कि महिला क्रिकेट ने इतनी तरक्की की है। टूर्नामेंट शुरू होने से एक महीना पहले भारतीय टीम आस्ट्रेलिया पहुंची और मेजबान के खिलाफ तीन मैचों की शृंखला भी खेली। उन्होंने स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर का उदाहरण दिया जिन्हें बिग बैश लीग खेलने का काफी फायदा मिला। उन्होंने कहा, स्मृति और मंधाना ने महिला बिग बैश लीग खेला जिसका उन्हें काफी फायदा मिला।

# टीम में वापसी के लिए आइपीएल में होगी धोनी की परख

राजकोट, 9 मार्च (भाषा)।

बीसीसीआइ के एक आला अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय चयन समिति में अध्यक्ष समेत दो नए सदस्य आने के बावजूद एमएस धोनी को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं होगा और उन्हें टी-20 विश्व कप की टीम में जगह पाने के लिए आइपीएल में अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी आइपीएल में अच्छा प्रदर्शन रहने पर धोनी की वापसी के संकेत दिए थे।

सुनील जोशी की अध्यक्षता वाली चयन समिति की रविवार को अहमदाबाद में हुई पहली बैठक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 12 मार्च से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे शृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन किया गया। हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार और शिखर धवन ने टीम में जगह बनाई। पिछले अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने साफ तौर पर कहा था कि धोनी को टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जुलाई में न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमी फाइनल के बाद से धोनी क्रिकेट से दूर है। वह 29 मार्च से शुरू हो रहे आइपीएल के जरिए वापसी करेंगे।



*बीसीसीआइ के* अधिकारी दिया संकेत, कहा-अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा

बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, बैठक में बस मुद्दे पर बात की गई। अभी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शृंखला में धोनी चयन की दौड़ में नहीं थे तो उन पर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा, आइपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने पर ही उनकी वापसी होगी। सिर्फ वही नहीं आइपीएल में खेलने वाले कई सीनियर और युवा खिलाड़ियों पर यह बात लागू होती है। अच्छा खेलने पर उनके नाम पर भी विचार किया जाएगा। कुछ चौकाने वाले चयन हो सकते हैं। टी-20 विश्व कप अक्तूबर-नवंबर में आस्ट्रेलिया में खेला जाएगा। मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी आइपीएल में अच्छा प्रदर्शन रहने पर धोनी की वापसी के संकेत दिए थे। उनके वारिस माने जा रहे ऋषभ पंत के खराब फार्म के चलते केएल राहुल से विकेटकीपिंग कराई जा रही है जिससे धोनी की वापसी की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

**रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 37, अंक 114,** ***हवाई शुल्क:*** इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com